



# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, गुरुवार
26 जून 2025
वर्षः 38, अंकः 198
पृष्ठः 12, मूल्यः 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961


देश

पद की गरिमा घटाने वाले मोदी करते हैं आपातकाल की बातः कांग्रेस



हज़ारीबाग

हजारीबाग यूथ विंग प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक नैंसी सहाय से की शिष्टाचार भेंट



झारखंड

शहर के ब्राह्मण धर्मशाला सभागार में सेमिनार, प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित करके काला दिवस मनाया गया

## मॉर्निंग वॉक पर निकला टाइगर, ब्रेकफॉस्ट के लिए घर में घुसा तो पूरे गांव में मचा कोहराम



**संवाददाता द्वारा**

**रांचीः** राजधानी रांची से सटे सिल्ली प्रखंड स्थित मारदू गांव में बुधवार की सुबह अफरातफरी मच गई। यहां अचानक एक घर में बाघ घुस आया। गांव के लोगों ने एक बाघ जैसे बड़े जानवर को गांव में घुमते देखा। इसके थोड़ी ही देर बाद बाघ भोजन की तलाश में पुरंदर महतो के घर में घुस गया। बाघ के घर में घुसने के बाद पुरंदर महतो ने समझदारी दिखाई और घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। अच्छा संयोग ये रहा कि उस समय उस कमरे में कोई मौजूद नहीं था। इसके बाद तत्काल सिल्ली थाना पुलिस और वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। गांव के एक घर में बाघ घुसने की सूचना के बाद पुरंदर महतो के घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गांव में बाघ घुमने की सूचना के बाद मारदू गांव में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। गांव के कई लोगों ने बुधवार अहले सुबह बाघ जैसे जानवर को गांव में घुमते देखा था।

इसके बाद पुरंदर महतो के घर में उस जानवर के घुसने की सूचना से दहशत के हालात बन गए। बताया जा रहा है कि पुरंदर महतो बकरी को लेकर जैसे ही घर के बाहर निकले उनके घर के अंदर भोजन की तलाश में आया बाघ घुस गया। वन विभाग की टीम को सूचना देने के बाद अब बाघ को कमरे से बाहर निकालने की तैयारी हो रही है।

## 400 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांचीः** नशे के तस्करों के खिलाफ रांची पुलिस का ऑपरेशन लगातार जारी है. इसी क्रम में डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रांची के अरगोड़ा इलाके से 400 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो ड्रग्स पैडलर्स को गिरफ्तार किया गया है. डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि अरगोड़ा इलाके में कुछ नशे के तस्कर किराए के मकान में रह कर मादक पदार्थों का कारोबार कर रहे हैं. सूचना की पुष्टि होने के बाद सिटी एसपी के निर्देश पर हटिया डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. गठित टीम के द्वारा अरगोड़ा के अशोक कुंज स्थित कश्यप विहार में किराए के मकान में छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान मकान से दिनेश कुमार राम और शिवम कुमार को हिरासत में लिया गया. जब उनके कमरे की तलाशी ली गई तो, वहां से 400 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया. गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों के नाम का भी खुलासा किया है. तीनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है. रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि नशे के तत्वों के खिलाफ नो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर की पुड़िया बरामद की गई है. एसएसपी ने कहा कि गिरफ्तार तस्कर दिनेश का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है. एसएसपी ने कहा कि राउरकेला में भी उसे मादक पदार्थों की खरीद बिक्री की वजह से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था.

## एक दशक से फरार नक्सलियों और अपराधियों की तलाश!



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**पलामूः** एक दशक से अधिक समय से फरार नक्सली, अपराधी और विभिन्न तरह के मुकदमों के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है. यह अभियान 30 जून तक चलाया जाएगा. अभियान में अब तक 45 आरोपी पकड़े गए. सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्ट के द्वारा स्थाई वारंट या रेड वारंट जारी किया गया है. दरअसल, पलामू पुलिस ने अपराध और नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए इस तरह का अभियान शुरू किया है. 18 जून से शुरू हुए इस अभियान में पुलिस की स्पेशल टीम को लगाया गया है और सभी थाना को टारगेट दिया गया है. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन खुद इस अभियान की मॉनिटरिंग कर रही हैं. जबकि प्रतिदिन रिपोर्ट की समीक्षा भी की जा रही है. पुलिस ने कई नक्सलियों को भी टारगेट पर लिया है और उनके खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया है. एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि विशेष अभियान शुरू किया गया है. अभियान में सभी थाने को टारगेट और निर्देश जारी किया गया है. एसपी ने बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों के लिए स्थाई वारंट या रेड वारंट निकाला गया है. एक ड्राइव के तहत अभियान शुरू किया गया है. थाना में पेंडेंसी के हिसाब से टारगेट दिया गया है. 18 जून को अपराध की समीक्षा बैठक के बाद से प्रत्येक दिन के डाटा की समीक्षा की जा रही है. बता दें कि पलामू पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में 700 से अधिक फरार आरोपियों को टारगेट किया है. पुलिस गोपनीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर रही है. साथ ही साथ घर-घर में जाकर आरोपियों का सत्यापन भी कर रही है. कई मामलों में अपराधी एवं नक्सलियों की तलाश में पुलिस राज्य से बाहर भी छापेमारी कर रही है.

# 26 जून से पांच दिनों तक संथाल में रहेंगे झारखंड कांग्रेस के दिग्गज, प्रदेश अध्यक्ष ने भरी हुंकार

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांचीः** झारखंड की सियासत में संथाल परगना एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन गया है. पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता रघुवर दास और बाबूलाल मरांडी के संथाल में चौपाल लगाने और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के दौरे के बाद अब झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता 26 जून से पांच दिनों तक इस क्षेत्र में डेरा डालने जा रहे हैं.

संथाल परगना को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का गढ़ माना जाता है, लेकिन भाजपा ही नहीं बल्कि झामुमो की सहयोगी कांग्रेस भी इस क्षेत्र में अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की कवायद में जुट गए हैं. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव सहित सभी प्रदेशस्तरीय नेता 26 से 30 जून तक संथाल में रहेंगे. इस दौरान देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा और साहिबगंज में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे, साथ ही पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए जिला से पंचायत स्तर तक के पदाधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ बैठकें होंगी.




**कांग्रेस का दावाः संथाल में महागठबंधन अटूटः** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 26 से 30 जून तक संथाल परगना में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए भाजपा पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा के कई दिग्गज नेताओं ने संथाल में डेरा डाला था, लेकिन जनता ने उनका असर देख लिया. चाहे रघुवर दास आएं या बाबूलाल मरांडी, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा. संथाल में महागठबंधन मजबूत है और रहेगा. कमलेश ने बताया कि कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू 26 जून को विमान से देवघर पहुंचेंगे और उसी दिन से कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे.

**झामुमो का तंजः संथाल का प्यार हमारे साथः** संथाल परगना में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, भाजपा के लोग संथाल को छलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे सफल नहीं होंगे. संथाल की जनता झामुमो, शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन से प्यार करती है. कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों पर टिप्पणी करते हुए भट्टाचार्य ने कहा, जब तक कांग्रेस झामुमो के साथ है, तब तक संथाल की जनता कांग्रेस के साथ खड़ी रहेगी.

**शिबू सोरेन का स्वास्थ्य स्थिर :** झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया, गुरुजी (शिबू सोरेन) नियमित जांच के लिए अस्पताल गए थे, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया. अब उनके स्वास्थ्य में सुधार है. भट्टाचार्य ने कहा कि वे 26 जून को स्वयं दिल्ली जाएंगे.

**संथाल में सियासी जंग तेज :** संथाल परगना में सियासी हलचल उस समय और तेज हो गई, जब भाजपा और झामुमो के बाद कांग्रेस ने भी इस क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ाने का फैसला किया. झामुमो का दावा है कि संथाल उनकी परंपरागत जमीन है, जबकि भाजपा इसे भेदने की कोशिश में है. दूसरी ओर, कांग्रेस अपने सहयोगी झामुमो के साथ मिलकर इस क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दे रही है. आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए सभी दल संथाल की जनता को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते.

## मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के बेहतर संचालन के लिए कमेटी गठित





**बिशेष संवाददाता द्वारा**

**रांचीः** झारखंड में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के बेहतर संचालन के लिए अब एक कमेटी का गठन किया गया है. कमेटी में डीसी से लेकर सदर अस्पताल के डॉक्टर तक सदस्य हैं. साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस योजना के तहत गरीबों को कोई परेशानी न हो. साथ ही सदर अस्पताल में हर बुधवार को समीक्षा बैठक भी होगी.

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है. इस योजना का उद्देश्य राज्य के गरीब लोगों को बेहतर इलाज मुहैया कराना है. इस योजना का लाभ ऐसे व्यक्तियों को दिया जाता है. जिनकी सकल वार्षिक आय लगातार तीन वर्षों तक (आठ लाख) से कम है. सभी प्रकार के कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट, गंभीर लीवर रोग समेत 17 अन्य बीमारियों को इस योजना के तहत रखा गया है. योजना के तहत सभी को इलाज और मदद मिले. इसके लिए हर महीने के हर बुधवार को दोपहर 12 बजे सिविल सर्जन कार्यालय में कमेटी की बैठक होगी. इस बैठक में रांची के उपायुक्त ए.डी.एस.एस., स्थानीय विधायक/विधायक प्रतिनिधि, जिला कल्याण पदाधिकारी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, रांची, डॉ. रश्मि प्रसाद (वरीय चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, डॉ. एस. वास्के, चिकित्सा पदाधिकारी, सी.एस.एस. कार्यालय, रांची, डॉ. अजीत कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, डॉ. हिमालय झा, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, डॉ. स्टीफन खेस, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल भाग लेंगे.

# आपातकाल में संविधान को खत्म करने वाली थी कांग्रेसः बाबूलाल मरांडी

**संवाददाता द्वारा**

**गिरिडीहः** 25 जून 1975 को कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था. इंदिरा गांधी की सरकार के द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष हो चुके हैं. इस मौके पर भाजपा द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया. गिरिडीह के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सेमिनार आयोजित हुई. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आपातकाल की कहानी बताई.



बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बताया कि किस तरह अपने स्वार्थ के लिए कांग्रेस ने देश पर आपातकाल थोपा था, जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय है. उन्होंने कहा कि 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट का वह ऐतिहासिक फैसला, जिसमें इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध ठहरा दिया गया. साथ ही जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देशभर में सरकार विरोधी आंदोलन भी तेज हो गया था. इन परिस्थितियों से बचने और सत्ता पर बने रहने के लिए इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू किया था.

25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल घोषित किया था. यह आपातकाल संविधान के अनुच्छेद-352 के अंतर्गत लगाया गया था. जिसमें उन्होंने %आंतरिक अशांति% का हवाला दिया था. यह आपातकाल 21 महीने मार्च 1977 तक चला. इस दौरान सरकार द्वारा मौलिक अधिकारों को समाप्त कर दिया था. हजारों राजनेताओं और कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया था. प्रेस और मीडिया पर सेंसरशिप लागू कर दी गई. आम जनता की आवाज को दबा दिया गया और सरकार के विरोध को देशद्रोह कहा जाने लगा था.

कांग्रेस की नीति-नीयत पर सवाल ञ्बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए संविधान के साथ खिलवाड़ किया, आज उनके नेता राहुल गांधी संविधान खतरे में हैं जैसी बात कहते हैं. जबकि सच्चाई है कि मोदी के शासनकाल में संविधान की रक्षा हुई है. कांग्रेस जब सत्ता में थी तो किसी भी राज्य की सरकार (जहां दूसरे दल की सत्ता थी) को बर्खास्त करने का काम करती रही. लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में ऐसा नहीं हुआ.

जब मेला से भागने लगे लोग ञ्सेमिनार में बाबूलाल मरांडी ने आपातकाल के दौरान का एक वाक्या बताया. उन्होंने कहा %चैती दुर्गा का मेला देखने हम सब लोग गए थे, 1976 का वर्ष था, हमलोग चाय पी रहे थे, तभी मेला में पति-पत्नी के बीच कुछ हुआ तो शोर मच गया. पुलिस पहुंची और दंपती को ले गई. इसके बाद मेला में यह हल्ला हो गया कि पकड़-पकड़ कर लोगों को ऑपरेशन के लिए पुलिस ले जा रही है. इसके 10-15 मिनट में ही मेला में सन्नाटा हो गया कोई आदमी नहीं रहा. क्या भय का माहौल था, मौके पर हमलोग भी किनारे में सटक गए.

# 2014 से देश में चल रहा अघोषित आपातकाल, झामुमो ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

**संवाददाता द्वारा**

**रांचीः** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया था, आपातकाल के 50 साल पूरे हो गए हैं. आपातकाल के 50 साल पूरे होने के दिन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 50 साल पहले देश में लगाए गए आपातकाल का समय, कालखंड और परिस्थितियां सभी देशवासी जानते हैं, लेकिन 2014 से देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है और देशवासी आपातकाल के 11 साल का लंबा दौर देख रहे हैं.





प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीएम मोदी के 11 साल के कार्यकाल की तुलना अघोषित आपातकाल से करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 08 नवंबर 2016 को रात 08 बजे देश में नोटबंदी के नाम पर आर्थिक आपातकाल लगाया गया था. उस समय लोग दर-दर भटक रहे थे, बैंकों के सामने लंबी कतारें लगी हुई थीं, कई लोगों की जान चली गई लेकिन जिन उद्देश्यों के लिए नोटबंदी की गई थी, वह विफल हो गई.

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि नोटबंदी के तीन साल बाद मोदी सरकार ने किसानों के लिए आपातकाल लगा दिया जब राज्यसभा में बिना बहस के तीन कृषि कानून लागू कर दिए गए. इसके विरोध में 700 से अधिक किसानों ने अपनी जान गंवा दी. फिर जैसे 1977 में आपातकाल हटा लिया गया था, वैसे ही किसानों का कानून भी वापस ले लिया गया. सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश में वर्ष 2023 में संसद में आपातकाल लगाया गया, जब बिना किसी कारण के 95 से अधिक विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया.

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज गृह मंत्रालय की ओर से अजीबोगरीब तर्क देकर आपातकाल का आदेश जारी किया गया है. भाजपा के शासन को अमृतकाल बताया जा रहा है. देश किस ओर जा रहा है, यह सभी जानते हैं. पहलगाम का आतंकी आज तक पकड़ा नहीं गया. सांसदों की टीम दुनिया भर में गई और लोगों को पाकिस्तान की करतूतों से अवगत कराया, लेकिन संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया. सरकार ने कोरोना के समय में भी आपातकाल लगा दिया. जब हमें बिना किसी विवेचना के बंदी बना लिया जाता है. भाजपा का उद्देश्य केवल लोगों की आवाज को दबाना है.

उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट पर देश अपनी बात नहीं रख पा रहा है. हमारे नागरिकों को दूसरे देशों से अपमानित कर डिपोर्ट किया जा रहा है. देश आज एक विशेष तरह के आपातकाल का सामना कर रहा है. उन्होंने कहा कि 11 साल पहले अखबार छपते थे और फिर बेचे जाते थे. अब सरकार पहले अखबार खरीदती है और फिर छापती है.

# धनबाद में प्रिंस खान गिरोह का हाल देखिए, दो ह्वील चेयर पर तो 7 चल रहे थे लंगड़ी चाल

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**धनबाद।** पुलिस ने धनबाद में प्रिंस खान गिरोह के 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अलग-अलग जगहों से हुई है। पुलिस ने इनके पास से हथियार और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। अपराधियों को जेल भेजने से पहले अस्पताल और जेल तक परेड कराई गई। इन अपराधियों पर आरोप है कि ये धनबाद में बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। साथ ही इन्होंने व्यापारियों से रंगदारी भी वसूली थी।

**गुप्त सूचना पर कार्रवाई :** दरअसल, पुलिस को जानकारी मिली थी कि प्रिंस खान के गुर्गे शहर में सक्रिय हैं और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस एक्शन में आई और ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने प्रिंस खान गिरोह के 9 अपराधियों को धर दबोचा है। बताया जा रहा है कि ये अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे। पुलिस ने इनके पास से तीन पिस्टल, दो देसी कट्टा, 27 जिंदा



कारतूस, चार बाइक और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

**जेल भेजना से पहले परेड :** गिरफ्तार किए गए अपराधियों को जेल भेजने से पहले पुलिस ने एक खास परेड कराई। उन्हें सदर अस्पताल से लेकर धनबाद मंडल कारा तक ले जाया गया। इस दौरान सभी अपराधियों के चेहरे खुले हुए थे। दो अपराधी ह्वील चेयर पर थे, क्योंकि वे चलने में असमर्थ थे। बाकी अपराधी हथकड़ी में थे और लंगड़ाते हुए चल रहे थे। जब लोगों को पता चला कि ये सभी अपराधी हैं, तो उन्हें देखने के लिए भीड़ जमा हो गई।

**क्या बोले धनबाद एसएसपी :** धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रिंस खान के कई गुर्गे धनबाद में सक्रिय हैं। ये गुर्गे किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें बनाई गईं। इन टीमों को अलग-अलग स्थानों पर भेजा गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक के बाद एक नौ अपराधियों को पकड़ लिया।

**प्रिंस खान गिरोह के लिए काम :** पूछताछ में इन अपराधियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि वे सभी प्रिंस खान गिरोह के लिए काम करते हैं। उनके इशारे पर ही उन्होंने धनबाद के कई व्यापारियों से रंगदारी की रकम वसूली थी। अपराधियों ने पुलिस को यह भी बताया कि उन्होंने किन-किन लोगों से रंगदारी वसूली थी और वह रकम किस तरह प्रिंस खान तक पहुंचाई गई थी।

**गिरोह में शामिल कराने को टीम :** अपराधियों ने पुलिस को यह भी बताया कि प्रिंस खान दूसरे जिलों के अपराधियों से भी संपर्क करता है। वह उन्हें अपने गिरोह में शामिल होने के लिए प्रेरित करता है। इसके लिए उसने एक अलग टीम बना रखी है। यह टीम दूसरे जिलों के अपराधियों से संपर्क करती है और उन्हें घटनाओं को अंजाम देने के लिए उकसाती है। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि जल्द ही अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हजारीबाग में अपराधियों ने 2 लोगों को मारी गोली, 5 दिन में चौथी आपराधिक घटना

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**हजारीबागः** जिले में इन दिनों अपराधी बेलगाम हो गए हैं. हजारीबाग में पिछले चार दिनों के अंदर अपराधियों के द्वारा एक से बाद एक घटना को अंजाम देकर कानून व्यवस्था को चुनौती दे रही है. बुधवार को अपराधियों ने केरेडारी प्रखंड अंतर्गत सीकरी थाना क्षेत्र में दो लोगों को गोली मार दी है. दोनों व्यक्ति सूकर पालन का व्यवसाय करता था.

हजारीबाग के सीकरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरा पुल के समीप अज्ञात अपराधियों ने दो लोगों को निशाना बनाकर तीन राउंड फायरिंग की है. जिससे दोनों व्यक्ति घायल हो गए हैं. घायल व्यक्ति उरीमारी थाना क्षेत्र के लुनगा गांव निवासी कालेश्वर बेदिया और बैजू बेदिया है. घायल व्यक्ति बैजू बेदिया ने बताया कि बीजीआर कंपनी के कार्यालय से सूकर को खिलाने के लिए अपशिष्ट भोजन लेकर ऑटो वाहन से फॉर्म जा रहे थे. इसी दौरान तीन मोटरसाइकिल पर सवार 6 अज्ञात अपराधी पतरा पुल के समीप दनादन तीन राउंड फायरिंग की



और फरार हो गए.

उन्होंने बताया कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा 15 दिन पहले धमकियां दी गई थी और पांच लाख रुपए लेवी भी मांगा गया था. लेकिन इस बात को उन्होंने दरकिनार कर दिया था. इसके बाद ऐसी घटना घटी है. बता दें कि इस घटना से कुछ दिन पहले भी हजारीबाग में अपराधियों ने दिनदहाड़े एक जेवर दुकान में फायरिंग की थी. इसके अलावे बड़कागांव में 7 गाड़ी को आग के हवाले कर दिया था.

दोनों घायलों को सीकरी थाना पुलिस और परिजनों के द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल हजारीबाग लाया गया है. जहां इलाज चल रहा है. पूरे मामले का सत्यापन करते हुए सीकरी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर जांच कर रही है.

# भारत के शुभांशु की उड़ान, छूने चले आसमान

**25 जून 2025 तारीख भारत के लिए ऐतिहासिक हो गई है। अमेरिकी वाणिज्यिक स्पेस कंपनी- एक्सिओम अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के लिए अपना एक्सिओम-4 मिशन लॉन्च कर चुकी है। भारत के शुभांशु शुक्ल पायलट के तौर पर इस मिशन में शामिल हैं। 41 साल बाद भारत का कोई शख्स अंतरिक्ष यात्री बनेगा। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय थे। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर यह एक्सिओम-4 मिशन क्या है, जिसके जरिए भारत को दूसरा अंतरिक्ष यात्री मिलेगा? यह मिशन कब, कहां से और कैसे लॉन्च हुआ है? भारत के लिए इसके क्या मायने हैं? एक्सिओम मिशन के लिए चुने गए शुभांशु शुक्ल कौन हैं? किन उपलब्धियों के चलते उन्हें चुना गया? उनके अलावा कौन-कौन से अन्य बड़े चेहरे इस मिशन में शामिल हैं? आइये जानते हैं...**

## 41 साल बाद अंतरिक्ष में होगा कोई भारतीय

**कैसे आईएसएस के लिए भेजे जाएंगे अंतरिक्षयात्री? :** एक्सिओम-4 मिशन में शामिल अंतरिक्ष यात्री एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की तरफ से निर्मित ड्रैगन कैप्सूल में बैठाकर रवाना किए जाएंगे। इसे अंतरिक्ष तक पहुंचाने में भी स्पेसएक्स के फैल्कन 9 रॉकेट की सहायता ली जाएगी, जो कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी- नासा का अहम साझेदार बन चुका है। केप कैनेवरल से बुधवार दोपहर (भारतीय समयानुसार) लॉन्च होने के बाद फैल्कन 9 रॉकेट अंतरिक्ष में पहुंचकर ड्रैगन कैप्सूल से अलग हो जाएगा और अपनी गति के जरिए यह कैप्सूल स्वायत्त तौर पर आईएसएस तक पहुंच जाएगा। अगर स्थितियां सामान्य रहीं तो ड्रैगन कैप्सूल लॉन्च के करीब 28 घंटे बाद 26 जून को आईएसएस पर डॉक हो जाएगा।

**भारत के लिए अहम होने वाले इस मिशन को भेज कौन रहा है? :** एक्सिओम कंपनी को 2016 में नासा से जुड़े रहे दो पूर्व वैज्ञानिकों- माइकल टी. सफ्रेडिनी और कैम गैफेरियन ने ह्यूस्टन से शुरू किया था। इस कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में मिशन भेजने का लक्ष्य रखा। इसमें कुछ और निजी कंपनियों और नासा से मदद लेना शुरू किया। इस कंपनी ने कुछ समय बाद अपना एक्सिओम स्टेशन बनाने का भी लक्ष्य रखा है, जो कि आईएसएस के सेवानिवृत्त होने के बाद उसकी जगह ले सकेगा। एक्सिओम ने अपने स्पेस स्टेशन की लॉन्चिंग 2030 तक करने का लक्ष्य बनाया है। एक्सिओम इससे पहले तीन मिशन्स के जरिए अलग-अलग देशों के यात्रियों को अंतरिक्ष में पहुंचा चुका है। इनमें इस्राइल का पहला एस्ट्रोनॉट और सऊदी अरब का अंतरिक्ष यात्री शामिल है। इसके अलावा इस कंपनी ने यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिकी एजेंसी नासा के साथ कई अंतराष्ट्रीय मिशन्स को अंजाम दिया है।

**एक्सिओम मिशन क्या है और यह क्यों अहम? :** एक्सिओम-4 मिशन एक्सिओम कंपनी का चौथा मानव मिशन है। इसे नासा और स्पेसएक्स की मदद से अंजाम दिया जाएगा। इसके तहत एक्सिओम निजी, वाणिज्यिक स्पेसक्राफ्ट में चार अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस भेजेगा। अंतरिक्ष यात्री अपने लक्ष्यों के हिसाब से आईएसएस पर 60 से ज्यादा प्रयोग (एक्सपेरिमेंट) करेंगे। इन प्रयोगों के जरिए अंतरिक्ष के माहौल में इंसानों के शरीर पर पड़ने वाले असर, अंतरिक्ष में होने वाली खेती और पदार्थों से जुड़े विज्ञान (मैटेरियल साइंस) को समझने की कोशिश की जाएगी। एक्सिओम मिशन इस लिहाज से भी अहम है कि इससे सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग को सफलतापूर्वक दर्शाया जा सकता है। एक्सिओम-4 मिशन में जिन लोगों को आईएसएस पर भेजा जा रहा है, उनमें अमेरिका और भारत के अलावा पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री भी आईएसएस पर जा रहे हैं, जो कि कई दशकों में पहली बार हुआ है।



## एक्सिओम-4 मिशन पर जाने वाली टीम

**पेगी व्हिट्सनः** मिशन का नेतृत्व अमेरिका की पेगी व्हिट्सन कर रही हैं। पेगी नासा से जुड़ी रही हैं और अंतरिक्ष यात्री के तौर पर अपने एतिहासिक करियर में तीन लंबी अवधि की अंतरिक्ष उड़ानों में हिस्सा ले चुकी हैं। उन्होंने कुल मिलाकर अंतरिक्ष में 675 दिन बिताए हैं। इनमें 665 दिन वह नासा के मिशन्स के दौरान अंतरिक्ष में रहीं, जबकि एक्सिओम के दूसरे मिशन (एक्सिओम-2) के दौरान वे 10 दिन अंतरिक्ष में गुजार चुकी हैं। यह किसी भी अमेरिकी और महिला अंतरिक्ष यात्री के लिए अंतरिक्ष में रहने का रिकॉर्ड है। वे 10 बार आईएसएस से बाहर निकलकर स्पेसवॉक में भी हिस्सा ले चुकी हैं।


**शुभांशु शुक्ल :** भारत के शुभांशु शुक्ल वायुसेना में ग्रुप कैप्टन हैं। वे उत्तर प्रदेश के लखनऊसे आते हैं और पायलट हैं। उनके पास जैगुआर से लेकर सुखोई-30एमकेआई जैसे लड़ाकू विमानों को उड़ाने का 2000 घंटे का अनुभव है। शुभांशु को अंतरिक्ष भेजे जाने वाले भारत के पहले मानव मिशन गगनयान के लिए पहले ही चुना जा चुका है। एक्सिओम-4 मिशन के साथ ही शुभांशु शुक्ल 41 साल में अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। उनसे पहले सिर्फ राकेश शर्मा ही स्पेस में गए हैं। उन्हें तब रूस के सल्युत-7 स्पेसक्राफ्ट के जरिए आईएसएस पहुंचाया गया था।

**स्लावोज उज्ना स्की विज्निएवस्की :** पोलैंड को वैज्ञानिक और इंजीनियर स्लोवाज उज्ना को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) में अंतरिक्ष यात्री बनने के लिए 22,500 आवेदकों में से चुना गया था। वे 2022 की एस्ट्रोनॉट रिजर्व क्लास का हिस्सा हैं, जिससे उनका आईएसएस के लिए अगले मिशन और इसके आगे के लिए भी चुना जाना तय हो गया था। स्लावोज अंग्रेजी और फ्रेंच भाषा धाराप्रवाह बोल सकते हैं। वे रेडिएशन साइंस और हाई-एनर्जी फिजिक्स में विशेषज्ञ हैं। स्लावोज को मिशन विशेषज्ञ के तौर पर चुना गया है।

**टिबोर कापू :** हंगरी से आने वाले टिबोर कापू एक मैकेनिकल इंजीनियर हैं। वे भी स्लावोज की तरह मिशन विशेषज्ञ के तौर पर एक्सिओम-4 के साथ रवाना होंगे। कापू की स्कूल से अंतरिक्ष तक का सफर भी आश्चर्य पैदा करने वाला है। उन्हें स्कूल में एक कार्यक्रम के जरिए 247 आवेदकों में से चुना गया था। वे हंगरी के हंगैरियन टू ऑर्बिट प्रोग्राम का हिस्सा बने। इस कार्यक्रम का लक्ष्य अंतरिक्षयात्री को आईएसएस पर वैज्ञानिक टेस्ट्स और रिसर्च करने के लिए प्रशिक्षित करना था। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उन्हें एक्सिओम मिशन के लिए चुना गया।

# न्यायपालिका में होगा बदलाव सांसदों ने जजों के लिए कुछ खास नियम बनाने की मांग की

**नई दिल्ली :** संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय पर संसदीय स्थायी समिति की मंगलवार को मीटिंग हुई। मीटिंग में कई सांसदों ने उच्च न्यायपालिका की तरफ से आचार संहिता का पालन नहीं किए जाने पर चिंता जताई। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि बैठक का दो सूत्रीय एजेंडा उच्च न्यायपालिका के जजों और रिटायर्डमेंट के बाद कार्यभार संभालने वाले जजों के लिए आचार संहिता था।



**जस्टिस वर्मा पर क्यों नहीं हुई एफआईआर :** कई सांसदों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा का मुद्दा उठाया। सांसदों का कहना था कि दिल्ली हाईकोर्ट के जज के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान दिल्ली में उनके आवास से नकदी बरामद होने के बाद मामले में कोई एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई। पश्चिम बंगाल के एक सांसद ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नियुक्तियों में अनियमितताओं के कारण 2016 में सेवा में शामिल हुए 25,753 शिक्षकों और शिक्षण कर्मचारियों को बर्खास्त करने का उदाहरण दिया।


**सिर्फ कागजों में ही मौजूद आचार संहिता :** सांसद ने पूछा कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई और उन्हें दूसरे हाईकोर्ट में क्यों स्थानांतरित कर दिया गया। कुछ सदस्यों ने 'न्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथन' पर भी सवाल उठाए। यहां जजों के लिए 16 सूत्री आचार संहिता का भी जिक्रहुआ जिसे 1997 में सर्वोच्च न्यायालय की तरफ से अपनाया गया था। सदस्यों ने दुख जताया कि आचार संहिता केवल कागजों पर ही मौजूद है।

**रिटायरमेंट के बाद 5 साल कूलिंग ऑफ पीरियड :** जानकार लोगों के अनुसार, कुछ सदस्यों ने जजों के रिश्तेदारों के एक ही कोर्ट में प्रैक्टिस करने पर सवाल उठाए। एक सदस्य ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि जज और उनके नजदीकी रिश्तेदार एक ही घर में रहते हैं और बाद में एक ही कोर्ट में जाते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि सिर्फ रिश्तेदार के साथ एक ही कोर्ट में न होना ही काफी नहीं होना चाहिए। इस संबंध में सख्त दिशा-निर्देश लागू किए जाने चाहिए। इस संदर्भ में, कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया कि जजों के लिए रिटायरमेंट के बाद कम से कम पांच साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड शुरू किया जाना चाहिए।

# बंगाली बोलने वाले 300 लोगों को बांग्लादेशी बताकर राजस्थान में बनाया बंधक, सीएम ममता ने पीएम से की हस्तक्षेप की मांग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने राजस्थान की बीजेपी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 300-400 बंगाली बोलने वाले मजदूरों को बंधक बनाकर रखा गया है। ममता बनर्जी ने कहा कि रोजगार के लिए राजस्थान गए बंगाली नागरिकों के पास भारतीय दस्तावेज हैं, फिर भी उन्हें बांग्लादेशी बताया जा रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत को राजस्थान सरकार से इस मुद्दे पर बात करने का निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले पर ध्यान देने का आग्रह किया है। राजस्थान में बीजेपी की सरकार है। भजन लाल शर्मा राज्य के मुख्यमंत्री हैं।







**बंगाली बोलने वाले बांग्लादेशी नहीं :** ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि मुझे यह सुनकर दुख हुआ कि बंगाल से 300-400 बंगाली बोलने वाले प्रवासी मजदूरों को बीजेपी शासित राज्य राजस्थान में एक इमारत में बंधक बनाकर रखा गया है। बंगाली बोलने के कारण उन्हें बांग्लादेशी कहा जा रहा है, जबकि उनके पास भारत के वैध दस्तावेज हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बंगाली बोलने के कारण उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा, जबकि वे सभी भारतीय नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को शायद इस मामले की जानकारी नहीं है। मैं प्रधानमंत्री के ध्यान में यह लाना चाहती हूं कि हर बीजेपी शासित राज्य ऐसा कर रहा है।

**बंगाल में भी हैं 1.5 करोड़ प्रवासी मजदूर :** राजस्थान के विवारी में उत्तर दिनाजपुर के इटाहर में रहने वाले 300-400 लोग प्रवासी मजदूर के तौर पर काम कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की सीएम ने कहा कि पश्चिम बंगाल के 22 लाख प्रवासी मजदूर देश के विभिन्न राज्यों में काम करते हैं। जबकि बंगाल में दूसरे राज्यों से आए 1.5 करोड़ प्रवासी मजदूर हैं। हम कभी भी उनका अनादर नहीं करते हैं। उन्होंने सवाल किया कि बंगाली बोलने वाले मजदूरों का अन्य राज्यों में अनादर क्यों किया जाएगा? क्या बंगाली में बोलना अपराध है? अगर वे बंगाली में बोल रहे हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे बांग्लादेशी हैं। बांग्लादेशी भी बंगाली में बोलते हैं और एक खतरनाक खेल चल रहा है।

**बनर्जी ने दिलाई 1971 के समझौते की याद :** ममता बनर्जी ने स्पष्ट किया कि 1971 तक जो लोग भारत आए थे, वे पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और बंगबंधु मुजीबुर रहमान के बीच समझौते के अनुसार भारतीय नागरिक हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली और मध्य प्रदेश में भी इसी तरह की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने आरोपी लगाया कि बीजेपी भाषा के आधार पर राजनीति भी कर रही है। जो भी निर्माण श्रमिक के रूप में काम कर रहा है, उसे बांग्लादेशी कहा जाता है। इस बीच इटाहर के विधायक मोशाराफ हुसैन ने इकोनॉमिक टाइम्स को बताया कि उन्हें राजस्थान से मदद के लिए फोन आए हैं। वहां एक बिल्डिंग में बंद बंगाली मजदूरों को खाना दिया गया है लेकिन परिसर छोड़ने की अनुमति नहीं है।

# 148 साल में पहली बार! पांच शतक के बावजूद हारी टीम

**लीड्स :** भारत को इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह हार इसलिए चौंकाने वाला है क्योंकि भारतीय टीम ने दोनों पारियों में अच्छी बल्लेबाजी की थी और इंग्लिश टीम के सामने चुनौतपूर्ण लक्ष्य रखा था, लेकिन इंग्लैंड ने एक दिन में 350 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस टेस्ट में भारत के नाम कई अनचाहे रिकॉर्ड भी बने। क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। 148 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी टीम की ओर से एक टेस्ट में पांच शतक लगे और इसके बावजूद उस टीम को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले 1928-29 की एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेलबर्न टेस्ट में चार शतक लगे थे। उसी मैच में डॉन ब्रैडमैन ने अपना पहला टेस्ट शतक (112 रन) भी बनाया था, लेकिन फिर भी ऑस्ट्रेलियाई टीम को हार मिली थी। वहीं, विराट कोहली की तरह ऋषभ पंत के नाम भी एक अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। साल 2000 के बाद टेस्ट में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब किसी भारतीय बल्लेबाज ने एक मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया और भारतीय टीम वह मैच हार गई हो। पंत ने लीड्स की पहली पारी में 134 रन और दूसरी पारी में 118 रन बनाए। वहीं, 2014 में एडिलेड में विराट कोहली ने पहली पारी में 115 रन और दूसरी पारी में 141 रन बनाए थे। 371 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को इंग्लैंड के ओपनर्स ने ही बैकफुट पर धकेल दिया। बेन डकेट ने शतक लगाया, जबकि क्राउली ने अर्धशतक जड़ा। दिसंबर 2022 से डकेट टेस्ट में सबसे ज्यादा 50+ का स्कोर बनाने वाले ओपनर हैं। उन्होंने ऐसा 18 बार किया है। वहीं, यशस्वी जायसवाल 15 बार के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दरअसल, दिसंबर 2022 से इसलिए क्योंकि डकेट लंबे समय के लिए टीम से बाहर हुए थे और उनकी टीम में वापसी एक दिसंबर 2022 को हुई थी। इसके बाद से वह लगातार बड़ी पारियां खेल रहे हैं। डकेट ने टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। यह छह शतक उन्होंने दिसंबर 2022 में वापसी के बाद ही लगाए हैं। वह दिसंबर 2022 से टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले ओपनर भी हैं। इसके बाद पांच शतक के साथ यशस्वी जायसवाल हैं। डकेट और क्राउली के बीच 188 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई। साल 2022 से टेस्ट में इन दोनों ने सबसे ज्यादा चार बार शतकीय साझेदारी की है। उनकी और क्राउली की 188 रन की साझेदारी भारत के खिलाफ चौथी पारी में बेस्ट ओपनिंग साझेदारी है। इन दोनों ने 72 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले 1953 में वेस्टइंडीज के एलेन रे और जेफरे स्टोलमेयेर की ओपनिंग जोड़ी ने नाबाद 142 रन की साझेदारी की थी। इंग्लैंड ने 82 ओवर में 371 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया। उनका बैजबॉल फिर काम आया। लीड्स टेस्ट मैच में 1673 रन बनाए गए जो इंग्लैंड में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। लीड्स में कुल मिलाकर सात शतक दर्ज किए गए। भारत ने अकेले इस टेस्ट में 835 रन बनाए। यह हार में किसी टीम द्वारा बनाया गया चौथा सर्वाधिक रन है। शीर्ष चार में से तीन इंग्लैंड के खिलाफ ही आए हैं। यह केवल दूसरा मौका था, जब भारत ने टेस्ट में 350+ का लक्ष्य रखा और हार गया। दोनों बार इंग्लैंड ने रिकॉर्ड रन-चेज करके भारत को चौंकाया है। इससे पहले 2022 में भारत के खिलाफ बर्मिंघम में इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल किया था। तब इंग्लैंड की टीम सात विकेट से जीती थी। चौथी पारी में 350+ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 मौकों पर टीमें सफल हुई हैं। हेडिंग्ले एकमात्र ऐसी जगह है जहां तीन बार 350+ रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया गया है। 1948 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के 404 रन का लक्ष्य का आसानी से पीछा किया था। वहीं, 2019 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के 359 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। अब इंग्लैंड ने एक बार फिर कमाल किया।



**इंग्लैंड का 350+ रन चेज करते हुए रिकॉर्ड :** इंग्लैंड खुद तीन बार चौथी पारी में 350+ रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर चुका है। इस टीम ने जुलाई, 2022 में बर्मिंघम में भारत के 378 रन के लक्ष्य को तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया था। टीम ने 76.4 ओवर में ही यह स्कोर बना लिया था और 4.93 के रन रेट से रन बटोरे थे। हालांकि, तब टीम में बैजबॉल की नींव रखने वाले जॉनी बेयरस्टो हुआ करते थे। अब वह खराब फॉर्म की वजह से स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन इस बार क्राउली और डकेट ने कमाल की बल्लेबाजी की। वहीं, अगस्त, 2019 में इंग्लैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 359 रन के लक्ष्य को नौ विकेट गंवाकर हासिल किया था। हालांकि, लीड्स में ये रन बनाने में इंग्लैंड को 125.4 ओवर लग गए थे।

**इंग्लैंड में सबसे सफल लक्ष्य का पीछा :** ओवरऑल इंग्लैंड में सबसे सफल रन चेज की बात करें तो 1948 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 404 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। वहीं, 2022 में बर्मिंघम में इंग्लैंड का भारत के खिलाफ चेज इंग्लैंड में दूसरा सबसे सफल चेज है। भारत के खिलाफ इंग्लैंड का 371 रन चेज करना तीसरा सबसे सफल चेज है। वहीं, 2019 में लीड्स में इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 359 रन चेज करना चौथा सबसे सफल चेज है।

**भारत का कैसा है रिकॉर्ड? :** वहीं, भारत की बात करें तो टेस्ट में 350+ रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए टीम दो मैच हार चुकी है। टीम इंडिया अब तक कुल 60 मौकों पर 350+ रन के लक्ष्य का बचाव करने उतरी है। इसमें से 42 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं, जबकि 16 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। जो दो मुकाबले भारत हारा है, वह इंग्लैंड के खिलाफ ही आए हैं।

# सांसद मनीष जायसवाल की अनूठी पहल: सांसद तीर्थ दर्शन-2025 का 29 जून को होगा आगाज़, बुजुर्गों का सपना होगा साकार

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने एक अभूतपूर्व सांसद तीर्थ दर्शन-2025 योजना की शुरुआत कर क्षेत्र के बुजुर्गों और तीर्थयात्रा से वंचित लोगों को सम्मान और अवसर देने का फैसला किया है। यह आध्यात्मिक पहल न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे राज्य और देश भर में प्रशंसा बटोर रही है।








**29 जून को रवाना होंगे 180 तीर्थयात्री, तैयारियां ज़ोरों पर**

सांसद तीर्थ दर्शन-2025 अभियान का विधिवत शुभारंभ और पहले जत्थे की रवानगी आगामी 29 जून 2025 को हजारीबाग के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नृसिंह मंदिर प्रांगण से होगी। इस दिन 180 तीर्थयात्री अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकलेंगे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा के नेता-कार्यकर्ता, सांसद प्रतिनिधि और उनके समर्थक युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं।

सांसद जायसवाल स्वयं देश और राज्य के पार्टी नेताओं से मिलकर उन्हें निमंत्रण दे रहे हैं, वहीं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के शहर से लेकर गांव-कस्बे तक एक लाख से अधिक आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। उम्मीद है कि इस अवसर पर तीर्थयात्रियों के सम्मान में जनसैलाब उमड़ेगा ।

**सांसद प्रतिनिधियों ने किया स्थल निरीक्षण, तैयारी का लिया जायजा**

बुधवार को सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और इवेंट प्रबंधक सोनू कुमार ने नृसिंह स्थान मंदिर प्रांगण में बन रहे पंडाल के निर्माण कार्य का जायजा लिया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि यह योजना सांसद मनीष जायसवाल के सपने को साकार करेगी और क्षेत्र के उन लोगों को तीर्थ दर्शन कराएगी जो किसी कारणवश इस सुख से वंचित रह गए थे, जिससे उनके अरमान पूरे होंगे। लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल क्षेत्र के विकास के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के सम्मान का ध्यान रखते हैं। युवाओं के लिए खेल प्रतिस्पर्धाएं, जरूरतमंद कन्याओं के लिए सांसद सामूहिक विवाह उत्सव, निःशुल्क लहंगा वितरण जैसे कई कार्यों के बाद अब सांसद तीर्थ दर्शन - 2025 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में एक अमिट धरोहर साबित होने जा रहा है।

**पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल की अपील, इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का साक्षी जरूर बनें लोग**

हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने भी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस आध्यात्मिक कार्यक्रम के ऐतिहासिक क्षण का गवाह जरूर बने और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर तीर्थयात्रियों का हौसला बढ़ाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### एप्लीकेशन ऑफ मेटलैब इन टीचिंग एंड रिसर्च विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित







**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-USHA) के मल्टीडिसीप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (MERU) प्रोजेक्ट के तहत एप्लीकेशन ऑफ मेटलैब इन टीचिंग एंड रिसर्च विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 24 और 25 जून 2025 को विभावि संचालित यूसेट कैंपस में हुआ। विशेषज्ञ के रूप में एलमैक्स सिस्टम सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के श्री पिकान मजूमदार आए हुए थे। साथ ही साथ सेल्स मैनेजर श्री मिहिर कर्माकर एवं मैथवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के श्री प्रसून बनर्जी भी आए थे। कार्यशाला का प्रारंभ विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 चंद्र भूषण शर्मा के द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को नई तकनीक सीखने के पीछे के कारण को भी ढूंढने को कहा। सभी शोधार्थियों को अपने जीवन के दो बहुमूल्य दिन इस कार्यशाला में देने के बाद निश्चित तौर पर कुछ सीखने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने शोध कार्य को प्राथमिकता देने की बात की। स्वागत भाषण यूसेट निदेशक डॉ0 आशीष कुमार साहा ने किया। मंच संचालन अरुण कुमार मिश्रा ने किया।इस कार्यशाला में 70 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। मशीन लर्निंग का उपयोग अर्थशास्त्र, भौतिकी, बायोइंफॉर्मेटिक्स, इमेज प्रोसेसिंग तथा सेंसर नेटवर्क जैसे क्षेत्रों में कैसे किया जा सकता है? इस विषय पर विशेष जानकारी दी गई तथा प्रोग्रामिंग भी कराई गई।

### चुरचू प्रखंड कांग्रेस कमिटी का संगठन सृजन 2025 की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** संगठन सृजन 2025 के तहत चुरचू प्रखंड कांग्रेस कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक बहेरा पंचायत भवन मे आहूत की गई । बैठक की अध्यक्षता चुरचू प्रखंड कांग्रेस कमिटी के प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद आलम एवं बैठक का मंच संचालन नवनियुक्त उपाध्यक्ष चोलेश्वर महतो ने किया । इस बैठक के मुख्य अतिथि चुरचू प्रखंड के पर्यवेक्षक निसार खान मुख्य रूप से उपस्थित हुए । उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तथा पंचायतों मे जाकर प्रचार प्रसार कर इसका लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाना है । बैठक में नवनियुक्त प्रखंड पदाधिकारियों को प्रखंड के गण्यमान्य के द्वारा नियुक्ति पत्र बांटे गए। जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिए चोलेश्वर महतो, मोहम्मद आरीफ अंसारी, तथा महासचिव पद के लिए शहजाद हुसैन, बॉबी करीम, चन्द्र देव महतो, संजय कुमार, आशा मुनी टुड्डू, सुखराम टुड्डू, अनिल दास, धनंजय सिंह, विरन यादव को नवनियुक्ती पत्र देकर फूल मलाओं से सम्मानित किया गया । मौके पर प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक मुखिया देवकी महतो जिला महासचिव जय प्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, मुस्लिम अंसारी, नरायाण प्रसाद नायक, मुंतजीर अंसारी, अशोक तुरी, चरण देव महतो, जावेद अली,वार्ड सदस्य अजरूद्दीन अंसारी,आबिद अंसारी, बिनोद कुमार केशरी, भुनेश्वर तुरी,संजू कुमारी, तौहिद रजा के अतिरिक्त कई गणमान्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### अंबा प्रसाद ने बिजली व्यवस्था सुधारने हेतु डीवीसी के डायरेक्टर व जीएम से की मुलाकात

- डीवीसी अब केंद्र सरकार के इशारों पर काम करने वाली संस्था बनकर रह गई है: अंबा प्रसाद



**बड़कागांव संवाददाता**

**बड़कागांव।** कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव केरेडारी समेत हजारीबाग लोकसभा और चतरा जिले में अघोषित बिजली कटौती को लेकर रांची में डीवीसी के रेज़िडेंट डायरेक्टर एवं सीनियर जीएम (एनर्जी) संजय कुमार से मुलाकात किया। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने मुलाकात के संबंध में बताया कि हुई वार्ता में यह साफ़ प्रतीत हुआ कि डीवीसी अब केंद्र सरकार के इशारों पर काम करने वाली संस्था बनकर रह गई है। जिसकी वजह से राज्यहित की उपेक्षा हो रही है।

आगे कहा कि निरंतर प्रयासों से जिस 220/33 KVA पावर ग्रिड की आधारशिला राज्य के मुख्यमंत्री व मेरे द्वारा रखी गई थी। उसका निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। यही एकमात्र उपाय है जिससे बड़कागांव के साथ-साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र और चतरा ज़िले में बिजली की समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

आगे उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार की लापरवाही और राजनीतिक भेदभाव के चलते गैर-भाजपा शासित राज्यों में जानबूझकर बिजली संकट पैदा किया जा रहा है।

# विभावि में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित व्याख्यान का दूसरा दिन

- मातृभाषा का सम्मान हो: प्रोफेसर हीरामन तिवारी
- हजारीबाग लेक्चर सीरीज का होगा आयोजन: कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित दो दिवसीय व्याख्यान माला के दूसरे दिन मंगलवार को प्रो हीरामन तिवारी ने व्याख्यान देते हुए राम मनोहर लोहिया, रामचरितमानस एवं मातृभाषा के बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वह भारतीय ज्ञान परंपरा के कल के विषय को आगे बढ़ा रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-USHA) के मल्टी डिसीप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (MERU) प्रोजेक्ट के तहत किया गया। मंगलवार का व्याख्यान का प्रारंभ उन्होंने समाजवादी विचारक राम मनोहर लोहिया का निबंध, रामकृष्ण और शिव पर चर्चा के साथ किया। बताया कि जैसे पत्थरों और धातुओं पर इतिहास लिखा मिलता है वैसे ही इनकी कहानी लोगों के दिमागों पर अंकित है।

रामचरितमानस के विषय में चर्चा करते हुए प्रो तिवारी ने बताया कि इस पुस्तक का उनके हृदय के करीब होने का प्रमुख कारण है कि यह लोक भाषा अवधि का प्रयोग कर आम जनमानस तक राम की कथा को पहुंचाया है।

प्रो तिवारी ने कहा की शोध के लिए प्रश्न का होना आवश्यक है। जब मन में प्रश्न उठते हैं तो उसके उत्तर ढूंढने हेतु बहुत सारे स्रोतों के पीछे व्यक्ति भागता है, उन्हें पढ़ता है। कई सारे स्रोतों को जानने के बाद वह शोध के रूप में अपनी कृत्य को प्रस्तुत करता है।

पाश्चात्य सोच और भारतीय ज्ञान परंपरा के विषय में विस्तार से बताते हुए उन्होंने मेटाटेक्स्ट की चर्चा की। प्राचीन में माहात्म्य की भी चर्चा की। उन्होंने शोधार्थियों से आह्वान किया कि किसी विषय को चुनने से पहले इस प्रश्न को स्वयं से अवश्य पूछना चाहिए कि मैं इस विषय को क्यों चुन रहा हूं। मातृभाषा का सम्मान हो ऐसी अपेक्षा करते हुए, उन्होंने यह भी बताया की सभी भाषाएं अच्छी है। व्यक्ति को कोई भी भाषा पसंद आने लगती है जब व्यक्ति उसको सुनता है, समझता है और प्रयोग में लाता है। प्रो हीरामन तिवारी ने उदाहरण देते हुए ज्ञान के विस्तृत स्वरूप को समझाया। वाल्मीकि रामायण का जिक्र करते हुए उन्होंने फ्रेंच पक्षी की कथा भी बताइ।

विभावि कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने विश्वविद्यालय प्रो हीरामन तिवारी का धन्यवाद किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा पर भविष्य में आयोजित होने वाले हजारीबाग लेक्चर सीरीज के विषय में भी जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन यूसेट के प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं भिन्न विभाग के विद्यार्थी अच्छी संख्या में उपस्थित हुए।

### उग्रवादियों द्वारा जोराकाठ में आगजनी की वारदात से एनटीपीसी को लगा गहरा सगमा

- 35 करोड़ लागत राशि से हो रहा था एनटीपीसी का कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोड का निर्माण





**बड़कागांव संजय कुमार**

**बड़कागांव।** एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक माइनिग परियोजना को लेकर कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए जोराकाठ में तेजी से हो रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे सात वाहनों को, उग्रवादियों के द्वारा आग के हवाले कर देने से , एनटीपीसी को गहरा अघात लगा है। यह रोड निर्माण कार्य एनटीपीसी की 35 करोड़ रूपया लागत राशि, टेंडर के माध्यम से पूजा कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा था। सड़क निर्माण कार्य काफी तेजी से हो रहा था परंतु, वाहनों में आगजनी होने व रोड निर्माण कार्य में बाधा पहुंचने से एनटीपीसी को काफी नुकसान हुआ है। इस आगजनी में पूजा कंट्रक्शन के करोड़ों रुपए की वाहन जलकर नष्ट हो गए। रुके हुए सड़क निर्माण कार्य को तेजी से काम कराने के लिए अब कंस्ट्रक्शन के लिए यह बहुत बड़ी, चुनौती भरा कार्य होगा। सड़क निर्माण कार्य के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर संपूर्ण रूप से कंस्ट्रक्शन को सहयोग करने की अपेक्षा होगी। इस बाबत एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक महाप्रबंधक एके सक्सेना ने कहा कि घटना बहुत बड़ी हुई है, कंस्ट्रक्शन को भारी नुकसान भी हुआ है। हमलोगों का प्रयास होगा कि जल्द से जल्द पुनःसड़क निर्माण कार्य में तेजी से लाएं।

# विभावि में छात्र राजनीति को लेकर कुलपति के उदासीन रवैये पर एनएसयूआई ने जताया रोष

**स्पेशल जेनेरिक परीक्षा, हॉस्टल, बस सेवा और छात्रसंघ चुनाव जैसे मुद्दों पर वार्ता**



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा से मुलाकात की और विश्वविद्यालय से जुड़े छात्र-हित के विभिन्न मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति के समक्ष कई महत्वपूर्ण समस्याएं रखीं, जिनमें स्पेशल जेनेरिक पेपर की परीक्षा पुनः आयोजित कराना, बॉयज हॉस्टल और एसटी-एससी गर्ल्स हॉस्टल को खोलना, पिछले सात वर्षों से लंबित छात्र संघ चुनाव को शीघ्र कराना, विश्वविद्यालय परिसर की चरमराई हुई सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और वर्तमान निजी सुरक्षा एजेंसी को हटाकर नई एजेंसी नियुक्त करना, बंद पड़ी विश्वविद्यालय बस सेवा को फिर से शुरू करना, छात्रावास और मैस शुल्क में कटौती, अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक स्थायी सेमिनार हॉल की व्यवस्था, शैक्षणिक समितियों में छात्र प्रतिनिधियों को शामिल करना और डेमोक्रेसी वॉल की स्थापना शामिल हैं।

इस मौके पर छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि स्पेशल जेनेरिक परीक्षा को लेकर कई बार आवेदन दिए गए हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे छात्र मानसिक रूप से तनाव में हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है, हॉस्टल बंद हैं, बस सेवाएं बंद कर दी गई हैं, और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह असंतुलित हो चुकी है।

छात्र नेताओं ने छात्र राजनीति को लेकर कुलपति के उदासीन रवैये पर कड़ा एतराज़ जताया और कहा कि ÷यह धरती महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की धरती है, यह आंदोलन और संघर्ष की भूमि है। यहां के छात्र अपने अधिकारों के लिए हमेशा आवाज़ उठाते रहे हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र राजनीति और छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया तो एनएसयूआई को मजबूरन बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा।

वहीं एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि छात्रों की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई लगातार संघर्ष कर रही है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल रही है। कुलपति को स्पष्ट रूप से बता दिया गया है कि यदि जल्द ही सभी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगी।

प्रतिनिधिमंडल और कुलपति के बीच चर्चा के दौरान कुछ मुद्दों पर बहस भी हुई, लेकिन कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष, संकेत सुमन अमन अहमद, सचिन सक्सेना, आदर्श आनंद, गुलान, लवकुश पांडे एवं ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष जीवन यादव सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि संगठन छात्र हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी स्तर पर छात्रों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### रेड आर्मी क्लब ने राइजिंग क्लब को 1-0 से हराया, राजेश मुर्मू ने किया निर्णायक गोल



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के कर्जन मैदान में चल रहे ए डिवीजन फुटबॉल लीग मैच में बुधवार को एक रोमांचक मुकाबले में रेड आर्मी क्लब ने राइजिंग फुटबॉल क्लब को 1-0 से पराजित किया। रेड आर्मी की ओर से मैच का एकमात्र और निर्णायक गोल राजेश मुर्मू ने किया। मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका उमेश कुमार ने निभाई, जबकि सहायक रेफरी विकास दास और अशोक कुमार थे। मैच के आयोजन में हजारीबाग जिला के पुराने सदस्य, फुटबॉल खिलाड़ी, रेफरी एवं कोचों की अहम भूमिका रही। इस मौके पर फुटबॉल संघ के नजरुल हसन, भैया मुरारी, सरफराज अहमद, धनेश्वर, अभय पासवान, सुरेंद्र शुक्ला, परमेश्वर, सिकंदर यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। लीग के आगामी मैचों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# हजारीबाग यूथ विंग प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक नैंसी सहाय से की शिष्टाचार भेंट

**विकास और समाजसेवा पर नैंसी सहाय से हुई सार्थक चर्चा : चंद्र प्रकाश जैन**



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** हजारीबाग की पूर्व उपायुक्त एवं वर्तमान में नगरीय प्रशासन, नगर विकास एवं आवास विभाग की निदेशक नैंसी सहाय से हजारीबाग यूथ विंग के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनके रांची स्थित कार्यालय कक्ष में फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव रितेश खंडेलवाल एवं उपाध्यक्ष विकास तिवारी शामिल थे। यह भेंट मुख्य रूप से हजारीबाग जिले के सामाजिक, शैक्षणिक और समग्र विकास से जुड़े विषयों पर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से की गई थी। भेंट के आरंभ में निदेशक नैंसी सहाय ने आत्मीयता के साथ प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए सबसे पहले पूछा हजारीबाग कैसा है? उन्होंने कहा कि हजारीबाग की वादियां, वहाँ की शांत प्राकृतिक सुंदरता और वहां की जनता का अपनापन उन्हें आज भी विशेष रूप से याद आता है। उन्होंने अपने हजारीबाग कार्यकाल की कई मधुर स्मृतियों को साझा किया और बताया की वहां की कार्यसंस्कृति, जनता का सहयोग और पारदर्शिता उन्हें प्रेरणा देता है। वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग के कई विकास कार्यों की चर्चा की. साथ ही, हजारीबाग यूथ विंग द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे सामाजिक जागरूकता अभियानों, रक्तदान शिविरों, स्वास्थ्य जांच कार्यक्रमों एवं गरीब तबकों के उत्थान हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी निदेशक को दी गई। श्रीमती सहाय ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ समाज निर्माण में सहभागी होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को नीति निर्माण और स्थानीय समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की हजारीबाग में उनके कार्यकाल के दौरान जो विकास और पारदर्शिता की मिसाल उन्होंने कायम की, वह आज भी लोगों के दिलों में है। हमने सामाजिक सरोकारों और युवाओं की भूमिका को लेकर सार्थक चर्चा की, उम्मीद है भविष्य में भी उनका मार्गदर्शन हमें प्राप्त होता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मूसलाधार बारिश बनी आफत, दलित परिवार का घर ध्वस्त

- बेघर हुआ परिवार, जिला प्रशासन से मदद की गुहार
- डीलर को निर्देश तत्काल मुहैया करवाए राशनः एमओ



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के लेंजवा पंचायत के अकौना गांव के भुइंया टोली में मंगलवार देर रात मूसलाधार बारिश से एक गरीब दलित परिवार के लिए आफत बन गई है। इस भारी बारिश की वजह अकौना गांव के भुइयाटोली से एक गरीब दलित मजदूर का आशियाना (घर) पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं वही घर में रखे खाद्य पदार्थ भी बर्बाद हो गए है। जिससे परिवार के लोग बेघर हो गए हैं और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित मालती देवी पति अरविंद भारती ने बताया कि देर रात्रि घर के समीप ढाबा में सपरिवार सोए हुए तभी आचनक घर ध्वस्त हो गया घर में अनाज, कपड़ा, सहित जरूरी कागजात भी दब गए जिससे उनके समक्ष भूखमरी का स्थिती उत्पन्न हो गई हैं उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल राहत शिविर, खाद्यान्न और रहने की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है।

**पीड़ित को तत्काल मुहैया करवाएं राशनः एमओ**

इधर जानकारी मिलते ही हंटरगंज प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अर्जून प्रसाद ने तत्काल डीलर रिंकी देवी से राशन मुहैया करवाने की बात कही है।

### पीएम जनमन योजना के तहत बिरहोर टोला में विशेष शिविर का आयोजन

- धूमधाम के साथ बीडीओ मुखीया व बिरहोर परिवारों ने दिप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्धाटन किया



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड के धुना पँचायत अंतर्गत कटुआ बिरहोर टोला में पीएम जनमन योजना के तहत राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से आदिम जनजाति समुदाय को आच्छादित कर लाभान्वित करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा, मुखिया सोनी कुमारी कल्याण पदाधिकारी प्रभाकर जनसेवक बेलाल, डॉ. सुशीला तनवीर, सेवीका नमिता सिन्हा, शिक्षिका मालती कुमारी, जितेंद्र कुमार, संजय कुमार तिवारी, रंजीत कुमार, मनीष कुमार समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बिरहोर परिवारों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता, अबुवा आवास, पीएम किसान योजना, उज्ज्वला योजना समेत अन्य लाभ दिए गए।

### अचेत अवस्था में एक व्यक्ति मिला, इलाज के लिए हजारीबाग जाने के क्रम में हुई मौत



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**मयूरहंड (चतरा)।** करमा स्थित बाजार के समीप एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने थाना को इसकी सुचना दी जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर उस व्यक्ति को इलाज के लिए हजारीबाग भेजा। इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में ही वह व्यक्ति दम तोड़ दिया। जिसकी पहचान मेहशा निवासी सुरेंद्र यादव पिता वजीर यादव के रूप में हुयी। परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र का कुछ दिन से तबियत ठीक नहीं था घर से मंगलवार को ही निकला हुआ था। जिसे हम लोगों ने बहुत खोजबीन किया। जिसके बाद कुछ भी पता नहीं चल पाया। बुधवार को ग्रामीणों द्वारा पता चला की करमा बाजार के समीप पड़ा हुआ है। उसे इलाज के हजारीबाग ले जा रहे थे कि इसी बीच रास्ते में ही मौत हो गयी। शव को बुधवार शाम को ही अनजवां शमशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया, मुखअग्नि उनके पिता वजीर यादव ने दिया।

### प्रधानमंत्री शहरी योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर धूमधाम से मनाया गया



**झुमरीतिलैया।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत तिलैया बस्ती वार्ड नंबर 3 में नगर परिषद के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष पर उत्सव का आयोजन किया गया।जहाँ आरती देवी, चमनी देवी, कलावती देवी, सुमित्रा देवी लाभुकों के बीच केक काटकर एवं बच्चों के बीच मिठाईयां बांटकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का दसवां वर्षगांठ मनाया गया। PMAY-U कोषांग के प्रमुख निर्मल कुमार दास ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रारंभ किया गया था। जिसके 10 वर्ष पूरे होने पर आज धूमधाम से वर्षगांठ मनाया गया।कार्यक्रम में PMAY CLTC अश्विनी कुमार, पर्यवेक्षक बलराम कुशवाहा, दुलारचंद यादव, मुकेश राणा, उमेश कुमार, शुभम कुमार व आकाश कुमार उपस्थित थे।

# भाजपा जिला उपाध्यक्षा ने उपायुक्त एवं एसपी को जिला परिषद सदस्या इटखोरी के पति भरत साव पर कार्रवाई के लिए दिया पत्र



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** जिला प्रशासन जिले में अपराधियों और तस्करों के विरुद्ध एक ओर जहां मुहिम छेड़ रखी है, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दलों से जुड़े हुए लोग तानाशाही और अराजकता पूर्ण माहौल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विशेष रूप से जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि। ताजा मामला इटखोरी प्रखंड से है जो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इटखोरी प्रखंड के जिला परिषद सदस्या सरिता देवी के पति भरत साव पर इटखोरी के प्रखंड पदाधिकारी सोमनाथ बांकीरा के साथ गाली गलौज करने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता करने का आरोप लगाया है। इस संदर्भ में इटखोरी थाना में 19 जून को थाना कांड संख्या 87/25 के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी इटखोरी द्वारा प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी है। भाजपा जिला उपाध्यक्षा ऋषि बाला सिंह ने चतरा उपायुक्त और जिला पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा जिला उपाध्यक्षा ने जिला परिषद सदस्या सरिता देवी और उनके पति भरत साव के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्षा ऋषि बाला सिंह ने अपने आवेदन में बताया है कि जिला परिषद के पति भरत साव पूर्व से ही गंभीर आरोपों के आरोपी हैं। भरत साव पर जालसाजी, फर्जीवाड़ा जमीन का अवैध कब्जा तथा कोयला चोरी के मामले दर्ज हैं। ऋषि बाला सिंह ने बताया कि आपराधिक मामलों में जिला परिषद सदस्या के पति पूर्व में दो बार जेल भी जा चुके हैं। श्रीमती सिंह ने भरत साव पर जनप्रतिनिधि होने का धौंस दिखाकर प्रखंड कार्यालय कर्मियों को डराने धमकाने का भी आरोप लगाया। इन्होंने बताया कि भरत साव का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि इन्होंने गलत तरीके से जल संसाधन विभाग के बगल में अवस्थित सरकारी आईबी परिसर में अवैध निर्माण करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा जिला उपाध्यक्षा ने जिला प्रशासन से भरत साव को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। भाजपा नेत्री ने जिला परिषद सदस्या सरिता देवी पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए मत्स्य विभाग की कार्यशैली पर भी प्रश्न खड़ा किया है। श्रीमती सिंह ने मत्स्य विभाग को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि विभाग ने सारे नियमों की अनदेखी करते हुए प्रधानमंत्री संपदा योजना के तहत जिंदा मछली विक्रय केंद्र का आवंटन जिला परिषद सदस्या सरिता देवी को कर दिया गया। जिंदा मछली विक्रय केंद्र का गत 7 फरवरी 2025 को उद्घाटन किया गया था। श्रीमती सिंह का आरोप है कि उद्घाटन के बाद जिंदा मछली विक्रय केंद्र को खोला ही नहीं गया। जबकि इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य बेरोजगारों के लिए रोजगार का सृजन करने हेतु किया गया है, किंतु दुर्भाग्य से यह जनप्रतिनिधि के नाम से आवंटित कर दिया गया। अपने पत्र में भाजपा जिला उपाध्यक्षा ने पति-पत्नी की तानाशाही से प्रखंड को मुक्त कराने का आग्रह करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# विकलांग शोभा कुंअर सरकारी सिस्टम में रही पीस दाने दाने को मोहताज- रूचिर तिवारी

- भाकपा जिला सचिव ने पलामू उपायुक्त को लिखा पत्र हाथ एवं पर दोनों से विकलांग महिला को राशन सहित मिले सरकारी लाभ



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर हाथ एवं पैर दोनों से विकलांग विधवा महिला शोभा कुअंर पति स्वर्गीय राजेंद्र तुरी को राशन देने एवं अन्य सरकारी लाभ देने के संबंध में पत्र लिखा। उन्होंने पत्र में लिखा कि पांकी प्रखंड के ताल पंचायत अंतर्गत ग्राम औका निवासी शोभा कुंअर पति स्वर्गीय राजेंद्र तुरी हाथ और पैर दोनों से विकलांग है उसका हाथ में पांच उंगली में एक उंगली बिल्कुल कटा हुआ है जिसके चलते आधार कार्ड नहीं बना और सरकार के द्वारा मिलने वाला कोई भी लाभ राशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन आदि से महिला वंचित रही महिला के पति को गुजरने के बाद स्थिति और खराब हो गई और वह एक बच्चों के साथ दर-दर की ठोकरे खा रही है। जबकि वर्ष 2017 में सरकार के द्वारा जिन व्यक्ति को अंगूठा नहीं लग पा रहा है या आधार कार्ड नहीं बना है या वह काफी वृद्ध हो गया है वैसे व्यक्तियों को एक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वैकल्पिक रजिस्टर बनाकर राशन देना है लेकिन इस महिला के सामने सरकार का फरमान एवं सरकारी सिस्टम भी फेल है श्री तिवारी ने उपायुक्त पलामू से अभिलंब या मांग किया है कि महिला को तत्काल राशन की व्यवस्था कराई जाए एवं विकलांग पेंशन विधवा पेंशन एवं आधार कार्ड बनवाकर सारे सरकारी लाभ इस गरीब महिला को दिया जाए।

### मादक पदार्थों के विरुद्ध नाटक का मंचन

- नशा मुक्त समाज के लिए सभी को सकारात्मक पहल की जरूरत- प्रभारी प्राचार्य
- नशा शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान करता है- प्रो.मुन्नी देवी




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के विरुद्ध नाटक का मंचन कॉलेज के छात्राओं के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए समाज के सभी वर्गों को सामान जिम्मेदारी लेनी होगी। नशेड़ियों पर विशेष नजर बनाए रखने की जरूरत है। यदि कहीं उनसे नशा में मुलाकात हो तो समझाएं नहीं समझना पर प्रशासन को सूचित करें। नशामुक्ति भारत अभियान के नोडल पदाधिकारी प्रो. मुन्नी देवी ने कहा कि नशा शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान करता है। इसलिए महिलाओं का कर्तव्य की अपने परिवार पर पहली नजर रखें। नशा पर पैसे खर्च के बजाय अपने बच्चों के शिक्षा पर खर्च करें। जिससे पीढ़ी दर पीढ़ी बदल जाएगी। उक्त नुक्कड़ नाटक में के मंचन में पूजा कुमारी, शोभा कुमारी, रेहाना, प्रवीण, आरती कुमारी इत्यादि ने जागरूकता संबंधी शानदार नाटक का मंचन किया इस मौके पर प्रो.रोहित कुमार, विवेक कुमार, अंकित कुमार सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस नशा मुक्त जागरुकता अभियान का मंच संचालन प्रो. राज मोहन जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अमित कुमार ने किया।

# बालिका उच्च विद्यालय में अभिभावक एवं शिक्षक के बीच बैठक हुई संपन्न



**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखण्ड में संचालित स्थित परियोजना इन्दिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय बालूमाथ में अभिभावक एवं शिक्षक की बैठक पंकज कुमार की अध्यक्षता मे किया गया। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने कई ज्वलन्त समस्याओं पर चर्चा की। बैठक के पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर सभी अभिभावकों का स्वागत किया। विषय प्रवेश सह संचालन शिक्षक निर्मल सिन्हा ने किया। झारखंड माध्यमिक परीक्षा 2025 में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के पुराने भवन की स्थिति काफी जर्जर होने पर चिन्ता व्यक्त की गई और जीर्ण भवन को हटाने सम्बन्धित पत्राचार करने की बात कही गयी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भवन को अविलंब हटा दिया जाय अन्यथा कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। बैठक में प्रभारी चन्दन दास, निर्मल सिन्हा, विमला कच्छप, सुनीता देवी, रूपा कुमारी के अलावा अभिभावक पंकज कुमार, अरुण विस्वास, टुम्पा दत्ता, रेणु देवी समेत कई अभिभावक मौजूद रहे।

### बालूमाथ लैम्पस में सैकड़ों किसानो को धान का बीज वितरण किया गया



**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के लैम्पस में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा खरीफ फसल वर्ष 2025-26 के लिए दो सौ किसानों के बीच धान का बीज वितरण किया गया। जिसका उद्घाटन फीता काटकर किया गया। मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए बीडीओ सोमा उरांव,मुखिया नरेश लोहरा,लैम्पस सचिव अशोक कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से कहा कि किसान धान का बीज लेकर अच्छी फसल उगाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। किसानों को आधा दाम में बीज मिलने से फसल पैदवारी करने में आर्थिक रूप से सहूलियत मिलती है। इस मौके पर,खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रघुनंदन राम, उप मुखिया अमित गुप्ता,राजद नेता मनोज यादव, प्रभुदयाल उराव, बिनोद साव, सहित सैकड़ो किसान शामिल रहे।

# स्वच्छ ग्रामीण सर्वेक्षण के तहत प्रखंड कार्यालय इटखोरी में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ ग्रामीण सर्वेक्षण के तहत प्रखंड कार्यालय इटखोरी के सभा कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी जलसहिया को संबोधित करते हुए निर्देश दिया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात सभी लोग इसका प्रचार प्रसार करते हुए फीडबैक दिलाने का कार्य करेंगे। ताकि सरकार तक ग्राम की स्पष्ट वस्तुस्थिति पहुंचायी जा सके। इस कार्यक्रम के तहत ब्लॉक वाश समन्वयक श्री अरुण कुमार मिश्रा के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के पोर्टल पर ग्राम स्तर पर स्वच्छता से संबंधित पूछे जाने वाले सवालों के बारे में सभी मुखिया एवं जलसहिया दीदी को विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही सभी स्थानीय ग्रामीणों को इस ऐप के बारे में प्रचार प्रसार कर फीडबैक दिलाने का निर्देश दिया गया। इस ऐप के तहत ग्रामीणों द्वारा दिए जाने वाले फीडबैक के अनुसार आने वाले दिनों में केंद्रीय टीम द्वारा स्थलीय जांच कर जिले का मूल्यांकन करने के पश्चात ग्रेडिंग किया जाएगा।

इस कार्यशाला में इटखोरी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं सभी जलसहिया दीदी ने भाग लिया।

# पार्टी के ऑक्सीजन होते हैं कार्यकर्ता पार्टी विधायक और मंत्री बनाता है कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ किसी प्रकार समझौता नहीं होगा विधायक मंत्री कार्यकर्ताओं की भावनाओं का ख्याल रखें: बिट्टू पाठक



पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का आयोजन लेस्लीगंज नीलांबर पितांबरपुर में किया गया इस महत्वपूर्ण बैठक में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर पासवान मिट्ठू खान जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू डॉक्टर कृष्णकांत दुबे जिला सचिव नन्द किशोर मिश्रा उपस्थित हुए कार्यक्रम का शुरुआत उपस्थित अतिथियों को माला पहनकर किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि लेस्लीगंज में कांग्रेस की जड़े बहुत गहरी है लेकिन वर्तमान समय में आवश्यकता है अपने संगठन को मजबूत करना आगे उन्होंने कहा कि पार्टी के ऑक्सीजन होते हैं कार्यकर्ता पार्टी विधायक और मंत्री बनाता है कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ किसी प्रकार समझौता नहीं होगा विधायक मंत्री कार्यकर्ताओं की भावनाओं का ख्याल रखें।

जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर पासवान ने कहा कि देश का संविधान खतरे में है बीजेपी आरक्षण खत्म करना चाहती है आरएसएस और बीजेपी शुरू से संविधान के खिलाफ है वह मनु स्मृति लागू करना चाहते हैं कांग्रेस ऐसा कभी नहीं होने देगी कोषाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में पूरे जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन काफी मजबूत हो रहा है प्रखंड मंडल पंचायत बूथ तक संगठन का काम किया जा रहा है बैठक में निर्णय लिया गया कि

ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक की कमेटी को मजबूत किया गया पंचायत कमेटी में 12 सदस्य होंगे हर महीने पंचायत कमेटी की बैठक होगी और वहां लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी और अध्यक्ष को मनोनयन पत्र वितरण किया गया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, उपाध्यक्ष द्वारिका महतो हिदायतुल्लाह अंसारी महासचिव मोहम्मद ताशा रमेश महतो अभिमन्यु महतो भीम सिंह अरविंद कुमार मिश्रा ब्रजकिशोर राम अमित कुमार पासवान गंगा देवी प्रहलाद राम को बनाया गया कार्यक्रम में उपस्थित जिला वरीय उपाध्यक्ष तारकेश्वर पासवान वरिया कांग्रेसी डॉक्टर कृष्णकांत दुबे मिट्ठू खान नंदकिशोर मिश्रा कोषाध्यक्ष अजय साहू ने सभी पदाधिकारी को माला पहनकर स्वागत किया।

# हुसैनाबाद में शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से निकलेगा मोहर्रम का जुलूस, तैयारियां शुरू

**आदिवासी एक्सप्रेस/ लालू कुमार यादव**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद के खलीफा मोहल्ला स्थित जनाब सलाम खलीफा के आवास पर मोहर्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 7 जुलाई को मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजिया जुलूस की तैयारियों और व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि मोहर्रम का जुलूस खलीफा मोहल्ला से प्रारंभ होकर गांधी चौक तक जाएगा, जहां पर पारंपरिक शौर्य प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें तलवारबाज़ी, गड़ासा, भाला आदि युद्ध कलाओं का प्रदर्शन शामिल रहेगा, जो मोहर्रम की परंपराओं का हिस्सा है। गांधी चौक से जुलूस आगे बढ़ते हुए इमामबाड़ा की ओर प्रस्थान करेगा, जहां इसे शांतिपूर्वक समापन किया जाएगा।

बैठक में मोहर्रम कमेटी के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे जिनमें सदर मोहम्मद फैज कादरी, नाइब सदर साबिर अली, सेक्रेटरी अशफाक मंसूरी, नाइब सेक्रेटरी मोहम्मद दानिश इदरीसी, खजांची अकील अहमद, नाइब खजांची सलाम खलीफा, फहीम मंसूरी, अलीमुद्दीन मंसूरी, मुबारक खलीफा, खुर्शीद तथा अन्य कमेटी सदस्य भी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### अनुमंडलाधिकारी के निर्देश पर पारिवारिक विवाद में बंद गेट के ताला को खुलवाया गया

**● पुलिस सदलबल के साथ दण्डाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति दिखें कामदेव सिन्हा**



**आदिवासी एक्सप्रेस/कृष्णा गोस्वामी**

**देवघर।** पालोजोरी अंचल अंतर्गत असना मौजा के थाना न.438 खाता संख्या 23एवं 07 के दाग़ नंबर 510एवं511है ।जो कुल रकवा 0.66एवं0.59 एकड़ के जमीन पर हाता के गेट में लगे ताला को खुलवाया गया। बताया जाता है की यह एक पारिवारिक बंटवारा विवाद को लेकर परिवार के ही अन्य सदस्यों द्वारा बंटवारे को अस्वीकारते हुवे उक्त हाता वाले जमीन के गेट पर पर लगाया गया था। जिसको लेकर युसूफ अंसारी पिता स्वर्गीय गफूर मियां ने उक्त जमीन को अपने मालिकाना हक जताते हुवे विगत कुछ माह पूर्व न्यायालय का शरण ली। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुवे मधुपुर अनुमंडलाधिकारी के दिशा निर्देश पर पालोजोरी अंचलाधिकारी के द्वारा बुधवार को गेट का ताला खुलवाया गया। वहीं जिसमें दण्डाधिकारी के रूप में कामदेव सिन्हा को प्रतिनियुक्ति किया गया था। तथा पालोजोरी पुलिस सदलबल मौके पर पहुंचकर कार्य को अंजाम दिये।

### उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक आहूत की गई



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**

**पाकुड़-** बैठक में समितियों के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं विभिन्न बीमारियों से ग्रसित अनुसूचित जनजाति 11, अनुसूचित जाति 01 एवं 16 पिछड़ी जाति वर्ग एवं कुल 28 लाभुकों के आवेदन पत्रों की स्वीकृति दी गई।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य आरोग्य हेतु पौष्टिक आहार प्रदान करना है। इस योजना के तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा, जो विभिन्न बीमारियों और स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित है। इसके तहत व्यस्क लाभुकों को 3 से 5 हजार तक, अव्यस्क लाभुकों को 1500 से लेकर 2500 रुपये एवं कैंसर पीड़ित व्यस्क लाभुकों को 25 हजार रुपये एवं अव्यस्क लाभुक को 15 हजार तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसके लिए लाभार्थी वर्ग के लोगों को आवेदन करने के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों की आवश्यकता होती है।

इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल एवं एलडीएम समेत अन्य उपस्थित थे।

### उर्वरक विक्रेता के दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़** –जिला कृषि पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार व पणन सचिव संजय कच्छप एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेंब्रम के द्वारा उर्वरक विक्रेता के दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान दुकान में मूल्य तालिका, पॉश मशीन एवं भौतिक स्टॉक का मिलान एवं उर्वरक की बिक्री से संबंधित जांच की गई। उर्वरक विक्रेताओं को किसानों को पॉश मशीन से ही बिक्री करने एवं बिक्री से संबंधित पंजी अद्यतन रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पीएम-जनमन सह धरती आबा उत्कर्ष अभियान संतृप्ति शिविर में पात्र हितग्राहियों को मिला उनका हक

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय -महा अभियान (पीएम-जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लिट्टीपाड़ा प्रखंड के ग्राम पंचायत तालपहाड़ी के पंचायत सचिवालय में जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर' का आयोजन किया गया।



इस आयोजित शिविर में ग्राम दराजमाठ, डुमरिया,गांडो पहाड़ी और संग्रामपुर के ग्रामीण क्षेत्रों के जनजातीय हितग्राहियों को आधार कार्ड, -ई केवाईसी, राशन कार्ड , आयुषमान भारत कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र , मूल निवासी प्रमाण-पत्र , किसान क्रेडिट कार्ड, पी.एम-किसान, जनधन खाता, बीमा कवरेज, सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, रोजगार और आजीविका योजनाएँ पी.एम. विश्वकर्मा, मुद्रा ऋण, मनरेगा के साथ साथ सिकल सेल जाँच, स्वास्थ्य सेवाएं आदि के बारे में जागरूक करते हुए हितग्राहियो से आवेदन प्राप्त कर स्थानीय प्रशासन और विभागीय अधिकारियों और कर्मियों की सक्रिय भागीदारी से लाभ दिया गया ,मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि ग्राम स्तर कलस्टर स्तर पर समस्त जनजातीय परिवारों के पात्र हितग्राहियों में जन जागृति लाने और समस्त योजनाओं का लाभ दिलाना ही इस शिविर का उद्देश्य है ताकि पात्र व्यक्ति को उनका हक मिल सके।

शिविर में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य ठकरान सोरेन,ग्राम पंचायत तालपहाड़ी के मुखिया मीनू हांसदा, प्रभारी प्रखंड कल्याण /कृषि पदाधिकारी के.सी.दास,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश हांसदा, राजस्व उप निरीक्षक सुशांति मुर्मू ,पंचायत सचिव अमित कुमार महतो,रोजगार सेवक जाहिद अंसारी सहित पदाधिकारीगण कर्मी और ग्रामीण लाभुक उपस्थित थे।

## इंदरबनी +2 अनुसूचित जनजातीय आवासीय उच्च विद्यालय में बाल संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर संवेदनशील कार्यशाला आयोजित

**शिकारीपाड़ा/दुमका**

प्रवाह संस्था के द्वारा शिकारीपाड़ा प्रखण्ड के +2 अनुसूचित जनजातीय आवासीय उच्च विद्यालय, इंदरबनी में शिक्षकों के साथ बाल संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर संवेदनशील कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में पोकसों अधिनियम में परिभाषित यौन शोषण की विभिन्न परिभाषा, किशोर न्याय (बालकों का देखभाल और संरक्षण) अधिनियम-2015 के तहत देखभाल और संरक्षण के जरुरतमन्द बच्चों के लिए उपलब्ध सरकार की महत्वकाक्षी योजना और मौजूदा समर्थन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें मुख्यतः मिशन वात्सल्य के तहत स्पान्सर्शिप योजना, स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वावलंबन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना तथा सेवाओं में चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा, जिला बाल



संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रवाह के परियोजना समन्वयक प्रेम कुमार ने बताया की बाल यौन शोषण के मामले में पोकसों अधिनियम की धारा-19 के तहत मामले की रिपोर्ट करना अनिवार्य बनाया गया है। साथ ही यह कानून धारा-23 के अंतर्गत पीड़ित की पहचान उजागर करना मना करता हैं। ताकि बच्चें की गरिमा और गोपनीयता को बरकरार रखी जा सके। शिक्षकों के अलावा बच्चों को बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, नशाखोरी, बाल विवाह और अशिक्षा जैसे सामाजिक कुरीतियों के बारे में जागरूक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि बच्चों को नई नकनीक के दुनियाँ में खुद को सुरक्षित रखकर शिक्षित बनना है और दूसरों को भी शिक्षित करना है। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का निर्माण करके समाज के विकास में योगदान देता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा लेने की प्रेरणा दी। डिग्री कॉलेज सरसाजोल के प्राचार्य ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए बताया कि संथाल परगना अब पिछड़ा नहीं रहा। सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निष्ठा से कार्य कर रही है। गरीब व वंचित बच्चों के लिए कई प्रकार की योजनाएं लाकर उन्हें शिक्षा से जोड़ रही है। इसलिए आर्थिक अभाव में पढ़ाई बीच में नहीं छोड़ना है। अपने पढ़ाई को जारी रखते हुए महान बनना है। सरसाजोल डिग्री कॉलेज, शिकारीपाड़ा में वाणिज्य, कला और विज्ञान संकाय में नामांकन प्रारंभ हो गया है। अब आप अपने ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।

मौके पर डॉ0 सुबोध पाल, डॉ0 गोपाल कुमार साहा, डॉ0 मुलाश कुमार, बिमोली हेमब्रम, मारथा हाँसदा, करण मुर्मू, अनिल मुर्मू, विवेकानंद पाल, राजन कुमार, सैकड़ो बच्चे सहित गणमान्य शिक्षक मौजूद थे।

### आगामी जगन्नाथ रथ यात्रा को बेहतर संपादन कराने को लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़** – ऐतिहासिक जगन्नाथ रथ यात्रा के सुचारू और सुरक्षित आयोजन के लिए उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रशासक, नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, अग्निशामक पदाधिकारी, पाकुड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ बैठक कर व्यापक तैयारियां करने का निर्देश दिया। इसमें रथ मार्ग, भीड़ प्रबंधन, बिजली, चिकित्सा सुविधाएं और पेयजल व्यवस्था शामिल हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन को यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने और आयोजकों के साथ समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर किसी प्रकार की बाधा न हो और श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। जिला प्रशासन का लक्ष्य रथ मेला को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है।

### जल शक्ति मंत्रालय के स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल स्थान पाने के लिए प्रयासरत जिला प्रशासन

**● स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की सफलता को लेकर ग्रामीणों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील-डीसी**

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़** – प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण स्स्त-2025 का आयोजन जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भारत सरकार के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें ग्राम स्तर पर स्वतंत्र एजेंसी एकेडमी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज के द्वारा सर्वे किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एव अन्य विभाग के द्वारा ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, स्वच्छता एवं SLWM के तहत किये गये कार्यों तथा उसका उपयोग का अवलोकन किया जायेगा। SSG-2025 के तहत चयनित स्वतंत्र एजेंसी के द्वारा सर्वेक्षण का कार्य 01 जुलाई 2025 से अगस्त-2025 तक किया जाना है। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि SSG-2025 का सर्वे टीम आने से पूर्व ओडीएफ प्लस गांव जो वेरीफाइड हो चुके हैं उसमें सूखा कचरा एवं गीला कचरा प्रबंधन हेतु पंचायती राज, मनरेगा एवं एसबीएमजी की राशि से विभाग स्तर से बनाए गए अवयवों जैसे नाडेप सोख्ता गड्ढा ग्रामीणों द्वारा प्रयोग किया जाना कचरे को इधर-उधर ना फेंकना सूखा कचरा अलग गीला कचरा अलग करते हुए कचरा प्रबंधन करना माहवारी स्वच्छता प्रबंधन हेतु पंचायत स्तर पर बनाए गए भस्मक का इस्तेमाल करना मोबाइल ऐप के द्वारा नागरिक फीडबैक हेतु प्ले स्टोर से SBMSSG2025 मोबाइल ऐप डाउनलोड कर अपना प्रतिक्रिया व्यक्त करना एवं अन्य सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने हेतु अपील की गई। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण में जिला के बेहतर प्रदर्शन हेतु पाकुड़ जिला को बेहतर अंक दिलाने को लेकर सभी विभाग अधिकारियों से अपील की गई।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर फरार चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**

**हिरणपुर (पाकुड़)।** हिरणपुर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देखकर दुष्कर्म कर फरार चल रहे हैं आरोपी को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से हिरणपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को न्याय हिरासत में भेजा। इस संबंध में हिरणपुर थाना कांड संख्या 63/25 दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अताउल अंसारी निवासी सोलागड़िया, पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के रहने वाला बताया गया। जो युवती से रोंग नंबर के जरिए संपर्क में आया था धीरे-धीरे बातचीत का सिलसिला बड़ा और आरोपी ने व्यक्ति को प्रेम के चुगल में फंसा लिया इस



दौरान उसने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाएं लेकिन जब युवती ने विवाह की बात की तो आरोपियों ने बहाने बाजी शुरू कर दी और शादी से साफ-साफ इनकार कर फरार हो गया। मालूम हो कि इस संबंध में प्रीत युवती ने हिरणपुर थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाई आवेदन मिलते ही थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने गंभीरता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया। और विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें एस आई, सूर्य कुमार राम, ए ए स आई, गोविंद साहा, एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे, तकनीकी मदद के जरिए आरोपी का लोकेशन ट्रेस कर टीम सीधे पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी पहुंची और उसे धर दबोची। इस संबंध में हिरणपुर थाना प्रभारी ने साप संदेश उन आरोपियों को देते हुए बोला कि आरोपी अपराध करके कहीं भी छुप जाए कोई भी कोने में उसे धर दबोच ही लिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजनान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के योग्य लाभुकों का चयन कर उन्हें लाभ देने का दिया निर्देश

**● मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ योग्य लाभुकों को मिलें यह सभी की जिम्मेदारी**

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजनान्तर्गत ऋण हेतु प्राप्त आवेदनों में से योग्य लाभुकों के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अनुसूचित जनजाति में कुल-13 आवेदन में स्वीकृति प्रदान की गई एवं पिछड़ा वर्ग में कुल-13 आवेदन में स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही अल्पसंख्यक में 09 आवेदन में स्वीकृति प्रदान की गई।



# राजकीय श्रावणी मेला की सफल संचालन को लेकर झारखण्ड एवं बिहार इंटर स्टेट को-ओर्डिनेशन की बैठक का हुआ आयोजन

**आदिवासी एक्सप्रेस/ कुमार आस्तिक गिरि**

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के सफल संचालन के लिए सुल्तानगंज से देवघर तक श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा व सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था मिले तथा दोनों राज्यों के बीच कैसे को-ओर्डिनेशन मजबूत हो, इसके लिए झारखण्ड एवं बिहार इंटर स्टेट को-ओर्डिनेशन की बैठक का आयोजन संथाल परगना आयुक्त श्री लालचन्द डाडेल की अध्यक्षता में आज दिनांक 25.06.2025 को देवघर परिसदन के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा मौके पर उपस्थित संथाल परगना प्रमंडल व भागलपुर प्रमंडल के कमिशनर के अलावा बिहार व झारखण्ड के उपायुक्त, पुलिस अधिक्षक एवं आलाधिकारियों का स्वागत किया।

बैठक की शुरुआत उपायुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा,द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से श्रावणी मेला 2025 के सुरक्षित व सुगम सम्पन्न कराने हेतु किन किन बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रविवार व सोमवार को श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने पर कुमैठा तक जाने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में कतारबद्ध सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगमतापूर्वक जलार्पण कराने हेतु विभिन्न जगहों को चिन्हित करते हूए मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही सभी को निदेशित किया गया है कि सभी श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराए। साथ ही श्रद्धालुओं के विश्राम हेतु एवं उनके भीड़ को व्यवस्थित करने हेतु टेंट सिटी व होल्डिंग पॉइंट्स का निर्माण कराया गया है। जहाँ उनके विश्राम के साथ-साथ शौचालय, स्नानागर, पीने का पानी, स्वास्थ्य केंद्र व साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था किया गया है।

बैठक के दौरान संथाल परगना आयुक्त श्री लालचन्द डाडेल द्वारा बतलाया गया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य श्रावणी मेला, 2025 के सफल संचालन को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करना है, ताकि सुल्तानगंज से जल भरने के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा जिन-जिन स्थानों से होकर पैदल यात्रा की जाय, वहां श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। इसके लिए कांवरिया मार्ग में पड़ने वाले सभी जिलों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाय, ताकि श्रद्धालु सुगमतापूर्वक जलार्पण कर पायें और उन्हें किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। बैठक में संथाल परगना आयुक्त द्वारा आगे जानकारी दी गई कि श्रावणी मेला के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु देवघर व दुमका आते हैं। ऐसे मे श्रद्धालुओं को व्यवस्थित व सुगमतापूर्वक से जलार्पण कराना प्रशासन के लिए एक चुनौतिपूर्ण कार्य है। यहां आगन्तुक सभी श्रद्धालुओं के भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पूरे मेला क्षेत्र में कई होल्डिंग प्वाइंट बनाये गये हैं, जहां सभी मूलभूत सुविधाएँ यथा- बिजली, पंखा, शौचालय, मोबाईल चार्जिंग, स्वास्थ्य सुविधा, स्नानागार व पेयजल सुविधा आदि होंगी। संथाल परगना आयुक्त द्वारा आगे बतलाया गया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार सूचना तकनीकी को और भी सुदृढ़ किया जायेगा। आधुनिक सूचना तकनीकी व्हाट्स एप्प के साथ साथ बाबाधाम मोबाइल एप्प एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अधिक से अधिक दोनों राज्यो के अधिकारियों को जोड़ा जायेगा, ताकि सूचना मिलते हीं त्वरित कार्रवाई की जा सके। साथ हीं संथाल परगना आयुक्त द्वारा बतलाया गया कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान व भीड़ नियंत्रण हेतु भागलपुर, बांका के साथ आपसी समन्वय बनाकर कार्य किया जायेगा, ताकि उसके माध्यम से कांवरिया मार्ग के पल-पल की जानकारी का आदान-प्रदान होता रहे। आगे बैठक के दौरान बाहर से आने वाले छोटे बच्चें व बुर्जूग श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उनके साथ फोन नम्बर या उनका पता उनके साथ हो यह सुनिश्चित करने हेतु व्यापक रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करने की बात कही गयी, ताकि प्रशासन को ऐसे खोये हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने में सुविधा हो।

इसके अलावा बैठक के दौरान भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त द्वारा सभी को संबोधित करते हुए कहा गया कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से एवं सुचनाओं के आदान-प्रदान व भीड़ नियंत्रण हेतु भागलपुर, बांका एवं मुंगेर के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाये, ताकि उसके माध्यम से कावंरियां मार्ग के पल-पल की जानकारी का आदान-प्रदान लिया जा सके। साथ हीं अतर्राज्यीय सीमा के थानों से समन्वय किये जाने की बात बताते हुए श्रावणी मेला के दौरान सघन गस्ती एवं चेकनाका के माध्यम से सभी गतिविधियों पर नजर रखने की बात कही गयी। आगे उन्होंने दोनों राज्यों के अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा हेतु कार्य करने की बात कही गयी।

बैठक के दौरान उपायुक्त दुमका द्वारा बासुकीनाथ मेला से जुड़े विस्तृत जानकारी सभी को दी गयी। साथ हीं श्रावणी मेला के दौरान होने वाले विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा करते हुए आपसी समन्वय से मेला के सफल संचालन में योगदान करने की बात कही गयी। वहीं पूरे मेला के दौरान बिहार एवं झारखण्ड के आलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था कायम रखी जायेगी। समीक्षा के क्रम में भागलपुर, बांका के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने-अपने जिलों में चल रही तैयारियों के अलावा इंटरस्टेट बॉर्डर को-ओर्डिनेशन व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी।

इंटर स्टेट को-ओर्डिनेशन की बैठक के दौरान उपायुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा के आग्रह पर बिहार से आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों के छतों पर किसी भी सूरत में श्रद्धालुओं को न बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गयी। साथ ही उपायुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि देवघर में मेले में जो जलार्पण की व्यवस्था, रूटलाईनिंग मैनेजमेंट, स्वास्थ्य व्यवस्था, आवासन, पेयजल, शौचालय आदि सुविधाओं से सभी को अवगत कराया। आगे उन्होंने कहा कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से राज्य सरकार के निदेशानुसार वीआईपी पूजा की सुविधा नहीं रहेगी, ताकि आम श्रद्धालुओं को मेला के दौरान किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। साथ हीं उपायुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा राजकीय श्रावणी मेला के दौरान आगन्तुक श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुख-सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी विस्तृत जानकारी सभी को दी गयी। बैठक के दौरान विभिन्न बिन्दुओं के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। साथ हीं दोनों राज्यों में सुल्तानगंज से देवघर और सभी कांवरिया पथ पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगें। इसके अलावे दोनो राज्यों के संबंधित अधिकारी चौबिसों घंटे सम्पर्क में रहेंगें।

बैठक में उपरोक्त के अलावा पुलिस महानिरीक्षक भागलपुर, आरक्षी उप महानिरीक्षक भागलपुर, पुलिस उप महानिरीक्षक संथाल परगना दुमका, जिलाधिकारी भागलपुर, जिलाधिकारी बाँका उपायुक्त देवघर, उपायुक्त दुमका, आरक्षी अधीक्षक भागलपुर, आरक्षी अधीक्षक बांका, आरक्षी अधीक्षक मुंगेर, आरक्षी अधीक्षक मुंगेर, पुलिस अधीक्षक देवघर व दुमका, पुलिस अधीक्षक गोड्डा, पुलिस अधीक्षक भागलपुर, पुलिस अधीक्षक बांका, उप विकास आयुक्त देवघर, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर व मधुपुर, यातायात पुलिस उपाधीक्षक देवघर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता देवघर एवं संबंधित विभाग के विभिन्न अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# ट्रंप के दावों के बावजूद रुकेगा नहीं ईरान

## >> विचार

“ इराक में लगभग 2,500 अमेरिकी सैनिक हैं। 3 जनवरी, 2020 को ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के प्रतिशोध में अल-असद और एरबिल अमेरिकी बेस को ईरान ने निशाना बनाया था। वर्ष 2023 से ईरान समर्थित हौथी आतंकवादी समूह लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले कर रहे हैं, जिसमें अमेरिकी जहाजों पर हमले भी शामिल हैं। इराक में तेहरान समर्थित शिया मिलिशिया, हिजबुल्लाह अलग से एक्टिव हैं। तो क्या ट्रम्प के 'सीज़ फ़ायर' बोल भर देने से बंदूकें गरजनी बंद हो जायेंगी? इस सच से अमेरिकन्स और इस्राइली वाकिफ हैं कि अकेला ईरान है, जिसके 'हमास', 'हिज्बुल्लाह', 'इस्लामिक जिहाद' जैसे प्रॉक्सी मिलिटेंट्स, पूरे मिडल ईस्ट में पसरे हुए हैं।

**पुष्परंजन**

आप ईरान के ठिकानों पर कोऑर्डिनेटेड बमबारी करें, फिर घोषणा कर दें, कि इस्राइल-ईरान युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। यह अमेरिकी दादागिरी का दीगर रूप है। खुद की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, 'टुथ सोशल' पर डोनाल्ड ट्रम्प बोले, 'यदि ईरान के पास परमाणु हथियार है, तो आप शांति नहीं पा सकते।' ऐसे बोल-वचन इसलिए, ताकि पश्चिमी देश खुश हो जाएं। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई अपरिहार्य और नैतिक रूप से उचित साबित हो। ये वही ट्रम्प हैं, जो बात-बात पर परमाणु बम की धमकी देने वाले पाकिस्तान के सेना प्रमुख को व्हाइट हाउस में दावत देते हैं। लेकिन, तोताचश्म पाकिस्तान ने बयान दिया, कि हम ईरान के साथ खड़े हैं। अगर, परमाणु क्षमता का आकांक्षी ईरान शांति का दुश्मन है, तो अमेरिका के पास लगभग 5,244 परमाणु हथियार हैं, जो कि इस्राइल के अघोषित शस्त्रागार में अनुमानित संख्या से दस गुना अधिक हैं। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु अधिकरण (आईएइए) खुफिया के अनुसार, 'ईरान ने अभी तक परमाणु हथियार नहीं बनाया है।' ईरान परमाणु हथियारों के अप्रसार (एनपीटी) पर संधि का हस्ताक्षरकर्ता बना हुआ है। इजरायल नहीं है। अमेरिका के पास 100 से अधिक देशों में 800 से अधिक सैन्य अड्डे हैं। इसकी तुलना चीन से करें, जो पड़ोसी क्षेत्रों में केवल एक विदेशी सैन्य अड्डे रखता है, या रूस, जो लगभग बीस सैन्य अड्डों का प्रबंधन करता है। यह वैश्विक स्थिरता का संकेत नहीं है। यह एक साम्राज्यवादी ढब है। पूरी दुनिया का चौधरी बने रहने की लिप्सा। विदेश संबंध परिषद के अनुसार, 'इस समय मध्य पूर्व में कम से कम 19 अमेरिकी मिलिटरी बेस हैं। इनमें से आठ स्थायी सैन्य ठिकाने हैं।' बहरीन, मिस्त्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में बनाए अमेरिकी सैन्य ठिकाने हटवाने की हिम्मत वहां की कठपुतली सरकारें नहीं करतीं। अमेरिका ने पूरे मिडल ईस्ट में लगभग 40,000 सैनिक तैनात किये हैं। क़तर में 1996 में निर्मित अल उदीद एयरबेस मध्य पूर्व का सबसे बड़ा अमेरिकी सैन्य अड्डा है। यह



ईरान द्वारा लक्षित स्थलों में से एक था। इस बेस पर अमेरिकी सेंट्रल कमांड का क्षेत्रीय मुख्यालय है, जहां 11,000 से अधिक अमेरिकी और गठबंधन सेना के सदस्य रहते हैं। यहां जो कुछ ईरानी हमला हुआ, ट्रम्प ने उसका मखौल उड़ाया। बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े की तैनाती है, जिसमें लगभग 9,000 सैन्य कर्मी और नागरिक कर्मचारी शामिल हैं। इराक में लगभग 2,500 अमेरिकी सैनिक हैं। 3 जनवरी, 2020 को ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के प्रतिशोध में अल-असद और एरबिल अमेरिकी बेस को ईरान ने निशाना बनाया था। वर्ष 2023 से ईरान समर्थित हौथी आतंकवादी समूह लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले कर रहे हैं, जिसमें अमेरिकी जहाजों पर हमले भी शामिल हैं। इराक में तेहरान समर्थित शिया मिलिशिया, हिजबुल्लाह अलग से एक्टिव हैं। तो क्या ट्रम्प के 'सीज़ फ़ायर' बोल भर देने से बंदूकें गरजनी बंद हो जायेंगी? इस सच से अमेरिकन्स और इस्राइली वाकिफ हैं कि अकेला ईरान है, जिसके 'हमास', 'हिज़्बुल्लाह', 'इस्लामिक जिहाद' जैसे प्रॉक्सी मिलिटेंट्स, पूरे मिडल ईस्ट में पसरे हुए हैं। सऊदी अरब और यूएई जैसे प्रमुख 'स्विंग स्टेट' कूटनीतिक समाधान की कोशिश में हैं। सऊदी अरब, मिस्त्र, इराक, जॉर्डन सहित अधिकांश अरब राज्यों ने ईरान पर इस्राइल के हमलों की निंदा की है, ताकि तेहरान को इन पर भरोसा हो। ट्रम्प ने ऐसी प्रतिक्रिया सोची नहीं थी। युद्धविराम की तत्काल घोषणा की सबसे बड़ी वजह यह भी है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के प्रतिनिधि हुसैन शरीयतमादारी ने कट्टरपंथी कायहान अखबार से कहा, 'अब हमारी बारी है। हम बिना समय बर्बाद किए, अमेरिकी, ब्रिटिश, जर्मन और फ्रांसीसी जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह बंद करेंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य के बरास्ते, वैश्विक तेल और गैस का पांचवां हिस्सा दुनियाभर को सप्लाई होता है, यह यदि बंद हुआ, तो विकल्प क्या है? सबसे व्यवहार्य विकल्प सऊदी अरब के बरास्ते ईस्ट-वेस्ट पेट्रो पाइपलाइन है, जो लाल सागर तक तेल पहुंचा सकती है। अन्य विकल्पों में इराक पाइपलाइन (आईपीएसए) और ओमान की खाड़ी में फुजैराह से जोड़ने वाली पाइपलाइनें शामिल हैं। यूरोपीय नेताओं की भृकुटियां इससे तन गई हैं। उन्हें लगता है, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को गद्दी से उतार देना अंतिम उपाय है। दरअसल, अमेरिकी हमलों ने एक बार फिर से अयातुल्ला अली खामेनेई की जड़ों को मज़बूत कर दिया है। ईरान की नई पीढ़ी उनकी रूढ़िवादी और बुर्कापरस्त नीतियों का विरोध कर रही थी। जो युवा तेहरान की सड़कों पर सर्वोच्च नेता के खिलाफ मुट्ठी तानकर खड़े थे, वही चेहरे खामेनेई के समर्थन में खड़े हैं। बिना पब्लिक सपोर्ट के सत्ता परिवर्तन आसान नहीं है, इस सच को अमेरिकंस भी समझते हैं। यूरोपीय शक्तियां पहले ईरान के साथ यूरेनियम संवर्धन रोकने, अपने मिसाइल कार्यक्रम पर लगाम लगाने, और प्रॉक्सी समूहों को समर्थन देना बंद करने के लिए एक समझौते पर दबाव डाल रही थीं। लेकिन ईरान ने पूर्ण रोक को अस्वीकार कर दिया है, कि उसका संवर्धन शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। यूरोपीय-अमेरिकन नेता भूल जाते हैं, कि पुतिन और शी पूरी ख़ामोशी से इस घटनाक्रम को देख रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने क्रेमलिन में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से सोमवार को मुलाकात की, और अमेरिकी हमले की भर्त्सना की। उत्तर कोरिया ने भी लगे हाथ ईरान पर अमेरिकी हमले की निंदा की है, और इसे संप्रभु अधिकारों का उल्लंघन बताया। इसके मायने क्या निकलते हैं? उत्तर कोरिया, ईरान के मिसाइल कार्यक्रमों का अहम सहकार है। ट्रम्प को पता है, मास्को-चीन-उत्तर कोरिया धुरी ईरान में एक्टिव हो चुकी है। मार्च, 2023 में पेइचिंग समझौते के बाद से, सऊदी-ईरान संबंधों ने नए अध्याय में प्रवेश किया है। उभयपक्षीय भरोसे की वजह से सऊदी अरब में फंसे 70 हज़ार से अधिक ईरानी हज यात्रियों को किंगडम ने आश्रय, चिकित्सीय देखभाल, और परिवहन प्रदान किया। एक बात तो मानकर चलिए, मिडल-ईस्ट में कूटनीति निकट भविष्य के लिए मर चुकी है। अमेरिका-इस्राइल की कोशिश, सद्दाम हुसैन, कर्नल गद्दाफी की कहानी दोहराने की होगी। ट्रंप ने 17 जून को सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिये अयातुल्ला अली खामेनेई का नाम लेते हुए लिखा, 'हमें ठीक से पता है कि तथाकथित 'सर्वोच्च नेता' कहां छिपा है। वह एक आसान लक्ष्य है, लेकिन वहां सुरक्षित है हम उसे खत्म नहीं करने जा रहे हैं, कम से कम अभी तो नहीं।' आपने अफ़ग़ानिस्तान, इराक, लीबिया में नेता और सत्ता बदल तो दिया, लेकिन नव-स्थापित सरकारें अक्सर खुद को देश की समस्याओं को हल करने की चुनौती का सामना करने में असमर्थ पाती हैं। अफ़ग़ानिस्तान इसका ताज़ा उदाहरण है।

## संपादकीय

# बेटियां संवेदनशील

देशकाल-परिस्थितियों और बदलती जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर पर एक सूक्ष्म, लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव दृष्टिगोचर हो रहा है। यह बदलाव लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में आ रहे परिवर्तन का है। जैसा कि हाल ही में 'द इकनॉमिस्ट' द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। दुनियाभर में, अतिरिक्त पुरुष जन्म की संख्या- जो वर्ष 2000 में 1.7 मिलियन तक अधिक थी, साल 2025 तक लगभग दो लाख तक गिर गई है। निस्संदेह, यह प्रजनन विकल्पों में एक अप्रत्याशित बदलावों का संकेत है। यहां तक कि दक्षिण कोरिया और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या हैङ्क दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता के रूप में देखा जा सकता है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वह आर्थिक रूप से स्वावलंबी होती जा रही है। बल्कि कई देशों में तो महिलाओं की बैचलर डिग्री की संख्या तक पुरुषों की तुलना में अधिक है। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं। वहीं भारत में परिस्थितियां एक जटिल तसवीर प्रस्तुत करती हैं। यूं तो सदियों से भारत का समाज पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। हालांकि, अब आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि देश में शिशु लिंग अनुपात दर में सुधार हुआ है। लेकिन लिंग चयन के लिये किए जाने वाले गर्भपात पर शासन व प्रशासन की कानूनी सख्ती और जागरूकता अभियानों के बावजूद परंपरागत रूप से समाज में गहरी जड़ें जमाने वाला बेटा मोह अब भी प्राथमिकता बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5( 2019-21) का सर्वे चिंता बढ़ाने वाला है। सर्वे के अनुसार, लगभग 15 फीसदी भारतीय माता-पिता अभी भी बेटियों की तुलना में बेटों की आकांक्षा रखते हैं। यही वजह है कि हरियाणा,पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विषम शिशु लिंगानुपात चिंता का विषय बना हुआ है।

# कड़वाहट से मुक्ति के लिये सम्मानजनक अलगाव

**डॉ. सुधीर कुमार**

आज के बदलते सामाजिक परिवेश में, जहां रिश्ते जटिल होते जा रहे हैं, तलाक एक ऐसी सच्चाई है जिससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। भारत में तलाक की प्रक्रिया अक्सर लंबी, तनावपूर्ण और आरोप-प्रत्यारोप से भरी होती है। यह न केवल पति-पत्नी बल्कि उनके बच्चों और परिवारों के लिए भी भावनात्मक और आर्थिक बोझ बन जाती है। पारंपरिक तलाक कानूनों में, तलाक तभी दिया जाता है जब एक पक्ष दूसरे पक्ष पर 'गलती' (जैसे व्यभिचार, क्रूरता, परित्याग) साबित करे। इसमें अक्सर एक लंबी और थकाऊ कानूनी लड़ाई शामिल होती है, जिसमें दोनों पक्षों को एक-दूसरे पर आरोप लगाने पड़ते हैं, जिससे कड़वाहट और दुश्मनी बढ़ती है। इसके विपरीत, 'नो-फॉल्ट' तलाक में, तलाक के लिए किसी भी पक्ष को दूसरे की गलती साबित करने की आवश्यकता नहीं होती। उन्हें बेवफाई, क्रूरता या परित्याग जैसे विशिष्ट कारणों को साबित करने की आवश्यकता नहीं होती। यह इस सिद्धांत पर आधारित है कि यदि विवाह अपरिवर्तनीय रूप से टूट गया है और सुलह की कोई संभावना नहीं है, तो दोनों पक्षों को सम्मानपूर्वक अलग होने की अनुमति दी जानी चाहिए। इसका मुख्य आधार 'अपरिवर्तनीय रूप से टूट चुका विवाह' होता है। ऐसे में, विकसित देशों के अनुभवों से सीखना महत्वपूर्ण हो जाता है, जहां 'नो-फॉल्ट' तलाक एक सफल मॉडल साबित हुआ है। विकसित देशों जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया में 'नो-फॉल्ट' तलाक ने कई सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। सबसे पहले, इसने तलाक की प्रक्रिया को काफी सरल और तेज बना दिया है।



अदालती कार्यवाही कम होती है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। दूसरा, यह प्रक्रिया को कम विरोधी बनाता है। जब किसी एक पक्ष पर दोष नहीं लगाया जाता, तो कटुता और प्रतिशोध की भावना कम होती है, जिससे बच्चों के लिए बेहतर माहौल बनता है और भविष्य में सह-पालन की संभावना बढ़ जाती है। तीसरा, यह महिलाओं को सशक्त बनाता है। पारंपरिक तलाक कानूनों में अक्सर महिलाओं को अपनी स्थिति साबित करने के लिए अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ता था, लेकिन 'नो-फॉल्ट' तलाक उन्हें इस बोझ से मुक्त करता है। भारत में वर्तमान में तलाक के लिए विभिन्न आधार उपलब्ध हैं और हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत आपसी सहमति से तलाक (धारा 13 बी) शामिल हैं। आपसी सहमति से तलाक 'नो-फॉल्ट' सिद्धांत के करीब है, लेकिन इसमें भी कुछ शर्तें और प्रतीक्षा अवधि शामिल है। भारत में तलाक से संबंधित मौजूदा कानून, जैसे कि हिंदू विवाह अधिनियम, अभी भी काफी हद तक 'फॉल्ट-आधारित' है। जबकि आपसी सहमति से तलाक का प्रावधान है, यह तभी संभव है जब दोनों पक्ष सहमत हों और एक निश्चित अवधि तक अलग रह चुके हों। लेकिन अगर एक पक्ष तलाक नहीं चाहता, तो दूसरे पक्ष को क्रूरता, व्यभिचार, परित्याग या मानसिक बीमारी जैसे आधारों पर दोष साबित करना पड़ता है। यह प्रक्रिया अक्सर अपमानजनक और लंबी खींचने वाली होती है, जिससे दोनों पक्षों को मानसिक और भावनात्मक आघात पहुंचता है। शिल्पा शैलेश बनाम वरुण श्रीनिवासन (2023) का मामला भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ। इस महत्वपूर्ण मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 'अपरिवर्तनीय वैवाहिक विच्छेद' के आधार पर सीधे तलाक को मंजूरी दी। यह निर्णय इस मायने में उल्लेखनीय था कि यह ऐसे समय में आया जब तलाक के लिए कानून में 'अपरिवर्तनीय वैवाहिक विच्छेद' का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं था। सुप्रीम कोर्ट के इस कदम को 'नो-फॉल्ट' सिद्धांत की दिशा में एक बड़ा और प्रगतिशील कदम माना गया। इसका अर्थ यह है कि तलाक के लिए अब किसी भी पक्ष द्वारा विशेष दोष साबित करने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि केवल यह तथ्य कि विवाह पूरी तरह से टूट चुका है और उसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है, तलाक के लिए पर्याप्त आधार होगा। संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर पड़ने के साथ, व्यक्ति अधिक आत्मनिर्भर हो रहे हैं और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को महत्व दे रहे हैं। महिलाएं अब आर्थिक रूप से अधिक स्वतंत्र हैं और इसलिए वे ऐसे रिश्तों में बंधे रहने को तैयार नहीं हैं जो उन्हें खुश नहीं रखते। 'नो-फॉल्ट' तलाक इस तनाव को कम करने में मदद कर सकता है। जब माता-पिता आरोप-प्रत्यारोप में उलझे रहते हैं तो इसका सबसे बुरा असर बच्चों पर पड़ता है। एक आसान और कम तनावपूर्ण तलाक प्रक्रिया बच्चों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करती है। साथ ही, अदालतों पर बढ़ते मुकदमों का बोझ भी इस बात पर विचार करने के लिए मजबूर करता है कि क्या तलाक प्रक्रियाओं को सरल और कम तनावपूर्ण बनाया जा सकता है। 'नो-फॉल्ट' तलाक को पूरी तरह से अपनाने में कई चुनौतियां हैं। सबसे पहले, संपत्ति का बंटवारा और गुजारा भत्ता निष्पक्ष होना चाहिए, विशेषकर कमजोर पक्ष के लिए। दूसरा, बच्चों का कल्याण और उनकी परवरिश सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, जिसके लिए स्पष्ट दिशानिर्देशों की आवश्यकता है ताकि कोई भी पक्ष वंचित न रहे। तीसरा, भारतीय समाज में धार्मिक और सामाजिक मान्यताओं का गहरा प्रभाव है, इसलिए इन संवेदनशीलताओं का ध्यान रखना ज़रूरी है। अंत में, यह सुनिश्चित करना होगा कि 'नो-फॉल्ट' तलाक का दुरुपयोग न हो।

**(लेखक कुरुक्षेत्र वि.वि. के विधि विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं।)**

# फेक नैरेटिव के दौर में सिसकती इंसानियत

**क्षमा शर्मा**

इस्राइल-ईरान युद्ध के खात्मे का इंतजार दुनिया को था कि विश्व का दरोगा अमेरिका इसमें कूद पड़ा। दुनिया पहले ही रूस-यूक्रेन युद्ध से परेशान थी, इस बीच भारत-पाकिस्तान के बीच भी कुछ दिनों का युद्ध हो चुका था। अमेरिका का कहना है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम दुनिया के लिए खतरा है। ईरान पर बम बरसाने से पहले अमेरिका ने धमकी भी दी थी कि वह फौरन इसे रोके। यह बात बिल्कुल ठीक है कि परमाणु अस्त्र पूरी मानवता के लिए आफत की तरह हैं। जापान के हिरोशिमा-नागासाकी पर जो बम गिराए गए थे, उनकी विनाशक क्षमता आज के परमाणु हथियारों के मुकाबले बहुत कम थी। तब भी जापान ने इसे दशकों तक भुगता। आज तो ऐसे हथियार हैं, जो पल भर में दुनिया को खत्म कर सकते हैं। ऐसे में हे अमेरिकियों, जितने मारक हथियारों के जखीरे आपके पास हैं, दूसरे देशों को उपदेश देने से पहले, उन्हें नष्ट क्यों नहीं कर देते। क्या वे दुनिया के लिए खतरा नहीं हैंङ्क.या कि उसी तर्क पर चलते हो कि जबरा मारे और रोने भी न दे। जब अमेरिका के खिलाफ ये बातें की जा रही हैं, तब इसका मतलब यह कदापि नहीं है कि ईरान का पक्ष लिया जा रहा है। मानव अधिकारों के मामले में ईरान की स्थिति कोई अच्छी नहीं है। दशकों पहले जब ईरान के इस्लामिक आंदोलन ने शाह रजा पहलवी को खदेड़ दिया था और पेरिस में निर्वासित जीवन बिताने वाले खोमेनी को हाथो हाथ लिया था, तब की याद आती है। खोमेनी के पक्ष में वहां जो युवा शाह के खिलाफ आंदोलन चला रहे थे, उनमें से बहुत से खुद को इस्लामिक मार्क्ससिस्ट कहते थे। जब खोमेनी पेरिस से लौटे, तो उनकी कार को कंधे पर उठा लिया गया था। बाद में सबसे पहले खोमेनी ने इन्हीं इस्लामिक मार्क्ससिस्ट कहने वाले लोगों को सरेआम मौत के घाट उतरवाया था। शाह ने स्त्रियों को घर की चारदीवारी से निकाला था, उन्हें आत्मनिर्भरता की राह दिखाई थी, खोमेनी ने उन्हें वापस सदियों पहले की स्थिति में धकेल दिया। अब वहां स्त्रियां अपने आप कुछ नहीं कर सकतीं। न बैंक अकाउंट खोल सकती हैं, न बिना माता-पिता की लिखित अनुमति के पढ़ सकती हैं, न नौकरी कर सकती हैं। न शादी ही। सिर से हिजाब जरा-सा खिसका नहीं



कि आफत आई नहीं। अफगानिस्तान की तरह ही वहां भी स्त्रियों को मामूली मानव अधिकार नहीं हैं। इसे धर्म और हमारी संस्कृति कहकर रफा-दफा कर दिया जाता है। लेकिन अमेरिका जिसका ट्रेक रिकॉर्ड दुनिया भर के तानाशाहों को पालना-पोसना रहा है, वह मनमाने तरीके से मानव अधिकारों की व्याख्या करता है। चाहे डेमोक्रेट्स हों या रिपब्लिकंस, उनकी नजर सिर्फ अपने यहां पूंजीपतियों के हितों को देखने की होती है। मानव अधिकार आदि की बातें तो दुनिया को दिखाने के लिए होती हैं। इस सिलसिले में जान पर्किन्स की मशहूर पुस्तक 'कन्फेशन्स ऑफ़ ऐन इकोनॉमिक हिटमैन' पढ़ी जा सकती है। जान खुद इकोनामिक हिटमैन रहे हैं यानी कि दूसरे देशों में अमेरिकी पूंजीपतियों के हितों को हर हाल में संरक्षित करने वाले। फिर दूसरा देश अपने यहां क्या करना चाहता है, इसमें दखल देने वाले आप कौन हैं। अमेरिका अपने यहां कौन से हथियार विकसित कर रहा है, यदि किसी दूसरे देश को यह बात पसंद न आए तो क्या वह अमेरिका पर उसी तरह हमला कर दे, जैसे अमेरिका करता है। कल अगर भारत की सत्ता आपकी बात न माने, तो आप उस पर भी चढ़ दौड़ेंगे। ये बात अलग है कि कभी वियतनाम से पिटेंगे, तो कभी अफगानिस्तान से सिर पर पांव रखकर भागेंगे। आपको नब्बे का दशक याद होगा। अमेरिका, ईराक पर टूट पड़ा था। बहाना बनाया था कि ईराक के पास ऐसे रासायनिक हथियार हैं, जो विश्व को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि यह कभी प्रमाणित नहीं हो सका। लेकिन सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी गई। उनका वह चित्र छपा था, जिसे देखकर रोंगटे खड़े हो जाते थे। उनका सिर एक ओर पड़ा था और धड़ एक ओर। नब्बे के दशक में ही भारत में टेलीविजन घर-घर पहुंच चुका था। ईराक, अमेरिका की लड़ाई का पहली बार लाइव प्रसारण लोगों ने घर बैठकर देखा था और रोमांचित हुए थे। आज इक्कीसवीं सदी के पचीसवें वर्ष में इस्राइल, अमेरिका, ईरान युद्ध की तस्वीरें, लाइव प्रसारण भी खूब दिख रहे हैं। बीबीसी और न्यूयार्क टाइम्स ने बताया कि इस समय युद्ध के फेक वीडियोज और रील्स की बाढ़ आ गई है। इन्हें एआई द्वारा तैयार किया गया है। इन रील्स और वीडियोज को देखने वालों और फालोअर्स की संख्या करोड़ों में पहुंच रही है। इस फेक नैरेटिव से लड़ना वाकई मुश्किल काम है। इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय भी देखा गया था। किस तरह से पश्चिमी मीडिया ने भारत के खिलाफ फेक नैरेटिव तैयार किया था।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### बुधवार को फाउंडेशन डे सेलिब्रेशन जुबली के अवसर पर साइबर को लेकर ग्राहकों को जागरूक किया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** तालझारी भारतीय स्टेट बैंक लालमाटी ने बुधवार को फाउंडेशन डे सेलिब्रेशन जुबली के अवसर पर साइबर को लेकर ग्राहकों को जागरूक किया इस दौरान बैंक की ओर से खाता धारकों ने केक काट कर फाउंडेशन डे सेलिब्रेशन जुबली मनाया । शाखा प्रबंधक रत्नेश नारायण ने बताया कि जानकारी के अभाव में कई सारे लोग फर्जी इमेल एवं मैसेज को क्लिक कर देते हैं जो बाद में साइबर अपराधियों के चंगुल में आकर अपना काफी नुकसान कर लेते हैं। इसलिए किसी भी अनजाने मेल, कॉल या मैसेज से बचने की जरूरत है। क्योंकि, जब यूजर हैकर्स को अपनी निजी जानकारी दे देता है तो उन्हें उनके बैंक अकाउंट का एक्सेस हासिल करने में आसानी हो जाती है। बैंक अकाउंट खाली भी हो सकता है।बैंक कभी भी टेलीफोन पर किसी भी ग्राहक का व्यक्तिगत जानकारी कभी नहीं मांगती है। खाते से संबंधित जानकारी के लिये बैंक में आकर जानकारी हासिल करें। उन्होंने कहा कि बैंकिंग व्यवस्था के तहत ग्राहकों के लिए डिजिटल व्यवस्था की गयी है और इसके तहत दोनों प्लेटफार्म पर अपनी प्राथमिकता दे रही ।जो खाता धारक बैंक से लाने लिये वे समय पर जमा करें ताकि किसी प्रकार की परेशानी बैंक से ना हो पाये। इस अवसर पर आदित्य श्रीवास्तव ,डेविड मिंज, नवीन शीतल बाड़ा, अमित कुमार, नीतू कुमारी, सोना घोष, पिंकी देवी, प्रमोद मंडल, रंजीत कुमार दास सहित खाता धारक मौजूद थे।

### नगर थाना के समीप स्थित गांधी चौक के पास विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी एवं मोटर यान निरीक्षक के निर्देश पर बुधवार को नगर थाना के समीप स्थित गांधी चौक के पास विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों से मौके पर ही जुर्माना वसूला गया। उधर वाहन जांच अभियान को सफल बनाने के लिए नगर थाना की पुलिस टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। जहां चेकिंग के दौरान हेलमेट नहीं पहनने, बिना वैध कागजात के वाहन चलाने एवं अन्य नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्यवाही की गई। उधर जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील किया है कि वे ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें ताकि किसी भी तरह की कोई सड़क दुर्घटना न हो।

### चौकीदारों के लिए नियुक्ति पूर्व ब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** जिले में चौकीदार पद पर चयनित कुल 264 अभ्यर्थियों के लिए आज सिद्धो कान्हू सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण से पूर्व एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीसी हेमंत सती, एसपी अमित कुमार सिंह, अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा सुनीता किस्कू एवं सार्जेंट मेजर रोहित दुबे उपस्थित थे। डीसी हेमंत सती ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम एवं लगन के बाद यह अवसर प्राप्त हुआ है, इसलिए इस जिम्मेदारी को निष्ठा व अनुशासन के साथ निभाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सभी चयनित अभ्यर्थियों को 30 जून हूल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा एवं 01 जुलाई से उनकी विधिवत सेवा प्रारंभ होगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी चौकीदारों को उनकी योग्यता एवं प्राथमिकता के अनुसार विभिन्न स्थानों जैसे थाना, अंचल कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, पुलिस कार्यालय एवं जिला कलेक्ट्रेट में तैनाती दी जाएगी। जिन अभ्यर्थियों को कंप्यूटर एवं टाइपिंग का ज्ञान है, उन्हें ऑफिसों में विशेष रूप से उपयोग में लाया जाएगा। डीसी ने कहा कि सभी नवचयनित कर्मियों को दो महीने की गहन प्रशिक्षण दी जाएगी ताकि वे अपने कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपादित कर सकें। प्रशिक्षण उपरांत एक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे कार्य क्षमता का आकलन किया जा सके। एसपी अमित कुमार ने चौकीदारों की भूमिका को कानून व्यवस्था बनाए रखने की रीढ़ बताया। उन्होंने चौकीदारों से अपने कार्य में सजग, ईमानदार एवं सतर्क रहने की अपील की। साथ ही कहा कि चौकीदारों को पुलिस प्रशासन की एक आवश्यक कड़ी के रूप में देखा जाता है और उनका कार्य सीधे आम जनता से जुड़ा होता है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी चयनित अभ्यर्थियों को उनके आगामी दायित्वों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# शहर के ब्राह्मण धर्मशाला सभागार में सेमिनार, प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित करके काला दिवस मनाया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** आपातकाल लगने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल के नेतृत्व में बुधवार को शहर के ब्राह्मण धर्मशाला सभागार में सेमिनार, प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित करके काला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, कमल भगत सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित करके किया। वहीं सेमिनार में पूर्व सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र का हत्या किया, संविधान को ताख पर रखकर इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने, अपना राजनीतिक स्वार्थ के लिए आपातकाल लगवाया और प्रदर्शनकारियों, बेकसूरों, समाजसेवियों को सलाखों के पीछे किया। प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई थी। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश तिवारी ने कहा कि संविधान की रक्षा भाजपा करते है, भाजपा की सरकार में संविधान का रक्षा हुआ है। कांग्रेस ने तो लोकतंत्र की हत्या करके संविधान को ताख में रखकर आपातकाल लगाया था। आपातकाल के बाद छात्रों, विपक्षी दलों का संगठन बना, सरकार का विरोध किया। वहीं ध्रुव भगत सहित कई वक्ताओं ने अपना अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम में आपातकाल देखने वाले भगवान टिकड़ेवाल, रामदेघायल, राजेंद्र प्रसाद चौधरी, ध्रुव भगत, कमल कृष्ण भगत को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं आपातकाल का आंदोलनकारी ओम भरतीया, राधा राय राम, इकबाल शाह, कमल महावर थे। वहीं सभी ने प्रदर्शनी को देखा।मौके पर आपातकाल कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान शर्मा, जिलाध्यक्ष उज्जवल मंडल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश तिवारी, कमल भगत व धर्मेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष रामानंद शाह, नगर अध्यक्ष संजय पटेल महामंत्री गौतम यादव, मंत्री रामानंद चौरसिया, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश गौंड, अवधेश यादव, जयप्रकाश सिन्हा, कुंदन कुमार पासवान, मो अब्बास, जिला मंत्री चांदनी देवी, जितेंद्र स्वर्णकार, मनोज पासवान, सहित अन्य थे।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर वॉलीबॉल एवं साइक्लिंग का हुआ आयोजन

● **वॉलीबाल में + 2 बी. डी. उच्च विद्यालय, सकरीगली ने रॉयल लाइंस क्लब, झरना कालोनी, साहेबगंज को हराया**



**अजय कुमार कुशवाहा**
**आदिवासी एक्सप्रेस**
साहिबगंज वर्ष 2024 एवं 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रौशन करने वाले सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को 26 जून को सिध्दो-कान्हू सभागार में पूर्वाह 11:00 बजे से सम्मानित एवं ओलंपिक के मूल्यों पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।
पर्यटन, कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड, रांची के निदेश के आलोक में जिला खेल कार्यालय, साहेबगंज द्वारा साहेबगंज, जिला ओलंपिक संघ के सहयोग से ओलम्पिक के मूल्यों से अवगत कराने हेतु 23 जून को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खेल के प्रति जागरूक करने हेतु खेल के लिए 23 से 26 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज स्थानीय सिध्दो-कान्हू स्टेडियम में वॉलीबॉल मैच, साइक्लिंग का आयोजन किया गया। बालक वालीबॉल मैच आयोजित किया जिसमें में+2 बी डी उच्च विद्यालय सकरीगली विजेता एवं रॉयल लाइंस क्लब,झरना कालोनी, साहेबगंज उपविजेता बना।
सभी विजेता खिलाड़ियों को सिध्दो-कान्हू सभागार में 26 जून को पुरस्कृत किया जाएगा।
इस अवसर पर साहेबगंज जिला ओलंपिक संघ के सचिव माधव चंद्र घोष,जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव, अशोक कुमार, खेल शिक्षक आदित्य कुमार, जिला खेल कार्यालय के गौतम झा, सुरेंद्र कुमार, समा प्रवीण, गौरव झा, जिम ट्रेनर गौरव झा, मिथुन कुमार, प्रितम साह, एथलेटिक्स प्रशिक्षक निमाई चौधरी, प्रीतम साह, जिला साइक्लिंग संघ के श्रवण कुमार समेत आवासीय बालक एवं डे बोर्डिंग बालिका एथलेटिक्स, साहेबगंज, सकरीगली तथा खेलो इंडिया कुश्ती केंद्र के प्रशिक्षु खिलाड़ी समेत अन्य उपस्थित।

# आधार मोबाइल अपडेट हेतु जिले के सभी प्रखंडों में विशेष कैम्प का आयोजन



**अजय कुमार कुशवाहा**
**आदिवासी एक्सप्रेस**
साहिबगंज जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के धरती आभा जनभागीदारी अभियान तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जिले में व्यापक स्तर पर आधार मोबाइल अपडेट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान आगामी 16 जून 2025 से 11 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें जिले के कुल 162 पंचायतों को शामिल किया गया है।
इस अभियान के तहत जिले के 39 पंचायतों में प्रथम चरण में आधार में मोबाइल अपडेट हेतु विशेष कैम्प लगाए जा रहे हैं। प्रत्येक पंचायत में पाँच दिनों तक चलने वाला यह कैम्प समाज के अंतिम व्यक्ति तक आधार मोबाइल अपडेट की सुविधा पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से जनजातीय समुदायों एवं हाशिए पर रह रहे परिवारों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से प्राप्त कर सकें।
अभियान को सफल बनाने हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पोस्टल बैंक मैनेजर एवं जिला परियोजना पदाधिकारी, UIDAI की निगरानी में सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं पंचायत सचिव आपसी समन्वय स्थापित कर रहे हैं।
जिला प्रशासन की यह पहल 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत को साकार करती है तथा नागरिकों को डिजिटली सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# मोबाइल चोर गिरोह को पकड़ा गया एक बड़े सरगना का खुलासा जिला पुलिस ने किया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी की मोबाइल चोर गिरोह के एक बड़े सरगना का खुलासा जिला पुलिस ने किया है। जहां 25 जून 2025 को समय करीब सुबह 5:30 बजे एसपी अमित कुमार सिंह साहिबगंज के माध्यम से गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक लड़का जो चोरी का मोबाइल का बड़ा खेप लेकर बाबूपुर आया है और आज ही सारा मोबाइल बेचने के लिए बाहर कलियाचक परिचम बंगाल जाने वाला है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा सुबह करीब 7:00 बजे धमधमिया रेलवे स्टेशन के समीप छापामारी दल के द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग लगाया गया तथा चेकिंग के क्रम में एक व्यक्ति को 97 पीस चोरी के मोबाइल के साथ पकड़ा गया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए है। अभियुक्त विक्रम कुमार उम्र 24 वर्ष, पिता प्रभु प्रसाद कुशवाहा, ग्राम लालबथान, थाना तीनपहाड़ को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तीनपहाड़ थाना कांड संख्या 94/2025 एवं बीएनएस एक्ट 2023 दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। अभियुक्त को चिकित्सा जांच करने के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मौके पर छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल विमलेश कुमार त्रिपाठी, परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक साहिबगंज रूपक कुमार सिंह, पुनि श्यामलाल हांसदा राजमहल प्रभाग, पुअनि मृत्युंजय कुमार पांडे थाना प्रभारी तीनपहाड़, पुअनि नितेश कुमार पांडे थाना प्रभारी तालझारी, पुअनि महेंद्र कुमार तीनपहाड़ थाना, हवलदार संजय कुमार, आरक्षी 284 फिरोज खान शामिल थे।

## बिंदुवासिनी हाल्ट पर पैसेंजर ट्रेन के ठहराव की मंजूरी

**प्रिंस मिश्रा आदिवासी एक्सप्रेस**
बिंदुवासिनी हाल्ट स्टेशन पर अब पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने सोमवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब 27 जून 2025 से अगले तीन महीने (26 सितंबर 2025 तक) के लिए एक जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव बिंदुवासिनी हाल्ट पर होगा। रेलवे के अधिसूचना के अनुसार 53433 अजीमगंज - बरहरवा पैसेंजर ट्रेन सुबह 10:38 बजे आएगी और 10:39 बजे रवाना होगी। एवं 53434 बरहरवा - अजीमगंज पैसेंजर ट्रेन दोपहर 2:35 बजे आएगी और 2:36 बजे रवाना होगी। यह ठहराव फिलहाल तीन महीने के लिए अस्थायी रूप से दिया गया है।
**रेलवे विभाग द्वारा जारी अधिसूचना**
बिंदुवासिनी हाल्ट संघर्ष समिति के सदस्य आलमगीर अंसारी ने कहा, हमारी मेहनत रंग लाई है। संघर्ष समिति के सभी साथियों को दिल से धन्यवाद। काफी लंबे समय से हम लोग इसके लिए लड़ रहे थे। अब मंजिल मिल गई है। सभी यात्रियों और जनता से अनुरोध है कि बिना टिकट यात्रा न करें। अगर टिकट बिक्री नहीं हुई तो तीन महीने के बाद यह ठहराव हटा दिया जाएगा।
उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि टिकट लेकर यात्रा करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें ताकि यह ठहराव स्थायी हो सके।
**लगातार संघर्षरत रहे संघर्ष समिति**
विदित हो कि कोरोना काल के बाद कई ट्रेनों के परिचालन के बंद होने और स्टॉपेज हटने को लेकर बिंदुवासिनी हाल्ट संघर्ष समिति लगातार आंदोलनरत थे।

### साहिबगंज रेलवे स्टेशन समेत रेल सुरक्षा से संबंधित जायजा लिया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** मालदा मंडल के एडीआरएम शिव कुमार प्रसाद समेत कई रेल के अधिकारियों ने बुधवार को साहिबगंज रेलवे स्टेशन समेत रेल सुरक्षा से संबंधित जायजा लिया। उन्होंने लोको शेड स्थित दुर्घटना सहायता यान (एआरटी) का निरीक्षण करते हुए मौजूद सभी उपकरण के बारे में रेल कर्मियों से पूछताछ की है। साथ ही दुर्घटना सहायता यान का जायजा लेते हुए कर्मियों को कई निर्देश दिए है। उन्होंने दुर्घटना के समय कर्मियों की सेवा संबंधित कई टिप्स दिए है। इसके बाद संयुक्त क्रू लॉबी का भी जायजा लिया है। इधर एडीआरएम ने अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य का भी जायजा लेते हुए अविलंब कार्य पूरा करने का निर्देश दिए है। मौके पर सीनियर डीइन, रेलवे स्टेशन प्रबंधक हर्षराज पाठक आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक हुए घायल, पुलिस जांच में जुटी



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत घाटी में सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए दोनों घायल को एंबुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया बताया जा रहा है कि,दोनों युवक बाइक में सवार होकर बोरियों के तरफ से बाइक में सवार होकर साहिबगंज की ओर आ रहा था.उसी दौरान दोनों युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा नगर कुलीपाड़ा निवासी सिद्धार्थ कुमार राम 28 वर्ष है 7व जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर निवासी सचिन यादव 24 वर्षीय है 7 दोनों युवक एक बाइक पर सुजुकी जिक्सर बाइक संख्या JH 18 H 47 75 पर सवार होकर बोरियों के तरफ से आ रहा था. इस बीच साहिबगंज आने के क्रम में जिलेबिया घाटी के पास बाइक और नियंत्रित होकर पलट गया जिसमें दोनों युवक घायल हो गया. दोनों घायल को सदर अस्पताल लाया गया अस्पताल में चिकित्सक ऋतुराज के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया।


### डी0सी0सी0/डी0एल0आर0सी0 की बैठक संपन्न



**अजय कुमार कुशवाहा आदिवासी एक्सप्रेस**
उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में चतुर्थ तिमाही की डी0सी0सी0/डी0एल0आर0सी0 की बैठक की गई। साहिबगंज बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की चतुर्थ त्रैमासिक मार्च 2025 में साहेबगंज जिले की CD Ratio पिछले तिमाही की CD Ratio 39.76% से घटकर 38.74% हुई है जो असंतोष जनक है, RBI के निर्देशानुसार CD Ratio कम से कम 40% होना चाहिए। BOI बैंक का 19.16% से बढ़कर 20.49%, AXIS बैंक का 58.01% से बढ़कर 59.68%, HDFC बैंक का 72.77% से बढ़कर 86.37%, INDIAN बैंक का 19.40% से बढ़कर 19.49%, SBI बैंक का 35.13% से घटकर 33.28%, CANARA बैंक का 39.21% से घटकर 37.87%, BOB बैंक का 44.75% से घटकर 42.83%, JRGB बैंक का 52.35% से घटकर 51.75%, ICICI बैंक का 99.03% से घटकर 93.53%, Bandhan बैंक का 116.87% से घटकर 100.02% हुई है IDBI बैंक का 91.65 से घटकर 82.15%, IOB बैंक का 41.84% से घटकर 39.74%, JSCBL बैंक का 29.00% से घटकर 26.98% हुई है, तथा पिछली तिमाही की तुलना में इस तिमाही में CD Ratio में CBI का 9.44% से बढ़कर 10.24%, UBI का 14.97% से बढ़कर 15.20%, BOI का 19.16% से बढ़कर 20.49% हुई जो 2% से कम की बढ़ोतरी हुई है।
वित्तीय वर्ष 2024-25 की चतुर्थ तिमाही मार्च 2025 में वार्षिक साख योजना के तहत कुल कृषि ऋण के क्षेत्र में मात्र 50.55%, MSME में 100.49% अन्य प्राथमिक क्षेत्र में 45.12%, कुल प्राथमिक क्षेत्र में 62.74% गैर प्राथमिक क्षेत्र में 105.06% जबकि कुल ऋण में उपलब्धि 73.37% रही, तथा पिछली तिमाही की तुलना मे इस तिमाही ACP कृषि क्षेत्र मे Indian Bank का 21.31% से बढ़कर 41.86%, IOB का 37.95% बढ़कर 171.66%, IDFC Bank का 32.80% से बढ़कर 45.06%, Bandhan Bank का 40.87% से बढ़कर 53.62%, JRGB बैंक का 38.76% से बढ़कर 50.18%, JSCB का 35.91% से बढ़कर 47.89%, UBI का 41.17% से बढ़कर 52.25%, ESFB का 35.83% से बढ़कर 50.95%, USFB का 30.82% से बढ़कर 38.35% हुई है।

# आधार मोबाइल अपडेट हेतु जिले के सभी प्रखंडों में विशेष कैम्प का आयोजन

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के धरती आभा जनभागीदारी अभियान तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जिले में व्यापक स्तर पर आधार मोबाइल अपडेट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान



आगामी 16 जून 2025 से 11 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें जिले के कुल 162 पंचायतों को शामिल किया गया है। इस अभियान के तहत जिले के 39 पंचायतों में प्रथम चरण में आधार में मोबाइल अपडेट हेतु विशेष कैम्प लगाए जा रहे हैं। प्रत्येक पंचायत में पाँच दिनों तक चलने वाला यह कैम्प समाज के अंतिम व्यक्ति तक आधार मोबाइल अपडेट की सुविधा पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से जनजातीय समुदायों एवं हाशिए पर रह रहे परिवारों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से प्राप्त कर सकें। अभियान को सफल बनाने हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पोस्टल बैंक मैनेजर एवं जिला परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी की निगरानी में सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं पंचायत सचिव आपसी समन्वय स्थापित कर रहे हैं। जिला प्रशासन की यह पहल 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत को साकार करती है तथा नागरिकों को डिजिटली सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम सेल गिरिडीह के द्वारा जांच अभियान चलाया गया



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** झारखंड सरकार के द्वारा मादक पदार्थ से मुक्ति/नशामुक्ति को लेकर 10 जून से 26 जून तक चलाए जा रहे अभियान के तहत राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम सेल गिरिडीह के द्वारा जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में सार्वजनिक स्थल जैसे विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू एवम् तम्बाकू के अन्य उत्पादों को बेचने वाले कारोंबारियों के विरुद्ध सीओटीपीए-2003 के तहत अर्थदंड लगाया। एच ई हाय स्कूल के पास दो कारोंबारियों ,सर जे.सी. बोस बालिका विद्यालय के पास एवं रानी लक्ष्मीबाई , मकतपुर के पास एक कारोबारी के विरुद्ध एक हजार रुपए (1000/-) का चलान काटा गया। जांच अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गिरिडीह,पुलिस उपाधीक्षक,मुख्यालय -2, मोहम्मद कौशर अली एवं तम्बाकू कंट्रोल सेल कर्मी के नेतृत्व में अभियान चलाया गया।

### आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर अभाविप ने निकला मशाल यात्रा

- विद्यार्थियों में दिखा व्यापक आक्रोश



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग के द्वारा आपातकाल के खिलाफ निकाला गया मशाल यात्रा।
भारत में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को आज 50 साल पूरे हो रहे हैं। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार की तरफ से लगाई गई इमरजेंसी एक काला अध्याय है। आज के दिन करोड़ों भारतीयों के मौलिक अधिकारों को कुचल दी गई थी, 11 लाख लोगों को जेल भेज दिया गया था। विभाग संयोजक बाबूलाल मेहता ने कहा आज अभाविप के द्वारा देश में लगे आपातकाल के विरोध में मसाल जुलूस निकाला गया, युवाओं को सोचना चाहिए और यह मैसेज सभी लोगों को तक पहुंचना चाहिए कि आजाद भारत में आपातकाल जैसी घटना दोबारा कोई सरकार लगाने की हिम्मत ना करें। जिला संयोजक रुद्र राज ने कहा 25 जून 1975 में इंटरनल डिस्टरबेंस का हवाला देकर इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लागू किया जिससे भारत के नागरिकों पर डायरेक्ट प्रभावित हुए।इंदिरा गांधी के खिलाफ जयप्रकाश नारायण ने छात्रों के साथ संपूर्ण क्रांति आंदोलन खड़ा किया और दिल्ली के रामलीला मैदान में कहा सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। 1975 से 1977 के बीच 81 लाख लोगों को उनके घरों से रेलवे स्टेशन सिनेमा हॉल से पकड़ पकड़ कर कैंप में ला कर जबरन नसबंदी कराया गया। नगर मंत्री यशवंत कुमार ने कहा 25 जून को भारत के इतिहास में कला दिन माना जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संयोजक बाबूलाल मेहता जिला संयोजक रुद्र राज नगर मंत्री यशवंत कुमार प्रभात कुमार सह मंत्री साहिल सिंह विवेक यादव शिबू कुमार मोंटी मंडल पवन कुमार पीयूष पासवान राहुल एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सांप के डंसने से नदियांई के किसान की मौत, खेत में काम करते समय हुआ हादसा

**आदिवासी एक्सप्रेस/ लालू कुमार यादव**
**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडल के नदियांई गांव में बुधवार को करैत सांप के डंसने से 50 वर्षीय किसान सूरज कुमार की मौत हो गई। सूरज कुमार अपने घर के बगल स्थित खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक करैत सांप ने उन्हें डंस लिया। सांप काटने के बाद परिजनों ने पहले झाड़फूंक कराया, फिर हालत बिगड़ते देख उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया और बाद में शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने बताया कि सूरज कुमार मेहनती और मिलनसार व्यक्ति थे। सांप के काटने के बाद त्वरित इलाज में देरी भी मौत का कारण बनी बताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि ऐसी स्थिति में तुरंत अस्पताल जाएं, झाड़फूंक में समय न गंवाएं।

### हरिनसिंघा के पास रेलवे ट्रैक पर पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव किया बरामद

**शिकारीपाड़ा/दुमका/**
शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के हरिनसिंघा के पास रेलवे ट्रैक पर शिकारीपाड़ा पुलिस ने बुधवार को एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। बताया जा रहा है कि हरिनसिंघा के पास रेलवे ट्रैक पर ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा था , जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गई , पुलिस हरिनसिंघा पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है, और आगे की कार्यवाही में जुट गई है। समाचार प्रसारण तक युवक की पहचान नहीं हो पाई थी, युवक की उम्र करीब 21 वर्ष के आसपास बताई जा रही है।

### भीम सेना ने किया प्रदेश कार्यकारिणी विस्तार

**फूल शंकर डामोर**
उदयपुर भीम सेना संस्थापक एड. अनिल तीड़दिया के आदेशानुसार दिनेश रायकवाल एमनिया पाड़ला प्रदेश उपाध्यक्ष की अनुशंसा पर प्रदेश संयोजक मोती मेघवाल ने भोजराज मेघवाल उदयपुर मीडिया संभाग प्रभारी, मुकेश मीणा जिलाध्यक्ष सलूंबर, रमेश मेघवाल उदयपुर जिला उपाध्यक्ष, भेरूलाल अठवाल जिला प्रवक्ता,शांतिलाल मेघवाल जिला सचिव, एड. सुरेश मीणा जिला सचिव, जय माला मेघवाल धरियावद ब्लॉक अध्यक्ष (महिला विंग), रमेश मीणा ऋषभदेव ब्लॉक अध्यक्ष, जगदीश मेघवाल ग्राम अध्यक्ष भूधर और छीतर मल मेघवंशी ग्राम पंचायत अध्यक्ष बरोल जिला अजमेर को नियुक्त किया। सभी पदाधिकारीयो को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# मादक पदार्थों के सेवन के रोकथाम को लेकर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के प्रांगण में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ सेमिनार का आयोजन

- मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित जिला प्रशासन
- युवा वर्ग को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक

**शुभम सौरभ**
**गिरिडीह, विशेष प्रतिनिधि।** निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से गिरिडीह जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही नुक्कड़ नाटक और एलईडी वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग गिरिडीह के प्रांगण में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजित सेमिनार में प्रेजेंटेशन के माध्यम से मादक पदार्थों के रोकथाम, उपाय और इससे बचाव से जुड़ी जानकारी दी गई। साथ ही नशीले पदार्थों के सेवन से लोगों विशेषकर किशोरों, युवक व युवतियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सेमिनार में राज्य से उपलब्ध कराए गए मादक पदार्थों से संबंधित विडियोज, रील, पीपीटी आदि प्रदर्शित किए गए। जागरूकता के साथ ही लोगों को नशा छोड़ने के लिए शपथ भी दिलाई गई।







इसके अलावा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी नशामुक्ति के लिए जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को नशा से सावधान रहने की अपील किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि सरकार नशा की लत छुड़ाने के लिए प्रभावित लोगों को समुचित इलाज की सुविधा भी दे रही है।

**जिला प्रशासन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है और समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपेक्षा करता है: जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती**
मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती ने सर्वप्रथम आयोजित सेमिनार में शामिल सभी पदाधिकारीगण और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। और कहा कि नशामुक्त समाज बनाने में आप सभी मीडिया प्रतिनिधियों का अहम योगदान है। आप सबके सकारात्मक भागीदारी और प्रयास से ही हमारा समाज नशामुक्त हो पाएगा। मीडिया जागरूकता बढ़ाने, गलत सूचनाओं को दूर करने और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मीडिया के माध्यम से, लोगों को नशे के खतरों और इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा से से मानसिक एवं शारीरिक दोनों तरह की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस सामाजिक बुराई के खिलाफ हमें मिलकर जागरूकता फैलानी होगी। जिला प्रशासन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है और समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपेक्षा करता है। उन्होंने सभी से अपील किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भाग लें और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं।

**आज हम सभी नशामुक्त भारत अभियान के तहत संकल्प लें कि हम न केवल अपने परिवार, समुदाय, मित्रों को, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त बनाएंगे: जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार दुबे**
सेमिनार में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि नशा एक अभिशाप है, हरेक व्यक्ति को इससे से जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान में युवाओं की अधिकतम भागीदारी आवश्यक है। आज हम सभी नशामुक्त भारत अभियान के तहत संकल्प लें कि हम न केवल अपने परिवार, समुदाय, मित्रों को, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त बनाएंगे, क्योंकि बदलाव की शुरुआत स्वयं से होती है। हम अपने जिला, राज्य और देश को नशामुक्त बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ प्रयास करेंगे।

**मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए सबसे आवश्यक है जागरूकता**
मौके पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि नशामुक्त समाज में सबकी सकारात्मक भागीदारी आवश्यक है। मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए सबसे आवश्यक है जागरूकता। जागरूकता अभियान चलाकर नशा पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। प्रचार-प्रसार के माध्यम से इसके दुष्प्रभाव के बारे में आमजनों को जागरूक किया जाय। नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाय, जिससे लोगों में एक सकारात्मक बदलाव आ सकें और लोग इससे बच सकें।

**नशा के कारण लोगों की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है: अरविंद कुमार**
रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अरविंद कुमार ने बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है, इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा के कारण लोगों की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाय। उन्होंने कहा कि नशा दुर्घटना, लड़ाई झगड़ा का भी एक बड़ा कारण है, नशा को लेकर बदलाव स्वयं से शुरू होना चाहिए। नशा में संलिप्त युवा आपराधिक गतिविधियों को भी अंजाम दे देता है , सभी को इसके लिए सकारात्मक प्रयास करना होगा ताकि इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म किया जा सकें। आयोजित सेमिनार में शामिल पदाधिकारीगण और मीडिया प्रतिनिधि ने मादक पदार्थों के रोकथाम के विरुद्ध अपनी- अपनी बात रखी। इसके पश्चात हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को नशा छोड़ने का संदेश दिया गया। मौके पर प्रिंट व इलेट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि के अलावा जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

- विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए
- जमीनी स्तर पर सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें: उपायुक्त

**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने एनएफएसए व जेएसएफएसएस योजना के तहत खाद्यान्न का वितरण, चना दाल वितरण, मुख्यमंत्री दाल भात योजना, चीनी और नमक का वितरण, पीवीटीजी, जन वितरण प्रणाली, ग्रीन राशन कार्ड समेत विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार समीक्षा कर सम्बंधित पदाधिकारी को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को स-समय लाभान्वित




करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत खाद्य वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जेएसएफएसएस के तहत किए अनाज वितरण की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ई केवाईसी में तेजी लाएं और शत प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें। इसके अलावा ईआरसीएमएस के तहत प्रखंडवार किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में यूआईडी सीडिंग कार्य को लेकर उन्होंने अविलंब कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री दाल भात योजना के तहत जिले में कार्य कर रहे विभिन्न दाल भात केंद्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों कि जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी पी.वी.टी.जी परिवार को प्रति माह समय पर अनाज का आहार उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपरोक्त के आलावा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक समेत संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जमुआ में कार्यकर्ताओं से किया मुलाकात



**जमुआ, प्रतिनिधि।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बुधवार को जमुआ स्थित डाक बंगले में रुककर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।प्रखंड अध्यक्ष मो निजामुद्दीन से प्रखंड की सांगठनिक स्थिति का जायजा लिया। युवा नेता सुभाष यादव से प्रदेश अध्यक्ष श्री कमलेश ने युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही देश को विकल्प दे सकती है। कांग्रेस ही सबको साथ लेकर चल सकती है। उन्होंने कहा नफरत के बाजार ज्यादा दिन नहीं चलने वाले। कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान पर लोगो की भीड़ लगने लगी है। कहा कि राहुल गांधी की मेहनत रंग ला रही है। देशभर के युवा,किसान और कामगार कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेश वर्मा, कांग्रेस नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष जुनैद आलम, कांग्रेस नेता अहमद रज़ा नूरी, सुभाष यादव, मो निजामुद्दीन सहित कई लोग थे।

### अदाणी फॉउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर, 35 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह



**बड़कागांव संवाददाता**
**बड़कागांव।** अदाणी फाउंडेशन ने वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 35 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। उल्लेखनीय है कि अदाणी समूह अपने चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिवस 24 जून को अदाणी दिवस के रूप में मनाता है। इस मौके पर हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है।हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में आयोजित इस कैंप में अदाणी समूह के सभी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों ने रक्तदान किया। कैंप में संग्रहित यह रक्त जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गोंदुलपारा खनन परियोजना के प्रमुख पुंडरीक मिश्रा ने रक्तदान करके किया। सुबह दस बजे से ही ग्रामीणों और कर्मियों समेत सभी रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे यह अभियान एक सामाजिक उत्सव में बदल गया।

# खावा नदी पुल के घटिया और धीमी गति से निर्माण का विरोध

**प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग, कहा जनता के पैसे की लूट नहीं चलेगी**

**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** सदर प्रखंड के जगमनरायडीह और खावा गांवों के बीच खावा नदी पर बन रहे पुल के घटिया और धीमी गति से निर्माण का ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने विरोध किया है। पार्टी नेता मनोज यादव की अगुवाई में स्थानीय लोगों ने पुल निर्माण का जायजा लेने के लिए वहां का दौरा किया और प्रशासन से इसकी जांच और कार्रवाई की मांग की है। इधर पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने भी इस मामले पर अपने बयान में कहा कि, कई दिनों से स्थानीय लोगों द्वारा पुल के घटिया और धीमा निर्माण करने की



जानकारी उन्हें दी जा रही थी, जिसके बाद पार्टी की टीम ने पुल निर्माण का जायजा लिया जिसमें लोगों के आरोप सही प्रतीत होते हैं। ऐसे में हम जिला प्रशासन से इसकी जांच और उचित कार्रवाई की मांग करते हैं, ताकि विकास के नाम पर सरकारी पैसे की लूट के बजाय सही तरीके से पुल का निर्माण कार्य हो। श्री यादव ने कहा कि, नवंबर 2024 में ही इसका शिलान्यास किया गया था। निर्माण की गुणवत्ता तो खैर अलग चीज है, लेकिन धीमी गति से निर्माण के कारण 7 माह बीतने पर भी अपेक्षित काम तक लोगों को दिख नहीं रहा है। कहा कि, यह पुल खावा पंचायत के लिए बड़ा महत्वपूर्ण है, क्योंकि पुल नहीं रहने से बारिश के मौसम में स्थानीय पंचायतवासी दो भागों में बंटने को विवश हो जाते हैं। दूसरे दिनों में भी कई गांवों के लोगों को पंचायत मुख्यालय या अन्य गांवों में जाने में परेशानी होती है। इसलिए पुल का निर्माण ठीक से होना जरूरी है। मौके पर पंकज वर्मा, शंकर रजक, प्रमोद यादव, नीतीश यादव, अभीजीत मिश्रा, सबा अंसारी आदि मौजूद थे।

# गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में सीएसआर व अनटाइड फंड, डीएमएफटी से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक संपन्न, बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

- उपायुक्त ने जिला अंतर्गत सीएसआर, डीएमएफटी के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने का दिया निदेश

**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में (डीएमएफटी), सीएसआर व अनटाइड फंड से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यो के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सारे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय से पूर्ण करायें। आगे उपायुक्त




ने अबतक चयनित योजनाओं के साथ-साथ उनकी कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया कि निर्माणाधीन कार्यों को अविलंब पूर्ण कराएं, ताकि सारे कार्यों का जिला स्तर से निरीक्षण किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने सीएसआर एवं अनटाइड फंड के तहत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को सुनियोजित तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सीएसआर मद का इस्तेमाल स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। जिससे सीएसआर मद का अच्छे से उपयोग किया जा सके। साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विकास योजनाओं के कार्यों पारदर्शिता लाने तथा गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत प्रभावित क्षेत्रों के बेहतर विकास हेतु जितने भी योजनाओं का चयन किया जाता है सभी का चयन पारदर्शी तरीके से किया जाय, ताकि खनिज प्रभावित उन क्षेत्रों में वहा के परिवेश के अनुसार योजनाओं का चयन किया जाय एवम सही विकास हो सके। आगे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि डीएमएफटी की राशि को प्राथमिकता के साथ खर्च किया जाय। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों यथा-पेजलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट, महिला शिक्षा आदि पर खर्च किया जाय। साथ ही योजनाओं का चयन पारदर्शी तरीके से ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाय। बैठक में उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, विभिन्न कंपनी के प्रतिनिधि के अलावा संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी के सभी अधिकारी के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद-लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार




**संवाददाता द्वारा**

**हाजीपुर।** बोकारो-लातेहार-डालटनगंज-गढ़वा रोड-सिंगरौली-कटनी साउथ -इटारसी के रास्ते धनबाद और लोकमान्य तिलक के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 03379/03380 धनबाद-लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। अब गाड़ी संख्या 03379 धनबाद-लोकमान्य तिलक स्पेशल विस्तारित अवधि के पश्चात धनबाद से 01 जुलाई से 29 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को तथा गाड़ी संख्या 03380 लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल विस्तारित अवधि के पश?चात लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 03 जुलाई से 31 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी।

### महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ में भाजपा नेता राकेश सिंह शामिल हुए



**सोनपुर, (आरएनएस)।** श्री महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ सीतलपुर बस्ती जलाल मे भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह यज्ञ मे शामिल होकर पूज्य नारायण तिवारी जी जो अयोध्या धाम से आये है उनसे आशीर्वाद लिया और उनका कथा सुना इस अवसर पर बबलू सिंह सुरेश राय पप्पू सिंह शोभा राय सरपंच दौलत शर्मा विजय गुप्ता शिशुपाल जी राकेश जी कुंदन कुमार मुन्ना महतो पूर्व सरपंच बिट्टू सिंह सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या मे महिलाये यज्ञ मे पहुंच रही है और रात मे सात बजे से ग्यारह बजे तक पूज्य महाराज की कथा चल रहा है और कथा सुनने के लिए दूर दूर से आ रहे है यह यज्ञ 27 जून तक चलेगा।

### पद की गरिमा घटाने वाले मोदी करते हैं आपातकाल की बात : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद की गरिमा घटाई है और देश के संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं और अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संविधान बचाओ अभियान की लोकप्रियता से घबराकर आपातकाल की बात कर अपनी सरकार की विफलता को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। श्री खरगे ने बुधवार को यहां पार्टी के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी देश में संघवाद की बात कर सभी राज्यों के साथ समानता की बात करते हैं, लेकिन सच यह है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और गैर-भाजपा शासित राज्यों के प्रति उनका नजरिया भिन्न-भिन्न होता है। श्री मोदी और उनकी सरकार संविधान और लोकतंत्र की सुरक्षा करने में असफल रही है और विपक्ष के साथ जबरदस्त भेदभाव कर देश को बर्बाद करने का काम कर रही है। उनका कहना था कि जब पूरा देश पहलगाम हमले के बाद एकजुट था और कांग्रेस सहित सारे विपक्ष ने सरकार के हर फैसले में उसका साथ दिया तो जवाब में मोदी सरकार जनता और लोकतंत्र के हितों को महत्व देने की बजाय आपातकाल की बात कर विपक्ष के खिलाफ साजिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी कह रहे हैं कि आपातकाल में देश के लोकतंत्र को खत्म कर दिया गया था और अब उसे बहाल किया जा रहा है। कमाल यह है कि संविधान बचाने की बात वे कर रहे हैं जिनका देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। जिन लोगों ने इस संविधान को बनाने में सहयोग नहीं दिया, हमेशा संविधान के खिलाफ बात करते रहे, जिस संविधान को बाबा साहेब अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी और संविधान सभा ने तैयार किया उसे आरएसएस के लोगों ने रामलीला मैदान में जलाया और बाबा साहेब अंबेडकर, नेहरू जी और गांधी जी का पुतला फूंका था। आरएसएस के लोगों का कहना था कि जो संविधान बाबा साहेब अंबेडकर जी ने बनाया है, उसमें उनकी पारंपरिक संस्कृति और मनुस्मृति के अंश नहीं हैं इसलिए उस संविधान को नहीं मानेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आपातकाल का मुद्दा उठाने पर भाजपा पर हमला करते हुए कहा ÷दरअसल, भाजपा हमारे देशव्यापी 'संविधान बचाओ आंदोलन' से घबरा गई है, इसीलिए आज वे लोग फिर से आपातकाल की बात कर रहे हैं। सच्चाई ये है कि जो लोग अपने शासन में नाकामयाब रहे और जिनकी खुद की सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आर्थिक बदहाली चरम पर है, वे आज लोगों का ध्यान भटका रहे हैं। जो लोग संविधान बचाओ की मांग करते हुए आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर उसे बार-बार दोहरा रहे हैं, भूली बिसरी बात उछलने की कोशिश कर रहे हैं उनका देश की आजादी में कोई योगदान नहीं रहा वे आपातकाल की बात करते हैं।÷

उन्होंने कहा कि एक साल से कांग्रेस का संविधान बचाओ आंदोलन चल रहा है, लेकिन उनकी समझ में अब बात आई है और घबरा कर आपाताकाल की बात कर रहे हैं। घबराहट में उन्होंने आपातकाल के 50 साल के मुद्दे को उठाना शुरु कर दिया है। भाजपा की सरकार ने कोई काम नहीं किया है। महंगाई आसामान छू रही है, भ्रष्टाचार बेरोजगारी और आर्थिक बदहाली से देश त्राही-त्राही कर रहा है और उस नाकामयाबी को छिपाने के लिए वे अब आपातकाल को मुद्दा बनाने का काम कर रहे हैं। श्री खरगे ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि उसके शासन में गरीब और अमीर के बीच खाई और भी गहरी हो गई है जिसे पाटना अब कठिन हो गया है। यह सरकार गिने चुने लोगों को ही महत्व देती है और पूरे देश की संपत्ति अपने दोस्तों को बांट रही है और यही पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। यह अघोषित आपातकाल है। पचास साल पहले जो आपातकाल लगाया गया था उसे रोकने के लिए संविधान में बदलाव किया गया है। वह स्थिति अब नहीं है। खुद इंदिरा गांधी ने यह काम तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के साथ किया था, लेकिन जो अब बात नहीं है उसे मुद्दा बनाया जा रहा है।

# जेपी सेनानी सम्मेलन में उठी मांग- आपातकाल पीड़ितों को मिले समान पेंशन और सम्मान

**लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम पर बने अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय**

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच और लोकनायक जयप्रकाश अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आज संविधान क्लब में जेपी सेनानी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से लोकतंत्र सेनानी जुटे और आपातकाल की विभीषिका को याद करते हुए वर्तमान संदर्भों में लोकतंत्र की चुनौतियों पर संवाद किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल गए लोकतंत्र सेनानियों को समान पेंशन एवं सम्मान की मांग पर प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम पर एक अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना की मांग भी प्रमुखता से उठी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में सत्यनारायण जटिया, विजय गोयल, सूरज मंडल, सूर्याकांत केलकर, सुनील देवधर, अंशुमान जोशी, सुधांशु रंजन और सुधाकर



सिंह के अलावा विभिन्न राज्यों से आए लोकतंत्र सेनानी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे सत्यनारायण जटिया (पूर्व केंद्रीय मंत्री) ने अपने उद्बोधन में जयप्रकाश नारायण, नानाजी देशमुख और अन्य लोकतंत्र सेनानियों को लोकतंत्र के अमर दीप बताते हुए कहा, आपातकाल के दौर में प्रतिरोध का सूर्य अस्थायी रूप से ढका गया था, लेकिन जनबल के बलिदान ने उसे और प्रखर बना दिया। जेपी का सिंहासन खाली करो, जनता आती है का उद्घोष सिर्फ एक नारा नहीं, तानाशाही के विरुद्ध जनशक्ति का ऐतिहासिक आह्वान था। सुनील देवधर (भाजपा नेता, आंध्र प्रदेश प्रभारी) ने कहा, मैं उस वक्त सिर्फ 10 वर्ष का था, लेकिन मेरे पिता पत्रकार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य थे। हमारे पुणे स्थित घर का तहखाना उस वक्त भूमिगत गतिविधियों का केंद्र बना। ऐसे हजारों गुमनाम योद्धा और उनके परिवार, खासकर महिलाएं, जिनके पति जेल गए, सम्मान की हकदार हैं। कई राज्यों ने पेंशन शुरू की है, बाकी राज्यों को भी इसका पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा, आपातकाल सिर्फ एक राजनीतिक संकट नहीं था, यह लोकतंत्र का अपहरण था। अनुच्छेद 352 और 19 को निलंबित कर नागरिक अधिकार छीने गए। MISA जैसे काले कानूनों के तहत हजारों को बिना मुकदमा जेल में डाला गया। ये कुर्बानियां भूलाई नहीं जानी चाहिए। विजय गोयल (पूर्व केंद्रीय मंत्री) ने कहा, आपातकाल के वक्त हम दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र आंदोलन चला रहे थे। अटल बिहारी वाजपेयी, जयप्रकाश नारायण, चारण सिंह सहित देशभर के नेताओं को रातों-रात जेल में डाल दिया गया। हम अंडरग्राउंड हो गए और साइकिल पर स्टेंसिल से पर्चे छापकर बांटते थे। वह दौर वास्तव में दूसरी स्वतंत्रता संग्राम की तरह था। उन्होंने आगे कहा, आज जब हम संविधान दिवस मनाते हैं, हमें संकल्प लेना चाहिए कि कभी भी किसी तानाशाही प्रवृत्ति को लोकतंत्र पर हावी नहीं होने देंगे। हम सत्ता में रहते हुए भी यह याद रखते हैं कि लोकतंत्र सर्वोपरि है। सूर्याकांत केलकर (संयोजक, भारत रक्षा मंच) ने कहा, ÷आपातकाल में जेल गए हज़ारों सेनानी आज भी हाशिए पर हैं। यह विडंबना है कि जिन्होंने लोकतंत्र को बचाया, वे आज सामाजिक और आर्थिक रूप से उपेक्षित हैं। अब समय है कि राष्ट्र उनके योगदान को औपचारिक मान्यता दे और उनकी गरिमा को बहाल करे। सूरज मंडल (पूर्व सांसद) ने कहा, आजादी के बाद देश को जो संविधान मिला, उसे आपातकाल में कुचलने की कोशिश की गई थी। लेकिन देश की जनता ने जिस तरह से प्रतिरोध किया, वह इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। लोकतंत्र सेनानियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अधिकार मिलना चाहिए।

सुधांशु रंजन (वरिष्ठ पत्रकार) ने आपातकाल की पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए कहा, यह इतिहास का वह काला अध्याय था जिसमें प्रेस, न्यायपालिका और संसद की स्वतंत्रता को कुचल दिया गया। अब यह ज़रूरी है कि नई पीढ़ी को इसके बारे में पूरी जानकारी हो और वे सतर्क रहें। अंशुमान जोशी ने कहा, ÷देश में संविधान को बचाने के लिए जिन लोगों ने अपने करियर, परिवार और स्वतंत्रता को दांव पर लगा दिया, वे आज भी अनदेखे हैं। उन्हें आर्थिक सहायता और सामाजिक मान्यता मिलनी ही चाहिए। समापन भाषण उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य सुधाकर सिंह (घोसी, मऊ) द्वारा दिया गया, जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत संघर्ष करने वालों को सलाम करते हुए कहा कि उनकी कुर्बानी और साहस को इतिहास में उचित स्थान मिलना चाहिए।

# सीआईआई यंग इंडियंस (वाईआई) रांची चैप्टर के साथ समझौता करार

**संवाददाता द्वारा**

**राँची।** संत जेवियर्स कॉलेज राँची में बुधवार दिनांकः 25/06/2025 को सीआईआई यंग इंडियंस (वाईआई) रांची चैप्टर के साथ समझौता करार करते हुए कॉलेज कैंपस में यी युवा चैप्टर को आधिकारिक तरीके से लॉन्च किया।

करार का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता को विकसित करना , उद्यमिता के क्षेत्र में, सामाजिक प्रभाव और राष्ट्र निर्माण के अवसरों के साथ सशक्त बनाना है। यी युवा के माध्यम से छात्र नवाचार और




सड़क सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य, पर्यावरण और कौशल विकास तक की विभिन्न पहलों में शामिल होंगे। यी सदस्यों ने इस करार को महत्वपूर्ण बताते हुए बताया कि हम युवा नेताओं को विकसित करने के उनके दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता के लिए कॉलेज प्रबंधन के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। झारखंड के युवाओं में सार्थक प्रभाव पैदा करने और सशक्त बनाने के लिए प्रबंधन के साथ प्रयास के लिए तत्पर रहेंगे।

मौके पर एमओयू पर प्राचार्य डॉ. फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे, उप-प्राचार्य डॉ. फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, बीबीए विभागाध्यक्ष डॉ. अभिजीत डे, यी राँची चैप्टर के चेयरपर्सन राहुल मारू, आदित्य कुमार, युवराज रिशव राजगढ़िया, स्नेहा नारायण पर उपस्थिति रहे।

# गौरीपुर में एससी-एसटी के लिए विशेष शिविर का आयोजन

**सं सू पंकज कुमार ठाकुर**

**चांदन (बांका)।** प्रखंड क्षेत्र के गौरीपुर पंचायत के वार्ड नंबर 4 दुधुवा आदिवासी गांव में आज बुधवार को अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के विकास को लेकर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। दुधवा गांव चांदन प्रखंड मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूरी पर है।जहां आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। भौगोलिक दृष्टि से यह गांव चारों तरफ पहाड़, जंगल व नदी से घिरा हुआ है। बरसात के मौसम में गांव से चांदन बाजार आने के लिए कोई सड़क मार्ग नहीं बना है।यहां की महिलाएं प्रसव पीड़ित रहने के बावजूद भगवान भरोसे जीना पड़ता है।इस गांव की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि गांव में कोई बीमार पड़



जाए तो इलाज हेतु अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस तो दूर,ओटो तक नहीं पहुंच सकती है। दरअसल मुख्य सड़क मार्ग से गांव तक रास्ता निर्माण नहीं हुआ है।शिक्षा की दृष्टि में गांव के समीप स्कूल तो है मगर जोर नाले पड़ने के कारण बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में इन लोगों को जानकारी नहीं है। ऐसी स्थिति में सरकार के द्वारा विकास सिविर लगाकर लोगों से आवेदन लेकर रूबरू होकर निष्पादन कर देना आज सबसे महत्वपूर्ण कदम था। शिविर में उपस्थित आदिवासियों ने गांव की समस्याओं से पदाधिकारी को अवगत कराकर निष्पादन करने के लिए आवेदन दिया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधित जानकारी भी दी गई।विकास मित्र चंद्रिका दास ने इस शिविर की महत्व लोगों को बताया। साथ ही शिविर में पहुंची आदिवासी महिलाओं से आवेदन लिया गया।जिसमें लक्ष्मीबाई पेंशन,वृद्धा पेंशन,राशन कार्ड जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए एक दर्जन से आवेदन मिला हैं। प्रधानमंत्री आवास के लिए भी लोगों ने आवेदन दिए है।हालांकि बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव रणधीर यादव ने लोगों को संबंधित पदाधिकारियों को सड़क समस्या को अवगत कराकर जल्द सड़क निर्माण कराने की भरोसा दिया है।ज्ञात हो कि इन दिनों पंचायत सचिव के द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने आने वालों से बिना नजराने के कोई प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता है।भले ही लोगों की पंचायत भवन की चक्कर काट चप्पल जूता घीस जाए।मौके पर रोहित कुमार दास, किसान सलाहकार राजीव रंजन, धनुवसार पंचायत के विकास मित्र, सोनू कुमार आदि मौजूद थे।

## मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत, हंगरी, पोलैंड और अमरीका के अंतरिक्ष यात्रियों के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के बुधवार को सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया है।

श्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को भी शुभकामनाएं दीं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्लात अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, ''हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमरीका के अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वह अपने साथ एक अरब 40 करोड़ भारतीयों की इच्छाओं, आशाओं और आकांक्षाओं के साथ इस अभियान पर हैं। उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को सफलता की शुभकामनाएं!

उल्लेखनीय है कि अरबों लोगों की उम्मीदों और सपनों को साकार करने के लिए एक्सिओम-4 मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य सदस्यों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भारतीय समय के अनुसार दिन में 12 बजकर एक मिनट पर कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ। यह मिशन 14 दिन की अवधि का है। यह मिशन 28 घंटों की यात्रा के बाद गुरूवार सुबह सात बजे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ेगा। मिशन में भारत, हंगरी,अमेरिका और पौलेंड के अंतरिक्षयात्री शामिल हैं।

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल और एक्सिओम मिशन पर प्रस्ताव पारित किये

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में आपातकाल की घोषणा के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर बुधवार को यहां एक प्रस्ताव में आपातकाल का विरोध करने और इससे लड़ते हुए बलिदान देने वाले लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी। मंत्रिमंडल ने एक्सिओम -4 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भी एक प्रस्ताव किया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ये दोनों प्रस्ताव पारित किये गये। उन्होंने बताया कि आपातकाल पर लाये गये प्रस्ताव में मंत्रिमंडल के सदस्यों ने इससे लड़ने वाले अनगिनत लोगों के बलिदानों का स्मरण करने का संकल्प लिया और संविधान की हत्या के प्रयास को असफल करने वाले इन योदधाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि संविधान पर यह प्रहार 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और सम्पूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के कठोर प्रयास के साथ शुरू हुआ था। श्री वैष्णव ने कहा कि सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर आपातकाल से लड़ते हुए बलिदान देने वाले साहसी लोगों को श्रदधांजलि भी दी। उन सभी नागरिकों को भी श्रद्धांजलि दी गयी जिनके संवैधानिक तथा लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। प्रस्ताव में कहा गया है कि वर्ष 2025 'संविधान हत्या दिवस' की 50वीं वर्षगांठ है। यह भारतीय इतिहास का एक अविस्मरणीय अध्याय था। आपातकाल में संविधान को कुचलने का प्रयास किया गया, भारत की लोकतांत्रिक भावना पर हमला किया गया, और संघवाद को नष्ट किया गया। मौलिक अधिकार, मानवीय स्वतंत्रता और गरिमा को भी खत्म किया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ युवाओं को भी इन लोकतंत्र सेनानियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## विधानसभा उपचुनावों में आयोग का ईसीआईनेट चालू, परिणाम के 72 घंटे के अंदर जारी हुए इंडेक्स कार्ड

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने केरल, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों पर हाल ही में संपन्न हुए उपचुनावों में अपने नए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट का परिचालन सफलता पूर्वक शुरू कर दिया है और यह आने वाले दिनों में पूरी तरह चालू होगा। यह जानकारी आयोग की बुधवार को एक विज्ञप्ति में दी गयी। आयोग ने इस साल चार मई को ईसीआईनेट नामक से एक नए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म के विकास की घोषणा की थी, जिसमें विभिन्न हितधारकों के लिए आयोग द्वारा परिचालित 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन एकीकृत किए गए हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि हाल के उप चुनावों में ईसीआईईनेट के कुछ मॉड्यूल का सफल कार्यान्वयन देखा गया, जो आने वाले हफ्तों में पूरी तरह से चालू हो जाएगा। ईसीआईईनेट मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर मतदाताओं और अन्य हितधारकों के लाभ के लिए चुनाव संबंधी जानकारी का समय पर और अद्यतन प्रकटीकरण करने के लिए आयोग द्वारा की गई विभिन्न पहलों में से एक है। आयोग का कहना है कि उपचुनावों के दौरान पीठासीन अधिकारियों (पीआरओ) ने सीधे ईसीआईएनईटी पर मतदान की गति (वीटीआर) के रुझान अपलोड किए जो पहले हाथ से भर कर जारी किए जाते थे। इससे सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हुआ, पारदर्शिता बढ़ी और वीटीआर रुझान प्रकाशित करने में लगने वाले समय में उल्लेखनीय कमी आई। इन उप चुनावों में ईसीआईएनईटी के माध्यम से पीआरओ अपने-अपने मतदान केंद्रों को छोड़ने से पहले अंतिम वीटीआर आंकड़े अपलोड किए जिसके मतदान के रुझान लोगों तक बहुत तेजी से पहुंचाए जा सके।

# असम के शदिया के दूरदराज़ी भीतरी गांवों के जनजातीय लोगों के पास तिनसुकिया जिला प्रशासन, धरती आबा जन-भागीदारी अभियान के ज़रिए सरकारी सुविधाएँ देने की खास पहल

**पंकज नाथ, असम,**
**आदिवासी एक्सप्रेस**

दूरदराज़ के पिछड़े इलाकों के जनजातीय लोगों को सरकारी योजनाओं की सभी सुविधाएँ देने के लिए 15 जून से शुरू हुए केंद्र सरकार के धरती आबा जन-भागीदारी अभियान के तहत आज भी असम के तिनसुकिया जिले के कई भीतरी गाँवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी के तहत शदिया सम-जिला और विकास खंड के अंतर्गत हलोगांव ग्राम पंचायत के गड़गांव जनजाति प्राइमरी स्कूल में, छैखोवा विकास खंड के अंतर्गत हाहखाटी ग्राम पंचायत के तहत ऊपर




लाओपानी सामुदायिक भवन में, तालाप ग्राम पंचायत के एरागांव खुले मंच में, डिराक ग्राम पंचायत के बड़डिराक हाई स्कूल में और काकपथार ग्राम पंचायत के कार्यालय के सभाकक्ष में धरती आबा जन-भागीदारी अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सभाओं में विभिन्न विकास विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर लोगों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की सुविधाएँ कैसे प्राप्त करें, इस बारे में जानकारी देते हैं। इस मौके पर सभा स्थल पर एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर और आधार सेवा केंद्र भी स्थापित किया गया। साथ ही, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्ड वितरण, टीबी (क्षय रोग) की जाँच, आभा यानी आयुष्मान भारत पहचान पत्र की तैयारी, खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा नए लाभार्थियों से राशन कार्ड के लिए आवेदन या जानकारी एकत्र करना, कृषि विभाग द्वारा नए लाभार्थियों को पीएम किसान और किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करना, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नए जॉब कार्ड और प्रधानमंत्री आवास योजना के घर के लिए आवेदन लेना और स्वीकृति देना आदि कार्य भी मौके पर ही किए गए। गौरतलब है कि इस महीने भर चलने वाले कार्यक्रम के तहत कल शदिया सम-जिला और विकास खंड के अंतर्गत अंबिकापुर ग्राम पंचायत क्षेत्र के आदर्श रुक्मिणी देउरी गाँव खुले मंच, छैखोवा विकास खंड के अंतर्गत आराइमुरिया ग्राम पंचायत के अजुखा गाँव खुले मंच, ढोला धादुम ग्राम पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष, गाखीरभेटी ग्राम पंचायत के लाइना गाँव खुले मंच, हाहखाटी ग्राम पंचायत के मुलुक गाँव क्लब, और मैथोंग ग्राम पंचायत के सरु मैथोंग खुले मंच में आयोजित इसी तरह के कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों ने भारी उत्साह दिखाया। कल सुबह 11 बजे शदिया सब-डिविजन के अंतर्गत छैकुवा विकास खंड के हाहखाटी ग्राम पंचायत क्षेत्र के कचुधूप बजालतली सामुदायिक भवन में, डिराक ग्राम पंचायत के चुमोनी चापरी खेल मैदान में और डूमडूमा सब-डिविजन और विकास खंड के अंतर्गत गावरोभेटी ग्राम पंचायत के सोनापुर देउरी गाँव में कार्यक्रम होंगे, ऐसा जिला सूचना और जनसंपर्क अधिकारी विकास शर्मा ने बताया है। सभी कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों की भागीदारी की जिला प्रशासन की ओर से अपेक्षा की गई है।

# नीरज चोपड़ा ने जीता ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 का खिताब

**एजेंसी**

**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)।** भारत के भाला फेंक सितारे और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने 64वें ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता में पुरुष भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीत लिया। यह विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (गोल्ड लेवल) का प्रतिष्ठित आयोजन था।27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में 85.29 मीटर का शानदार थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के डोउ स्मिट 84.12 मीटर के साथ दूसरे और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 83.63 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह नीरज चोपड़ा की मौजूदा सत्र की तीसरी जीत है। प्रतियोगिता की शुरुआत नीरज ने एक फाउल थ्रो के साथ की थी। दूसरे प्रयास में उन्होंने 83.45 मीटर फेंका और फिर तीसरे प्रयास में 85.29 मीटर का थ्रो कर बढ़त बना ली। इसके बाद उनके चौथे, पांचवें और छठे प्रयास क्रमशः 82.17 मीटर, 81.01 मीटर और फाउल रहे। नीरज




ने अपने सीजन की शुरुआत साउथ अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में हुई एक इनविटेशनल मीट से की थी, जहां उन्होंने 84.52 मीटर के थ्रो से जीत दर्ज की थी।इसके बाद उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हालांकि, इस मुकाबले में वह जर्मनी के जूलियन वेबर से पीछे रह गए थे, जिन्होंने 91.06 मीटर फेंककर जीत हासिल की। बाद में पोलैंड के चॉर्ज़ों में हुए जानुस्ज कुसोचिंस्की मेमोरियल में भी नीरज (84.14 मीटर) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि वेबर ने 86.12 मीटर के थ्रो से पहला स्थान पाया।

लेकिन पेरिस डायमंड लीग में नीरज ने वापसी करते हुए वेबर को पछाड़ा और अपने पहले ही प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो से खिताब जीता। नीरज अब अगली बार 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतिरवा स्टेडियम में होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे। यह भारत में पहली बार होने वाली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता होगी। यह आयोजन नीरज चोपड़ा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

## फीफा क्लब वर्ल्ड कप: इंटर मियामी और पामेइरास का रोमांचक मुकाबला 2-2 से ड्रॉ

**एजेंसी**

**मियामी।** फीफा क्लब वर्ल्ड कप के ग्रुप ए के आखिरी मुकाबले में इंटर मियामी ने दो गोल की बढ़त हासिल करने के बावजूद पामेइरास के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस नतीजे के साथ दोनों टीमें नॉकआउट चरण में पहुंच गई हैं, जहां इंटर मियामी का मुकाबला अब यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से होगा मियामी की ओर से तादेओ अलेंदे और लुइस सुआरेज़ ने गोल दागकर टीम को 2-0 की मज़बूत बढ़त दिलाई थी, लेकिन आखिरी 10 मिनट में पॉलिन्हो और मॉरिसियो ने गोल करके पामेइरास को बराबरी पर ला खड़ा किया। दोनों टीमें पांच-पांच अंकों के साथ ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहीं, लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण पामेइरास पहले स्थान पर रही और मियामी दूसरे स्थान पर। इस ड्रॉ के साथ अल-अहली और पोर्तो टूर्नामेंट से बाहर हो गए और दोनों के बीच का मैच 4-4 से ड्रॉ रहा। लियोनेल मेसी की टीम इंटर मियामी अब प्री-क्वार्टर फाइनल में पीएसजी से भिड़ेगी, जहां वह 2021 से 2023 के बीच दो सीज़न खेल चुके हैं। पामेइरास का सामना अब अपने घरेलू प्रतिद्वंद्वी बोटाफोगो से होगा। इंटर मियामी के कोच जेवियर माशेरानो ने मैच के बाद कहा, हमारे लिए यह एक शानदार मुकाबला था। दक्षिण अमेरिका की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलना आसान नहीं है। यह मेजर लीग सॉकर के लिए ऐतिहासिक रात है।

## वीके पाहुजा वार्षिक तैराकी सांख्यिकी बुलेटिन के 45वें संस्करण का हुआ विमोचन

**नई दिल्ली।** भारत के तैराकी इतिहास और सांख्यिकीय दस्तावेज़ीकरण को समर्पित वीके पाहुजा वार्षिक तैराकी सांख्यिकी बुलेटिन के 45वें संस्करण का विमोचन एक गरिमामय समारोह में किया गया। इस बुलेटिन का संकलन लेडी श्रीराम कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय तैराक एवं नारी शक्ति पुरस्कार विजेता डॉ. मीनाक्षी पाहुजा ने किया। यह बुलेटिन न केवल भारतीय तैराकी के ऐतिहासिक रिकॉर्ड को संजोता है, बल्कि इसे आंकड़ों और विश्लेषणों के ज़रिये भविष्य के खिलाड़ियों के लिए भी एक मार्गदर्शक बनाता है। बुलेटिन की पहली प्रति भारत के वरिष्ठतम तैराकी प्रशिक्षक केवी शर्मा को भेंट की गई। इस आयोजन में भारतीय खेल प्राधिकरण की दो महिला कोचों- परमपाल जोहल और चंदा बरुआ को तीन दशकों से अधिक सेवा के लिए नारी शक्ति को सलाम÷ के तहत सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रसिद्ध पैरा तैराकी कोच रणबीर, उनके दो शिष्य हिमांशु नांदल और अमन शर्मा, तथा साई-ग्लेनमार्क अकादमी के कोच देबेश्वर के साथ दो युवा तैराक युवराज सिंह और ध्रुव सेजवाल को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## शुभमन गिल की मैदान पर आभा रोहित और विराट जैसी प्रभावशाली नहीं : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान

**लीड्स।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पांच विकेट से शिकस्त मिलने के बाद भारत के नए कप्तान शुभमन गिल की रणनीति की आलोचना के बीच पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि 'मैदान पर उनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसा आभा नहीं दिखी। भारत को इस मैच में पांच शतकीय पारियों के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने मैच के पांचवें दिन 371 रन का लक्ष्य पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। रोहित शर्मा के बाद कप्तान के रूप में अपने पहले टेस्ट में गिल को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और हुसैन ने कहा कि यह युवा खिलाड़ी कप्तान के तौर पर 'सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा था। हुसैन ने कहा, 'मैंने देखा कि कोई तरीका ढूंढने की कोशिश कर रहा था। उसके (गिल) पास मैदान पर रोहित और (विराट कोहली) जैसी आभा नहीं दिखी। मुझे लगा कि वह सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा था। उन्होंने कहा, 'जब रोहित और कोहली टीम की कप्तानी कर रहे थे तब आपको देख कर ही समझ आ जाता था कि कौन नेतृत्व कर रहा है लेकिन इस मैच में मुझे लगा कि दो या तीन कप्तान है।

## 'नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे', बुमराह को लेकर गंभीर ने साफ की स्थिति

**लीड्स।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की। बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है। गंभीर ने कहा, 'नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे। हमारे लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं।

## फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025: निकोलस जैक्सन पर रेड कार्ड के लिए दो मैचों का प्रतिबंध

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चेल्सी के स्ट्राइकर निकोलस जैक्सन को फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के दौरान फ्लेमिंगो के खिलाफ 3-1 से मिली हार में रेड कार्ड मिलने के बाद दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया है। यह फैसला फीफा की अनुशासन समिति ने लिया है।

जैक्सन दूसरे हाफ में मैदान पर आने के महज चार मिनट बाद ही फ्लेमिंगो के खिलाड़ी आयर्टन लुकास पर खतरनाक स्टड्स-अप टैकल करने के कारण सीधे रेड कार्ड पा बैठे। यह उनका पिछले चार मुकाबलों में दूसरा रेड कार्ड है। 24 वर्षीय जैक्सन को शुरुआत में एक मैच का स्वतः निलंबन दिया गया था, जिससे वह एस्पेरांस स्पोर्टिव डी ट्यूनिस के खिलाफ होने वाले ग्रुप स्टेज के अंतिम मुकाबले से बाहर हो गए हैं। हालांकि, फीफा की अनुशासन समिति ने इस घटना की गंभीरता को देखते हुए इसे गंभीर फाउल प्ले की श्रेणी में रखा और प्रतिबंध को बढ़ा दिया।फीफा ने अपने आधिकारिक बयान में कहा,निकोलस जैक्सन को फीफा अनुशासन संहिता के अनुच्छेद 14, पैरा 1 (ई) के उल्लंघन के तहत दो मैचों का निलंबन दिया गया है। यह निर्णय अंतिम है और इसके खिलाफ कोई अपील नहीं की जा सकती। मैच के बाद जैक्सन ने सोशल मीडिया पर अपने व्यवहार के लिए माफी भी मांगी थी। अगर चेल्सी अगले चरण यानी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचती है, तो जैक्सन उस मुकाबले में भी नहीं खेल पाएंगे।

## ओलंपिक चैंपियन फ्रेजर-प्राइस नेशनल चैंपियनशिप के साथ करेंगी करियर का समापन

**एजेंसी**

**न्यूयार्क।** जमैका की दिग्गज धाविका और तीन बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शेली-ऐन फ्रेजर-प्राइस ने घोषणा की है कि वह इस सप्ताह से शुरू हो रही जमैका राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने करियर की अंतिम दौड़ लगाएँगी। यह मुकाबला उनके शानदार और ऐतिहासिक करियर का अंतिम राष्ट्रीय पड़ाव होगा।

38 वर्षीय फ्रेजर-प्राइस ने पहले ही 2025 में ट्रैक पर वापसी की घोषणा की थी, जिसे उनके अंतिम प्रतिस्पर्धी वर्ष के रूप में देखा जा रहा था। उन्होंने कहा था कि उनका ट्रैक पर अब भी अधूरा काम बाकी है।

(भारतीय समयानुसार) को एक नाइकी कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक विशेष क्षण होगा, क्योंकि अब खोने के लिए कुछ नहीं है, बल्कि सब कुछ पाने को है। फ्रेजर-प्राइस ने 2008 और 2012 ओलंपिक में लगातार दो बार 100 मीटर का स्वर्ण पदक जीता था और 10 बार की विश्व चैंपियन रह चुकी हैं। इस साल की



विश्व चैंपियनशिप, जो 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित की जाएगी, के लिए यह चैंपियनशिप एक क्वालिफाइंग इवेंट भी है। हालांकि, फ्रेजर-प्राइस के लिए पिछली बार का पेरिस ओलंपिक निराशाजनक रहा था, जब वह वॉर्म-अप के दौरान चोटिल हो गई थीं और 100 मीटर सेमीफाइनल में हिस्सा नहीं ले सकी थीं। फ्रेजर-प्राइस का यह फैसला ट्रैक और फील्ड की दुनिया के लिए एक युग के अंत जैसा है, जिन्होंने न केवल पदक जीते, बल्कि एक आदर्श और प्रेरणा के रूप में भी खुद को स्थापित किया।

## लीड्स टेस्ट में मिली हार पर गिल ने कहा-हमारी योजना 430-435 का लक्ष्य देने की थी, निचले क्रम ने निराश किया

**एजेंसी**

**लीड्स।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के हाथों 371 रन का विशाल लक्ष्य गंवाने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बल्लेबाज़ी और फील्डिंग में हुई गलतियों पर निराशा जताई। गिल ने बताया कि टीम की योजना इंग्लैंड को 430-435 रन का लक्ष्य देने की थी, लेकिन निचले क्रम की लगातार दूसरी नाकामी ने भारत को सिर्फ 364 रन तक सीमित कर दिया। गिल ने मैच के बाद कहा, हमारी योजना थी कि हम लगभग 430-435 का लक्ष्य देकर डिक्लेयर करेंगे। लेकिन हमारे आखिरी छह विकेट सिर्फ 31 रन जोड़ सके, जो निश्चित ही हमारे लिए अच्छी बात नहीं थी। भारत ने पहली पारी में अंतिम सात विकेट 41 रन पर गंवाए थे, जबकि दूसरी पारी में छह विकेट सिर्फ 31 रन में गिर गए। गिल ने कहा कि टीम इस कमजोरी को सुधारने के प्रयास में है। गिल ने कहा, हां, हमने इस पर चर्चा की थी, लेकिन जब आप मैदान पर होते हैं, तो सब कुछ बहुत जल्दी होता है। हमें इस तरह के पतनों से बचना होगा, और फील्डिंग में सुधार करना होगा।

मैच के दौरान भारत ने कुल सात कैच छोड़े, जिनमें से दो अंतिम पारी में थे। इनमें बेन डकेट भी शामिल रहे, जिन्हें दो बार जीवनदान मिला और उन्होंने 170 गेंदों पर 149 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। गिल ने कहा, ऐसी विकेटों पर मौके बार-बार नहीं मिलते, और हमने कई कैच छोड़े। लेकिन हमारी टीम युवा है, सीखने की प्रक्रिया में है। उम्मीद है कि अगले मैचों में हम इसमें सुधार करेंगे। गेंदबाज़ी की बात करें तो रवींद्र जडेजा को पांचवें दिन कुछ रफ जरूर मिले, लेकिन वह केवल एक विकेट - बेन स्टोक्स का - ही ले सके। जडेजा ने 24 ओवर में 104 रन देकर एक विकेट लिया। डकेट ने उन्हें रिवर्स स्वीप के जरिए



खूब निशाना बनाया और उनके खिलाफ 38 गेंदों में 38 रन बनाए। गिल ने जडेजा के प्रदर्शन का बचाव किया और कहा, उन्होंने शानदार गेंदबाज़ी की। उन्होंने हमारे लिए मौके बनाए भी, कुछ कैच उछले जो रिषभ ने नहीं देखे। लेकिन ऐसा क्रिकेट में होता है। कई बार मौके आपके पक्ष में नहीं जाते। भारत अब सीरीज में 0-1 से पीछे है और शेष चार टेस्ट मैचों में वापसी करने की चुनौती उसके सामने है।

## भारत ने गंवाया लीड्स टेस्ट, इंग्लैंड ने हासिल की रिकॉर्डतोड़ जीत

**एजेंसी**

**लीड्स।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ खेले गए लीड्स टेस्ट में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज की और पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे मेजबान टीम ने केवल पांच विकेट खोकर अंतिम दिन हासिल कर लिया।

**इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दिखाया दम**

खेल के पांचवें दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 350 रन बनाने थे, लेकिन बेन डकेट (149) और जैक क्रॉली (65) ने 188 रन की दमदार साझेदारी कर भारत को बैकफुट पर ढकेल दिया। डकेट ने अपने करियर का छठा टेस्ट शतक जड़ा और 149 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। हालांकि बीच में भारत को थोड़ी उम्मीद तब बंधी जब ऑली



पोप और हैरी ब्रूक लगातार दो गेंदों में आउट हो गए, लेकिन इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (33) और जो रूट (नाबाद 53) ने साझेदारी कर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जैमी स्मिथ भी 44 रन बनाकर अंत तक रूट के साथ टिके रहे और इंग्लैंड को जीत दिलाई।

**भारतीय गेंदबाज और फील्डिंग रही बेदम**

भारत की हार में उसकी गेंदबाजी और फील्डिंग दोनों कमजोर कड़ी साबित हुईं। तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज एक भी विकेट नहीं ले सके। शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट जरूर लिए लेकिन वे काफी महंगे साबित हुए। इसके अलावा भारत ने मैच में कुल 6 कैच टपकाए, जिनमें से चार अकेले यशस्वी जायसवाल ने छोड़े।

इस जीत के साथ इंग्लैंड ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 की अहम बढ़त बना ली है। भारत को अब वापसी के लिए अगले टेस्ट में बेहतर गेंदबाजी और फील्डिंग प्रदर्शन की जरूरत होगी।

## लीड्स टेस्ट: आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर ऋषभ पंत के खाते में जुड़ा एक डिमेरिट अंक

**एजेंसी**

**हेडिंग्ले, (लीड्स)।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत को लीड्स में चल रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर अनुचित व्यवहार के लिए आईसीसी की आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। इसके तहत पंत को आधिकारिक रूप से फटकार लगाई गई है और उनके अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ दिया गया है। आईसीसी के अनुसार, पंत ने आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन किया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्णय पर असहमति ओप्रकट करने से संबंधित है। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर के दौरान हुई जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाज़ी कर रहे थे। इस दौरान पंत ने गेंद की स्थिति पर अंपायरों से चर्चा की और गेंद बदलने की मांग की। लेकिन अंपायरों द्वारा गेंद गेज से जांच के बाद गेंद न बदलने का फैसला करने पर पंत ने नाराज़गी जताते हुए गेंद को अंपायरों के सामने ज़मीन पर फेंक दिया। हालांकि, पंत ने तुरंत अपनी गलती स्वीकार कर ली और आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, जिससे कोई औपचारिक अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई। यह आरोप मैदान पर मौजूद अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने मिलकर लगाए थे।

# केन्द्रीय मंत्री रक्षा खडसे ने किया साई-एसटीसी अगरतला का दौरा

**एजेंसी**

**अगरतला।** केंद्रीय युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे त्रिपुरा के दौरे पर रहीं। अपने 'पूर्वोत्तर संपर्क सेतु' कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा संचालित स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी), अगरतला का आकस्मिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाओं, कोचों की मेहनत और खिलाड़ियों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया।

साई-एसटीसी अगरतला, विशेष रूप से जिमनास्टिक प्रशिक्षण के लिए प्रसिद्ध है, जहां चयनित युवा एथलीट गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राज्य सरकार के सहयोग से स्थापित यह केंद्र पूर्वोत्तर भारत के खेल विकास की रीढ़ के रूप में देखा जाता है। मंत्री ने प्रशिक्षण उपकरणों,



हॉस्टल सुविधाओं, खिलाड़ियों के आहार, चिकित्सा और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सेवाओं का गहन निरीक्षण किया। मंत्री ने खिलाड़ियों से सीधा संवाद भी किया और उनके सपनों, चुनौतियों और आकांक्षाओं को जानने का प्रयास किया। कई युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की अपनी महत्वाकांक्षाएं साझा कीं। इस पर भावुक प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री खडसे ने कहा, इन युवाओं में भारत का उज्ज्वल भविष्य है। केंद्र सरकार इनकी सफलता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने देशके दीर्घकालिक विकास लक्ष्य इंडिया@2047 के तहत खेल क्षेत्र को एक प्रमुख स्तंभ बताया और कहा कि साई केंद्रों के माध्यम से जमीनी स्तर से खिलाड़ियों को तैयार कर अंतरराष्ट्रीय मंचों विशेष रूप से ओलंपिक 2028 और 2032 के लिए तैयार किया जा रहा है। अपने दौरे के अंत में मंत्री ने त्रिपुरा के युवाओं के जोश, प्रतिभा और विज्ञान व खेल के प्रति उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷पूर्वोत्तर भारत न केवल भौगोलिक दृष्टि से, बल्कि मानव संसाधन, कौशल और ऊर्जा के लिहाज़ से भी भारत के उज्ज्वल भविष्य की रीढ़ है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार उनके प्रयासों को हरसंभव सहयोग और समर्थन देती रहेगी।

## भारत के निचले क्रम को दो बार आउट करना निर्णायक रहा : बेन स्टोक्स

**लीड्स।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहले टेस्ट में भारत पर मिली पांच विकेट से जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया है जिन्होंने भारत के निचले क्रम को दो बार आउट किया। जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए 188 रन की साझेदारी की। स्टोक्स ने हालांकि कहा कि मैच का पलड़ा उसी समय उनके पक्ष में हो गया था जब इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारत को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी विकेट थी। बड़े स्कोर से इसका पता चलता है। लेकिन मैच का निर्णायक पल यही था कि हमने दो बार भारत के निचले क्रम को आउट कर दिया।

## काउंटी क्रिकेट डेब्यू में तिलक वर्मा ने जड़ा शानदार शतक

**एजेंसी**

**चेल्म्सफोर्ड।** भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने काउंटी चैंपियनशिप में अपने डेब्यू मैच में शतक जड़कर शानदार शुरुआत की। हैम्पशायर की ओर से खेलते हुए उन्होंने एसेक्स के खिलाफ काउंटी ग्राउंड, चेल्म्सफोर्ड में यह कारनामा किया। नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने उतरे तिलक ने अपने अपने कल के स्कोर 98 को आगे बढ़ाते हुए 239 गेंदों में अपना छठा फर्स्ट क्लास शतक पूरा किया। हालांकि, वे इसके तुरंत बाद साउथ अफ्रीकी ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर का शिकार हो गए। उन्होंने 241 गेंदों में 100 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के इंटरनेशनल ऑलराउंडर लियाम डॉसन के साथ पांचवें विकेट के लिए 133 रनों की अहम साझेदारी की। डॉसन ने इस दौरान अपना 18वां फर्स्ट क्लास शतक भी पूरा किया।

तिलक वर्मा ने अब तक फर्स्ट क्लास क्रिकेट में छह शतक लगाए हैं– जिनमें से तीन रणजी ट्रॉफी में हैदराबाद के लिए, एक इंडिया ए की ओर से न्यूजीलैंड ए के खिलाफ और एक दलीप ट्रॉफी में पिछले साल आया था।

हालांकि, तिलक ने 2019 में फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था, लेकिन उनके सभी छह शतक पिछले तीन वर्षों (सितंबर 2022 के बाद) में आए हैं। मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले तिलक वर्मा का आईपीएल 2025 सीजन कुछ खास नहीं रहा था, जिसमें उन्होंने 13 पारियों में 31.8 की औसत और 138.30 के स्ट्राइक रेट से



343 रन बनाए थे। इस दौरान वे सिर्फ दो अर्धशतक ही लगा सके थे।

# फर्स्ट हॉकी इंडिया मास्टर्स कप:क्वार्टर फाइनल मुकाबले संपन्न, सेमीफाइनल के लिए टीमें तैयार

**एजेंसी**

**चेन्नई।** फर्स्ट हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 अब अपने रोमांचक नॉकआउट चरण में प्रवेश कर चुका है। खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के बाद महिलाओं और पुरुषों की श्रेणियों में सेमीफाइनल के लिए टीमें तय हो गई हैं। टूर्नामेंट अब खिताब की होड़ में और ज्यादा प्रतिस्पर्धी होता जा रहा है।

**महिला वर्ग:**

तमिलनाडु 3-1 कर्नाटक

तमिलनाडु की ओर से चित्रा (18'), रसना सुरेश बाबू (22') और सौम्या (39') ने शानदार गोल किए, जबकि कर्नाटक के लिए रोहिणी एमआर (57') ने अंतिम क्षणों में सांत्वना गोल किया।

ओडिशा 10-0 केरल

सरिता लकड़ा (14', 32', 36', 46', 50') ने पांच गोल दागे और प्रमुख स्कोरर रहीं। उनके साथ मिन्ज सरिता रोशन (23', 26', 43') ने हैट्रिक पूरी की और कप्तान लुसेला एक्का (8') व प्रतिमा एक्का (11') ने भी योगदान दिया।

हरियाणा 8-0 हिमाचल प्रदेश

चिंगशुबम संगई इबेमहाल (2', 12', 26', 33') ने चार गोल किए। निशि शिवेंद्र सिंह (4'), सोनिका यादव (8'), कप्तान प्रीतम सिवाच (27') और अंचल वर्मा (54') ने भी एक-एक गोल कर टीम को सेमीफ़ाइनल में पहुंचाया।

पंजाब 13-0 महाराष्ट्र

कप्तान अमनदीप कौर (2', 7',



19', 20', 54') ने पांच गोल किए, जबकि बलजीत कौर मारार (3', 31', 44', 46') ने चार गोल दागे। अन्य गोल संजना शर्मा (23'), अरुण बाला (29'), संगीता मिन्ज (37') और जसप्रीत कौर (58') ने किए।

महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में तमिलनाडु का सामना ओडिशा से और हरियाणा का सामना पंजाब से होगा।

पुरुष वर्ग:

महाराष्ट्र 2-1 कर्नाटक

कर्नाटक के लिए परमेश केएस (15') ने शुरुआत में गोल किया, लेकिन कप्तान धनंजय महाडिक (19') ने बराबरी दिलाई। संदीप गणेश मोरे (39') ने निर्णायक गोल कर महाराष्ट्र को सेमीफ़ाइनल में पहुंचाया।

**चंडीगढ़ 2-2 (एसओ 3-1) हरियाणा**

हरियाणा के लिए विवेक दहिया (29') और जितेंद्र कुमार (47') ने गोल किए, जबकि चंडीगढ़ के रवींद्र सिंह (43', 58') ने दो गोल कर मैच बराबर किया। शूट-आउट में गोलकीपर अरूंदीप संघोत्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन बचाव किए। चंडीगढ़ के लिए रवींद्र सिंह, संजीव कुमार और विक्रम सैनी ने शूट-आउट में गोल कर जीत पक्की की। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में तमिलनाडु का सामना महाराष्ट्र से और ओडिशा का सामना चंडीगढ़ से होगा।

## नीति आयोग ने अपने त्रैमासिक इनसाइट्स फ्यूचर फ्रंट का तीसरा संस्करण जारी किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें सरकारी प्रणालियों में डेटा गुणवत्ता ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि खराब डेटा गुणवत्ता डिजिटल शासन, सार्वजनिक विश्वास और सेवा वितरण को कमजोर कर सकती है। नीति आयोग ने एक बयान में कहा कि आयोग ने अपनी तिमाही अंतर्दृष्टि श्रृंखला फ्यूचर फ्रंट का तीसरा संस्करण जारी किया है। इसका शीर्षक है- भारत की डेटा अनिवार्यता = गुणवत्ता पर बल। ये रिपोर्ट डिजिटल शासन को मजबूत करने, जनता का विश्वास बढ़ाने और कुशल सेवा वितरण सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से मजबूत डेटा गुणवत्ता की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। इस रिपोर्ट में खराब डेटा गुणवत्ता से उत्पन्न व्यापक चुनौतियों की आलोचनात्मक जांच की गई है। रिपोर्ट में व्यावहारिक, उपयोग में आसान उपकरण प्रस्तुत किए गए हैं, जैसे डेटा गुणवत्ता विशेषताओं को मापने और ट्रैक करने के लिए डेटा-गुणवत्ता स्कोरकार्ड तथा स्व-मूल्यांकन और रोडमैप विकास के लिए डेटा-गुणवत्ता परिपक्वता फ्रेमवर्क। इसके विमोचन के अवसर पर नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग और नीति आयोग की प्रतिष्ठित फेलो देबजानी घोष सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने इस बारे में अपने विचार साझा किए।

## अमेरिका और ईयू के साथ जल्द ही व्यापार समझौते संपन्न होने की उम्मीद : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है, जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। वित्त मंत्री ने राजधानी नई दिल्ली में एक्जिम बैंक ट्रेड कॉन्क्लेव 2025 के दौरान विकसित भारत के लिए निर्यातोन्मुख विकास विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर कर लिए हैं, जबकि ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है इंडिया एक्जिम बैंक के व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिक मुक्त व्यापार समझौते करने पर जोर दिया जा रहा है। सीतारमण ने कह कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में बेहद तेजी से जारी है और जल्द ही निष्कर्ष पर पहुंच जाएगी। वर्ष 2030 तक 2,000 अरब अमेरिकी डॉलर के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

## रुपया 74 पैसे मजबूत

**मुंबई।** इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम समझौते की घोषणा के बाद दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुक़ाबले डॉलर के लुढ़कने की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 74 पैसे मजबूत होकर 86.05 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 86.79 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया 72 पैसे की बढ़त के साथ 86.07 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और




सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की डॉलर बिकवाली की बदौलत 85.92 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली होने से यह 86.27 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 86.79 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 74 पैसे मजबूत होकर 86.05 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

## नागर विमानन महानिदेशालय के तहत बनाया जाएगा हेलीकाप्टर निदेशालय : नायडू

**पुणे।** नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के तहत एक हेलीकाप्टर सेवाओं पर केंद्रित निदेशालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में भविष्य के विमानन सेवा परिवेश में हेलीकॉप्टरों और छोटे विमानों को बढ़ावा दिया जाएगा। श्री नायडू यहां नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार, पवन हंस और फिक्की के सहयोग से आज 7वें हेलीकॉप्टर और छोटे विमान शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ' मेरा मानना है कि विमानन का अगला दशक न केवल बड़े विमानों और मेगा हवाई अड्डों से बल्कि आधुनिक और समावेशी हवाई समाधानों का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, हेलीकॉप्टर और छोटे विमानों की उड़ानों को लोकतांत्रिक बनाना हमारे मिशन के केंद्र में हैं।

# भारत अगले 3 वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर: पीयूष गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और उम्मीद है कि अगले तीन वर्षों में यह लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि 2027 तक हमें दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि सभी हितधारक- सरकार, व्यापार समुदाय, उद्योग, व्यापार और 140 करोड़ भारतीय, प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण से गहराई से जुड़े हुए हैं। मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित वेबिनार में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने वृद्धिशील प्रगति पर नहीं, बल्कि परिमाणात्मक परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित किया है और इसने न केवल विकास पर



बल्कि इंक्लूसिव, सस्टेनेबल और ऑनेस्ट ग्रोथ पर ध्यान केंद्रित किया है। इस वेबिनार का विषय'भारत का 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर कदमः वैश्विक चुनौतियों का सामना करना'था। भारत की आर्थिक मजबूती को लेकर केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि देश कमजोर पांच अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। उन्होंने कहा, हमारे पास मजबूत मैक्रोइकॉनोमिक आधार है। हमारी बैंकिंग प्रणाली मजबूत और सुदृढ़ है, जिसमें उधार देने की उच्च क्षमता है। हमारी मुद्रास्फीति भारत में अब तक देखी गई सबसे कम मुद्रास्फीति में से एक है, जो कि फिर से 3 प्रतिशत तक नीचे आ गई है। सरकार ने भारतीय विकास के अनुरूप विकास हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया है तथा वह सेवा, सुशासन और नवाचार में विश्वास रखती है।केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने भारतीय कहानी के लिए संतुलित विकास हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जो 'सेवा, सुशासन और नवाचार् में विश्वास करती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में अमृत काल के दौरान एमसीसीआई बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। इस तरह के संवाद सरकार को यह समझने में मदद करते हैं कि वैश्विक अस्थिरता, अशांति और अनिश्चितता के बावजूद उद्योगों का समर्थन करने के लिए क्या करने की आवश्यकता है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के सीईओ ने वित्त मंत्री को सौंपा 2762 करोड़ रुपये का लाभांश चेक



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2762 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के एमडी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) देबदत्त चंद से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2762 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त किया। इस अवसर पर मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू और बीओबी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## एसडीजी इंडेक्स में टॉप 100 देशों की लिस्ट में भारत की एंट्री, रैंक में हुआ सुधार

एजेंसी

**नई दिल्ली** । भारत ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल (एसडीजी) को प्राप्त करने में प्रगति करने वाले 167 देशों की लिस्ट में पहली बार टॉप 100 में आने के साथ अपनी स्थिति मजबूत की है। एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क (एडीएसएन) द्वारा जारी सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट (एसडीआर) के 10वें एडिशन के अनुसार, भारत 2025 एसडीजी इंडेक्स में 67 अंकों के साथ 99वें स्थान पर है। अमेरिका इस लिस्ट में 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर है। 2015 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों द्वारा अपनाए जाने के बाद से सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट (एसडीआर) प्रत्येक वर्ष एसडीजी पर हुई प्रगति की समीक्षा करती है। स्पेन में चौथे इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेवलपमेंट (एफएफफॉरडी) से पहले एसडीआर के इस 10वीं वर्षगांठ संस्करण में ग्लोबल फाइनेंशियल आर्टिटेक्चर (जीएफए) में तत्काल सुधारों की रूपरेखा दी गई है और इसमें पहली बार यह आकलन



भी शामिल है कि किन देशों ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल पर सबसे ज्यादा प्रगति की।लेटेस्ट एसडीआर के अनुसार, चुनौतियों के बावजूद भी संयुक्त राष्ट्र के अधिकांश सदस्य देशों में प्रतिबद्धता उच्च बनी हुई है। एसडीएसएन के अध्यक्ष और रिपोर्ट के लेखक प्रोफेसर जेफरी डी. ने कहा, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक असमानताओं और जलवायु संकट के बीच, इस वर्ष की एसडीआर इस बात को रेखांकित करती है कि दुनिया शांति, समानता और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल को बड़े पैमाने पर मान्यता देती है। उन्होंने कहा, कई देश महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं, लेकिन शिक्षा, ग्रीन टेक्नोलॉजी और डिजिटल सॉल्यूशन में निवेश बढ़ाकर और भी बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। सबसे बढ़कर, हमें एसडीजी हासिल करने के लिए शांति और वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। एसडीआर में एसडीजी इंडेक्स और डैशबोर्ड शामिल हैं, जो 17 लक्ष्यों के संदर्भ में सभी यूएन सदस्य देशों के प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग देते हैं। इस वर्ष की रिपोर्ट में एक नया इंडेक्स (एसडीजीआई) शामिल है, जो समय के साथ समग्र एसडीजी प्रगति को ट्रैक करने के लिए 17 मुख्य संकेतकों पर ध्यान केंद्रित करता है।

## ईपीएफओ ने एडवांस क्लेम के लिए ऑटो-सेटलमेंट सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपए किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एडवांस क्लेम के लिए ऑटो-सेटलमेंट सीमा को मौजूदा 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया है। अब 72 घंटों के भीतर फास्ट-ट्रैक वितरण किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, यह कदम सदस्य सेवाओं को बढ़ाने के प्रयासों में महत्वपूर्ण है। इस कदम से लाखों ईपीएफओ सदस्यों को, खासकर तत्काल जरूरत के समय, जल्दी धन प्राप्त करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2024-25 में, ईपीएफओ ने ऑटो-सेटलमेंट के माध्यम से रिकॉर्ड 2.32 करोड़ एडवांस क्लेम को सफलतापूर्वक प्रोसेस कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 161 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2023-24 में, क्लेम का लगभग 70 प्रतिशत है। यह वृद्धि ईपीएफओ के स्वचालन पर मजबूत फोकस और अपने सदस्यों को तेज, अधिक कुशल सेवाएं प्रदान करने




ईपीएफओ ने ऑटो-सेटलमेंट के माध्यम से 89.52 लाख एडवांस क्लेम को प्रोसेस किया था। 2024-25 में सभी एडवांस क्लेम में से 59 प्रतिशत का निपटान ऑटो मोड के माध्यम से किया गया। इस वृद्धि को जारी रखते हुए, वित्त वर्ष 2025-26 के पहले ढाई महीनों में, ईपीएफओ ??ने पहले ही 76.52 लाख क्लेम का स्वतः निपटान कर दिया है, जो अब तक निपटाए गए सभी एडवांस पर प्रकाश डालती है।ईपीएफओ ने सदस्यों को त्वरित वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कोरोना महामारी के दौरान एडवांस क्लेम का स्वतः निपटान शुरू किया था। तब से इस सुविधा को बीमारी, शिक्षा, विवाह और आवास उद्देश्यों के लिए एडवांस क्लेम को कवर करने के लिए बढ़ाया गया है। इन क्लेम को बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सिस्टम द्वारा स्वचालित रूप से प्रोसेस किया जाता है।

# वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है भारत की अर्थव्यवस्था : रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली** । भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। इसकी वजह सामान्य से अधिक मानसून और मौद्रिक नीति में नरमी आना है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया कि घरेलू मांग में मजबूती, भारत जैसी अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक मंदी को सीमित करने में बड़ा योगदान देगी। साथ ही निर्यात पर देश की कम निर्भरता से भी अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं पर जारी रिपोर्ट में कहा गया, हम वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद करते हैं। इस पूर्वानुमान में सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतें, आयकर में छूट और मौद्रिक नीति में नरमी को शामिल किया गया है रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में कम होती खाद्य महंगाई से मुख्य




महंगाई को कम रखने में मदद मिलेगी। भारत में थोक महंगाई दर मई में 14 महीनों के निचले स्तर 0.39 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि अप्रैल में 0.85 प्रतिशत थी और मार्च में यह 2.05 प्रतिशत थी। वहीं, भारत की खुदरा महंगाई दर मई में कम होकर 2.82 प्रतिशत हो गई है, जो कि पिछले साल मई में 4.8 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई दर का यह फरवरी 2019 के बाद सबसे निचला स्तर था। इस साल अप्रैल में खुदरा महंगाई दर 3.16 प्रतिशत थी। महंगाई में कमी का कारण खाद्य महंगाई का कम होकर 0.99 प्रतिशत होना, जो कि अक्टूबर 2021 के बाद सबसे निचला स्तर है। खाद्य महंगाई दर बीते सात महीने से लगातार कम हो रही है। इसकी वजह कृषि उत्पादन का बढ़ना है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बीते आरबीआई ने 2025-26 के लिए महंगाई के अपने पूर्वानुमान को भी 4 प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है उन्होंने कहा, सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए और सामान्य मानसून को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति अब 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अनुसार, कई क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं ने मजबूत घरेलू मांग के कारण 2025 में अच्छी शुरुआत की है। कई अर्थव्यवस्थाओं को टैरिफ से पहले अमेरिका को निर्यात के एडवांस लोडिंग से अस्थायी रूप से बढ़ावा मिला है।

## डीआरआई ने 18.2 करोड़ रुपये मूल्य की 92.1 लाख विदेशी सिगरेट जब्त की




एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने चेन्नई में लगभग 18.2 करोड़ रुपये मूल्य की 92 लाख से अधिक विदेशी सिगरेट जब्त की है। डीआरआई के अधिकारियों को दुबई से बाथरूम और सैनिटरी फिटिंग की आड़ में विदेशी मूल की सिगरेट की तस्करी किये जाने की खुफिया सूचना मिली थी। इस पर डीआरआई की चेन्नई जोनल यूनिट के अधिकारियों ने 23 जून को जे-मातादी एफटीडब्ल्यूजेड (विदेशी व्यापार गोदाम क्षेत्र) जाने वाले एक कंटेनर को पकड़ा। इसी कंटेनर से लगभग 18.2 करोड़ रुपये मूल्य की 92.1 लाख विदेशी सिगरेट जब्त की गई। वित्त मंत्रालय के मुताबिक विस्तृत जांच से पता चला कि उक्त कंटेनर में घोषित माल के बजाय मैनचेस्टर यूनाइटेड किंगडम, मैनचेस्टर यूनाइटेड किंगडम स्पेशल एडिशन और मैक आइस सुपरस्लिम्स कूल ब्लास्ट जैसे विभिन्न ब्रांडों की विदेशी मूल की सिगरेट थीं। डीआरआई ने सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित सामान को जब्त कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

# सेना की आतंकवाद निरोधक क्षमता बढ़ेगी, दो हजार करोड़ के हथियार खरीदे जाएंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के लिए लगभग दो हजार करोड़ रुपये की लागत से 13 तरह की हथियार प्रणालियां खरीदी जाएंगी। केंद्र सरकार ने आपातकालीन खरीद के तहत 1,981 करोड़ रुपये के 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन उपकरणों की डिलीवरी 12 महीनों के भीतर पूरी हो जाएगी। ये हथियार विशेष रूप से सेना की आतंकवाद विरोधी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने आतंकवाद के खिलाफ अभियानों में भारतीय सेना की परिचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आपातकालीन खरीद व्यवस्था के अंतर्गत 13 अनुबंधों को अंतिम रूप दिया है। भारतीय सेना के लिए 2,000 करोड़ रुपये के कुल स्वीकृत परिव्यय में से 1,981.90 करोड़



रुपये की राशि के इन अनुबंधों को अंतिम रूप दिया गया है। आपातकालीन खरीद व्यवस्था के अंतर्गत फास्ट-ट्रैक प्रक्रियाओं के माध्यम से निष्पादित इस खरीद का उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ अभियानों में तैनात सैनिकों के लिए मारक क्षमता, गतिशीलता और सुरक्षा को बढ़ाना है। तेजी से क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए इस अधिग्रहण को कम समय सीमा में पूरा किया गया। खरीदे जाने वाले प्रमुख उपकरणों में एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम (आईडीडीआईएस), निम्न स्तर के हल्के वजन वाले रडार (एलएलएलआर), बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) लांचर और मिसाइल, दूर से संचालित हवाई वाहन, वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग सिस्टम सहित लोइटरिंग म्यूनिशन, विभिन्न श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट, बैलिस्टिक हेलमेट, त्वरित प्रतिक्रिया लड़ाकू वाहन (भारी और मध्यम), राइफलों के लिए रात्रि दृष्टि शामिल हैं। यह खरीद भारतीय सेना को उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक और पूरी तरह से स्वदेशी प्रणालियों से लैस करने की मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह आपातकालीन खरीद व्यवस्था तत्काल क्षमता अंतराल को पाटने और महत्वपूर्ण परिचालन उपकरणों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# मुकेश अंबानी ने दूरसंचार उद्योग में कदम रखने के फैसले को बताया जीवन का 'सबसे बड़ा जोखिम'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने 2016 में रिलायंस जियो के साथ दूरसंचार उद्योग में कदम रखने के फैसले को अपने जीवन का 'सबसे बड़ा जोखिम' बताया है। फिर भी उन्होंने डिजिटल भारत के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए यह निर्णय लिया। वैश्विक प्रबंधन परामर्श कंपनी 'मैकिन्से एंड कंपनी' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 4-जी मोबाइल नेटवर्क शुरू करने में अपने स्वयं के अरबों डॉलर का निवेश किया था। इसको लेकर कुछ विश्लेषकों का कहना था कि यह वित्तीय रूप से सफल नहीं हो सकता है, क्योंकि भारत सबसे उन्नत डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए तैयार नहीं है। इस पर मैंने अपने निदेशक मंडल से कहा कि सबसे खराब स्थिति यह होगी कि हमें ज्यादा 'रिटर्न' नहीं मिलेगा। रिलायंस के रूप में यह भारत में हमारा अब तक का सबसे बड़ा परोपकारी काम होगा, क्योंकि हम भारत का डिजिटलीकरण कर देश को पूरी तरह बदल चुके होंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि जियो को 2016 में पेश किए जाने के बाद से जियो ने मुफ्त 'वॉयस कॉल' और बेहद कम लागत वाला डेटा प्रदान करके भारतीय दूरसंचार बाजार में क्रांति ला दी है, जिससे प्रतिस्पर्धियों को कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है और देशभर में तेजी से डिजिटल अपनाने को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि हमारा ये मानना है कि आखिरकार आप इस दुनिया में बिना कुछ लिए आते हैं और बिना कुछ लिए चले जाते हैं। आप जो पीछे छोड़कर जाते हैं, वह एक संस्था है।मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो के आने से पहले भारत में मोबाइल इंटरनेट महंगा था। इसके आने से कीमतों में उतार-चढ़ाव शुरू हुआ, जिससे डेटा की लागत में उल्लेखनीय कमी आई। ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों सहित लाखों भारतीयों के लिए इंटरनेट तक पहुंच सस्ती हो गई। भारत में अब 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं।

## बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 158 अंक उछला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईरान और इजरायल सीजफायर के बाद हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 158.32 अंक यानी 0.19 फीसदी की उछाल के साथ 82,055.11 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 72.45 अंक यानी 0.29 फीसदी की बढ़त के साथ 25,044.35 के स्तर पर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 शेयर में तेजी रही। कारोबार के अंत में अडाणी पोर्ट्स का शेयर 2.6 फीसदी चढ़ा, जबकि अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में 1.5 फीसदी की तेजी दिखी। पावर ग्रिड, एनटीपीसी के शेयर में 1.5 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 36 शेयर में तेजी रही। वहीं, सरकारी बैंकों के शेयरों और मेटल के शेयर में 1.5 फीसदी की तेजी दिखी। हालांकि, मीडिया के शेयर एक फीसदी गिरकर बंद हुआ। ईरान और इजरायल के बीच सीजफायर की खबरों से पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतें घटने की उम्मीद में शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजार में जबर्दस्त उछाल देखा गया। इस लिवाली के दौर में सेंसेक्स एक समय 1,121.37 अंक यानी 1.36 फीसदी उछलकर 83,018.16 अंक तक पहुंच गया था।

# भारत ने एसपीएमईपीसीआई के तहत पोर्टल लॉन्च करके वैश्विक ईवी दिग्गजों के लिए खोले दरवाजे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीएमईपीसीआई) के तहत एक समर्पित पोर्टल शुरू किया है। इससे विदेशी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माता देश में इलेक्ट्रिक यात्री कारें बनाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अनुमोदित आवेदकों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा। केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने यहां मंगलवार को भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीएमईपीसीआई) के तहत इस आवेदन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुमारस्वामी के साथ एमएचआई के सचिव कामरान रिजवी और एमएचआई के अतिरिक्त सचिव डॉ. हनीफ कुरैशी भी मौजूद थे। भारी उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एसपीएमईपीसीआई योजना के तहत इस पोर्टल के शुभारंभ से वैश्विक इलेक्ट्रिक



वाहन निर्माताओं के लिए भारत के तेजी से बढ़ते बाजार में निवेश करने के नए रास्ते खुलेंगे। इस योजना को 15 मार्च, 2024 की अधिसूचना से अधिसूचित किया गया था, जो विस्तृत योजना दिशा-निर्देश बाद में अधिसूचना संख्या एस.ओ. 2450 (ई) दिनांक 02.06.2025 को जारी किए गए थे। अधिसूचना और दिशा-निर्देश मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइटः https://heavyindustries.gov.in/scheme-promote-manufacturing-electric-passenger-cars-india-® पर उपलब्ध हैं। मंत्रालय के मुताबिक इस संदर्भ में योजना के तहत पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं और आवेदक spmepci.heavyindustries.gov.in पर आवेदन मॉड्यूल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पोर्टल 24 जून को सुबह 10.30 बजे से आवेदनों के लिए खुलेगा और 21 अक्टूबर, 2025 को शाम 06 बजे तक खुला रहेगा। उल्लेखनीय है कि यह योजना भारत को इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार की गई है। घरेलू मूल्य संवर्धन लक्ष्यों को अनिवार्य करके, यह योजना 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहलों को और बढ़ावा देगी, साथ ही वैश्विक और घरेलू दोनों कंपनियों को भारत की हरित गतिशीलता क्रांति में सक्रिय भागीदार बनने के लिए सशक्त बनाएगी।

बिरसा टाइम्स देश का सर्वाधिक प्रसारित रविवारीय अखबार है। अपनी खोजपूर्ण तथा विश्लेषणात्मक खबरों के कारण बिरसा टाइम्स ने मीडिया– जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई हैं। वर्ष 1980 से शुरू हुआ बिरसा टाइम्स का सफरनामा इसके पाठकों के निरंतर स्नेह और समर्थन के चलते आज भी उसी तेवर के साथ जारी हैं।

# राँची और दिल्ली के साथ–साथ
# अब
# बिहार, छत्तीसगढ़ तथा उड़ीसा
# से
# प्रकाशित होने जा रहा है।

# बिरसा टाइम्स

देश का सर्वाधिक प्रसारित नंबर–1 रविवारीय अखबार

## जन सम्पर्क विभाग में विशाल भ्रष्टाचार का वट वृक्ष

"जब झारखंड और बिहार एक साथ था तब पांडे अपने पिता के साथ पटना में महावीर मंदिर में साफ–साफाई का काम करता था और पांडे जी के पिता मंदिर के सचिव आईपीएस स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल जी के घर पर पूजा पाठ करते थे एवं महावीर मंदिर में भी काम करते थे और उसी समय अवधेश पांडे बिहार सरकार में दैनिक मजदूर में बहाली होकर धीरे–धीरे आई इ एस पदाधिकारी के घर पर कप–प्लेट साफ कर प्रभारी निदेशक तक पहुंच गए ! श्री पांडे को हिंदी और अंग्रेजी में एक लाइन भी लिखने नहीं आता था ! इनका सारा का सारा फाइल का काम के नीचे वाले अधिकारी लिखते थे और इस काम में उप निदेशक श्री शालिनी वर्मा और वर्तमान में बोकारो के उपायुक्त श्रीअजय नाथ झा सारा फाइल का काम करते थे ! दोनों के दोनों से पांडे के कार्यालय से लेकर आवास तक 11:00 बजे रात तक गुरु मंत्र लेते रहते थे और इसमें अपनी कुशलता से श्री झा ने उपायुक्त पद पर पहुंच गए ! ऐसे पांडे कभी भी अपनी पत्नी को अपने आवास में नहीं रखते थे और पांडे के समय में सिर्फ सिर्फ उसके पिता ही रहते थे और श्री पांडे के समय में जनसंपर्क विभाग में भ्रष्टाचार का पेड़–पौधा लगन ! शुरू हुआ और अब वर्तमान में जनसंपर्क विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा बरगद का पेड़ हो चुका है।





बिरसा टाइम्स देश का विश्वास पत्रकारिता के उन मूल्यों में हैं जो आम आदमी की चिंताओं और सरोकारों को आवाज देते हैं। इसीलिए बिरसा टाइम्स लोगो के बीच इस लम्बी यात्रा में भी अपनी विश्वसनीयता बरकरार रखने में कामयाब रहा है। अपने खास कंटेंट, गंभीर राजनैतिक विश्लेषण, अलग अंदाज और सुन्दर छपाई के चलते बिरसा टाइम्स को सम्मान–जनक स्थान मिला हैं। शायद इसीलिए बिरसा टाइम्स के पाठक वे युवा और संवेदनशील लोग हैं जो न केवल देश के बारे में सोचते हैं बल्कि देश के लिए कुछ करने का जज़्बा भी रखते हैं।

सत्य और निष्पक्ष समाचारों के लिए पढ़ें !

सम्पर्क सूत्र :–

aadivasiexpress@gmail.com
birsatimes@gmail.com
8084674042
6202611859
8084674042